सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 01 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 266, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 97 अंकों की गिरावट

मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें दिन भी गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 97 अंक और निफ्टी में 24 अंक की गिरावट रही। } 14

## स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे मोदी

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। } 14

### नवम-सिद्धिदात्री



सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमसुरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।
नवरात्र के नौवें दिन दुगार्जी के नौवें स्वरूप मां सिद्धदात्री की पूजा और अर्चना का विधान है। जैसा कि इनके नाम से ही स्पष्ट हो रहा है कि सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली देवी हैं मां सिद्धदात्री। ऐसा विश्वास है कि इनकी पूजा पूरे विधि विधान के साथ करने वाले उपासक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इनके चार हाथ हैं और ये कमल पुष्प पर विराजमान हैं। वैसे इनका वाहन भी सिंह ही है। इनके दाहिनी ओर के नीचे वाले हाथ में चक्र है और ऊपर वाले हाथ में गदा है। बाईं ओर के नीचे वाले हाथ में कमल का फूल है।

## चेन्नई में थर्मल पावर स्टेशन का ढांचा गिरा, नौ की मौत

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया शोक

एजेंसी

चेन्नई। उत्तर चेन्नई थर्मल पावर स्टेशन पर निमार्णाधीन ढांचा गिरने से नौ मजदूरों की मौत हो गई और कई घायल हुए। घायलों का इलाज स्टैनली अस्पताल में चल रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता की घोषणा की है। उत्तर चेन्नई थर्मल पावर स्टेशन के निर्माण स्थल पर सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार निमार्णाधीन ढांचा गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई श्रमिकों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को तत्काल उत्तर चेन्नई स्थित स्टैनली सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर शोक जताया और मुआवजे का एलान किया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में प्रभावित परिवारों के साथ उनकी संवेदनाएं हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। इस घटना में कई ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बिहार विधानसभा चुनाव से पहले अंतिम मतदाता सूची जारी

### पटना में जुड़े 1 लाख 63 हजार नये मतदाता, 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 65 लाख नाम हटाये गये

एजेंसी

पटना। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के तहत दावे और आपत्तियों पर विचार करने के बाद बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी।

बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आयोग को टैग करते हुए अपने फेसबुक पेज पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, विशेष गहन पुनरीक्षण के आलोक में 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। लोग संबंधित लिंक पर क्लिक कर अपने नाम देख सकते हैं। हालांकि, राज्यभर का अंतिम आंकड़ा अभी आना बाकी है। मसौदा सूची में मतदाताओं की संख्या 7.24 करोड़ थी, जिसमें अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत पाए गए करीब 65 लाख नाम हटाए गए थे। इसी बीच, पटना जिला प्रशासन ने एक




बयान जारी कर बताया कि जिले के 14 विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 48.15 लाख है। यह संख्या एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची की तुलना में 1.63 लाख अधिक है। जिले में महिला मतदाताओं की संख्या 22.75 लाख है और दीघा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 4.56 लाख मतदाता दर्ज हैं। बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा जल्द होने की संभावना है। इस बीच, देशव्यापी स्तर पर किए जाने वाले आयोग के इस एसआईआर अभियान ने विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि यह प्रक्रिया उन मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाने के लिए की जा रही है जो सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट नहीं देंगे। कुछ दलों ने इस मामले को उच्चतम न्यायालय में भी उठाया है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा नेताओं का कहना है कि एसआईआर घुसपैठियों को बाहर करने के लिए जरूरी है, जिन्हें कथित तौर पर विपक्षी इंडिया गठबंधन बचाना चाहता है और मताधिकार दिलाना चाहता है।

### संक्षेप

## लेह कर्फ्यू में 7 घंटे की ढील

लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह शहर में मंगलवार सुबह 10 बजे से कर्फ्यू में सात घंटे की ढील दी गई जिसके बाद बाजार धीरे-धीरे खुल गए और सप्ताह भर से लगे प्रतिबंधों से जूझ रहे लोगों को राहत मिली। इससे पहले सोमवार को शाम चार बजे से दो घंटे के लिए प्रतिबंधों में ढील दी गई थी। यह 24 सितंबर को प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच व्यापक झड़पों में जान गंवाने वाले एक सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी सहित चार लोगों के अंतिम संस्कार के तुरंत बाद किया गया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, पिछले बुधवार को हुई हिंसा को छोड़कर, कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की बड़ी संख्या में तैनाती की गई है और वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी रख रहे हैं। मंगलवार को कर्फ्यू में पहले सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक ढील दी गई थी और बाद में इसे बढ़ा दिया गया। अधिकारी... शेष पृष्ठ 14 पर

## गायत्री प्रजापति पर बंदी ने किया हमला

लखनऊ। लखनऊ जेल में मंगलवार को पूर्व मंत्री और सजायाफ्ता कैदी गायत्री प्रसाद प्रजापति पर एक बंदी ने हमला कर दिया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक विवाद उस समय हुआ जब बंदी सफाई कर रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि बहस बढ़ने पर बंदी ने प्रजापति पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में चोट आई है। हालांकि जेल प्रशासन का कहना है कि मामला गंभीर नहीं है और कैंची से वार किए जाने की पुष्टि नहीं हुई है। जेल सूत्रों के अनुसार, बंदी अपनी सफाई ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान गायत्री प्रजापति से उसका किसी बात पर विवाद हो गया। कहा जा रहा है कि प्रजापति ने उसे गाली दी, जिसके बाद झगड़ा बढ़ गया।

# बरेली में दंगाइयों के ठिकानों पर चला बुलडोजर

### मौलाना तौकीर रजा के समर्थकों पर कसा शिकंजा, अब तक 73 गिरफ्तार, अवैध चार्जिंग स्टेशन ढेर, बारातघर सील

एजेंसी

बरेली। बरेली में आई लव मुहम्मद विरोध प्रदर्शन के दौरान पथराव और हिंसा के मामले में पुलिस ने कुछ और गिरफ्तारियां की हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों को मीडिया के सामने पेश किया गया जहां उन्होंने खुद को निर्दोष बताया। मामले में अब तक कुल 73 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बरेली बवाल के मामले में मंगलवार को बीडीए और नगर निगम की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। शहर के बानखाना में सपा पार्षद उस्मान रजा के अवैध चार्जिंग स्टेशन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। उधर, नरियावल में मौलाना तौकीर के करीबी शराफत का बरातघर सील किया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में हर आयुवर्ग के लोग हैं। जोकि हाथ जोड़ माफी की मुद्रा में नजर आ रहे हैं। इन लोगों से जब इस मामले को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि हम लोग शामिल नहीं थे। जानकारी के लिए बताते चलें कि मामले में अब तक कुल 73 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उपद्रव के लिए बाहर के लोगों को बुलाया गया था। पुलिस ने इस बात की पुष्टि कर दी है। भीड़ में शामिल होने वाले कई लोगों को पुलिस ने चिह्नित भी कर लिया है। जल्द ही उनका भी नाम इस मामले में प्रकाश में लाया जाएगा। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि, हमारी





लोकल इंटेलीजेंस, एसओजी व पुलिस की टीम के इनपुट से यह स्पष्ट है कि उपद्रवियों की भीड़ में बाहर के भी कई लोग शामिल थे। उन्हें खासकर इसी उपद्रव के लिए बुलाया भी गया था। ऐसे कई लोगों को चिह्नित किया गया है। जिन्होंने पुलिस पर फायरिंग भी की थी। इसमें सर्विलांस टीमें भी लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे जनपदों के उपद्रवियों को गिरफ्तार करने के लिए यदि उन्हें दूसरे जिले की पुलिस का सहारा लेना पड़ा तो वह उनका सहारा भी लेंगे, लेकिन किसी भी उपद्रवी को छोड़ा नहीं जाएगा। इन्हीं मामलों में बाहर के उपद्रवियों का नाम भी प्रकाश में लाया जाएगा। जिससे उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। हजियापुर में बांटे गए थे तमंचे, चाकू घटना की एक रात पहले ही हजियापुर में उपद्रवियों को तमंचे, चाकू आदि बांटे गए थे। उन्हें स्पष्ट निर्देशित किया गया था कि शहर में उपद्रव करना है। पुलिस ने जब इस मामले में ...शेष पृष्ठ 14 पर

### नमाज के बाद भीड़ जुटाकर रसूख दिखाना चाह रहा था तौकीर रजा

बरेली। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा नमाज के बाद भीड़ जुटाकर रसूख दिखाना चाह रहा था। मौलाना के बेहद खास पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम खां ने पुलिस को बताया कि मौलाना बरेली में डेढ़ साल से अपने बूते भीड़ नहीं जुटा पाने से चिंतित था। वह मजहब की आड़ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुसलमानों के बीच पैठ बनाकर उनका रहनुमा बनना चाहता था। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां शुक्रवार की नमाज के बाद इस्लामिया मैदान में बड़ी संख्या में भीड़ जुटाकर अपना रसूख दिखाना चाह रहा था। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस रहे राजनीतिक दलों को भी अपना दमखम दिखाना था।

## उत्तराखंड में अशांति फैलाने वालों के लिए कोई जगह नहीं

### मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अराजकता फैलाने वालों को मिलेगी कठोर सजा

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। काशीपुर के बाद अब राजधानी देहरादून में साम्प्रदायिक तनाव भड़काने की साजिश सामने आने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कड़ा रुख दिखाया है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि देवभूमि उत्तराखंड गंगा-यमुना, चारधाम और आदि कैलाश जैसे आस्था स्थलों की पावन भूमि है, यहां अशांति फैलाने वाले तत्वों के लिए कोई जगह नहीं है।

मुख्यमंत्री धामी ने चेतावनी दी कि त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के बीच माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को किसी भी हाल में नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें बार-बार समाज में नफरत फैलाने, दंगा भड़काने और लोगों को



आपस में बांटने का षड्यंत्र रच रही हैं। ये वही लोग हैं, जिन्हें एकजुट और मजबूत भारत रास नहीं आ रहा। तुष्टिकरण की राजनीति पर आश्रित ये ताकतें शांति भंग कर विकास की राह में रोड़े अटकाना चाहती हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड शांति और आस्था की धरती है, यहां अराजकता फैलाने वालों को कठोर सजा मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने दंगा विरोधी कड़ा कानून बनाया है। इसके तहत अशांति फैलाने वालों पर कठोरतम कार्रवाई होगी और सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने की भरपाई उन्हीं से करायी जाएगी। पटेलनगर के लालपुल क्षेत्र में 29 सितंबर की देर रात अचानक भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने धार्मिक नारेबाजी कर सड़क जाम करने और माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लाठीचार्ज कर स्थिति काबू में की और उपद्रवियों को खदेड़ दिया। इसके बाद शहर के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया। घटना की पृष्ठभूमि सोशल मीडिया पर डाले गये धार्मिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रंप की गाजा संघर्ष समाप्ति योजना को मोदी ने सराहा

### फलस्तीन और इजराइल के साथ ही पूरे पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक शांति, सुरक्षा और विकास को मिलेगी गति

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा संघर्ष को समाप्त कराने संबंधी योजना का मंगलवार को स्वागत किया, साथ ही कहा कि यह फलस्तीन और इजराइल के लोगों के साथ-साथ पूरे पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है।

दरअसल ट्रंप ने इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष को समाप्त कराने संबंधी एक योजना की घोषणा की और इस दौरान इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी मौजूद थे। अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने आशा व्यक्त की कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रंप की पहल के लिए एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने तथा शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे। ट्रंप और नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि वे गाजा में युद्ध समाप्त करने की योजना पर सहमत हो गए हैं लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि हमास इन शर्तों को स्वीकार करेगा या नहीं। मोदी ने अपने पोस्ट में कहा, हम गाजा में संघर्ष को समाप्त कराने संबंधी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप की एक व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। यह फलस्तीनी और इजराइली लोगों के साथ-साथ व्यापक पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थायी शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है।


फाइल फोटो



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 25.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- स्पीड पोस्ट की डिलीवरी अब ओटीपी से (पृष्ठ-02)
- अक्टूबर से दिसंबर तक खरीदे जायेंगे श्रीअन्न (पृष्ठ-02)
- रुपया चार पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- 1.20 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया सोना (पृष्ठ-14)
- 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — एक-दूसरे की चुनौतियों का सम्मान करते हुए एक साथ मिलकर नयी प्रणालियां बनायें सेनाएं

## अस्तित्व के लिए भी अहम है तीनों सेनाओं का एकीकरण: राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित एकीकृत, तत्क्षण अभियानगत समन्वय के साथ तीनों सेनाओं का तालमेल निर्णायक परिणाम देने का एक जीवंत उदाहरण है।

और इसे भविष्य की सभी सैन्य कार्वाइयों के लिए मानक बनना चाहिए। एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार भारतीय वायु सेना की एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली ने सेना की आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली और भारतीय नौसेना की त्रिगुण के साथ मिलकर काम किया और यह भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई तक चले संघर्ष के दौरान संयुक्त अभियान की रीढ़ बना। तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के महत्व को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि



एकजुटता का मार्ग संवाद, समझ और परंपराओं के प्रति सम्मान में निहित है। उन्होंने कहा कि सेनाओं को एक-दूसरे की चुनौतियों का सम्मान करते हुए एक साथ मिलकर नई प्रणालियां बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद तीनों सेनाओं के एकीकरण को और बढ़ावा देना है और यह न केवल नीतिगत मामला है, बल्कि तेजी से बदलते सुरक्षा माहौल में अस्तित्व का मामला भी है। सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, तीनों सेनाओं के तालमेल ने एक एकीकृत, तत्क्षण संचालन की तस्वीर तैयार की। इसने कमांडरों को समय पर निर्णय लेने, स्थितिजन्य जागरूकता बढ़ाने और अपने नुकसान के जोखिम को कम करने में सक्षम बनाया। यह निर्णायक परिणाम देने वाली एकजुटता का जीवंत उदाहरण है और यह सफलता भविष्य के सभी अभियानों के लिए एक मानक बननी चाहिए। सिंह भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युद्ध के बदलते स्वरूप और पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक खतरों के जटिल अंतर्संबंध के कारण, संयुक्तता एक विकल्प के बजाय एक प्रमुख अभियानगत आवश्यकता बन गई है। रक्षा मंत्री ने कहा, आज संयुक्तता हमारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बीसीसीआई ने मोहसिन नकवी को एसीसी की बैठक में घेरा

### भारत को एशिया कप की ट्रॉफी सौंपी जानी चाहिए

एजेंसी

दुबई। भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी नकवी के हाथों से लेने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पुरस्कार समारोह बिना विजेता ट्रॉफी सौंपे समाप्त कर दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद ट्रॉफी के बिना खिताब जीतने का जश्न मनाया था।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान एशिया कप की विजेता ट्रॉफी भारतीय टीम को नहीं सौंपने पर कड़ा विरोध जताया है। बीसीसीआई ने इस दौरान एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को घेरा। भारत ने रविवार को फाइनल में पाकिस्तान को हराकर नौवीं बार इस टूनार्मेंट का खिताब जीता था।

भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी नकवी के हाथों से लेने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पुरस्कार समारोह बिना विजेता ट्रॉफी सौंपे समाप्त कर दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद ट्रॉफी के बिना खिताब जीतने का जश्न मनाया था। बाद में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया था कि नकवी ट्रॉफी को अपने साथ होटल के ...शेष पृष्ठ 14 पर




# विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी, लखनऊ (अयोध्या रोड) के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. गौरव जैन, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं फातिमा हॉस्पिटल, लखनऊ और अरिहंत क्लिनिक, लखनऊ थे। यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के प्रेरणा से



हुआ। इस कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. नीता पसरीचा, सभी फैकल्टी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में डॉ. जैन ने विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों को हृदय रोगों के सामान्य लक्षणों की पहचान करने और समय पर चिकित्सक से परामर्श लेने की महत्ता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. (कर्नल) राजेश कुमार गुप्ता, प्रभारी मेडिकल ओपीडी, बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, ने उपस्थित लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की। डॉ. गुप्ता ने स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनाव नियंत्रण को हृदय रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में कॉलेज की फैकल्टी तथा छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य भावी दंत चिकित्सकों में हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने मरीजों को समग्र स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देने के लिए प्रेरित करना था।

# स्पीड पोस्ट की डिलीवरी अब ओटीपी से, देना होगा शुल्क

## स्पीड पोस्ट दस्तावेजों के लिए शुल्क में भी संशोधन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डाक विभाग में बुधवार से नए बदलाव हो रहे हैं। स्पीड पोस्ट सेवा को उन्नत किया जाएगा। डिजिटलीकरण के इस युग में रीयल-टाइम ट्रैकिंग और ओटीपी आधारित डिलीवरी के साथ, स्पीड पोस्ट पहले से कहीं अधिक सुरक्षित, संरक्षित, स्मार्ट और नागरिक-अनुकूल बन रहा है। अब 'रजिस्ट्रीकरण' या 'रजिस्ट्रीकृत डाक' से प्रेषिती विनिर्दिष्ट डिलिवरी के लिए स्पीड पोस्ट डाक-वस्तु (दस्तावेज और पार्सल) के लिए मूल्यवर्धित सेवा उपलब्ध होगी। उत्तर गुजरात परिक्षेत्र, अहमदाबाद के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग के इस बदलाव के तहत 1 अक्टूबर से स्पीड पोस्ट के लिए संशोधित टैरिफ संरचना के साथ लागू होगी।

पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि नई प्रणाली के तहत, स्पीड पोस्ट दस्तावेज और पार्सल, कानूनी दस्तावेजों और वैधानिक संचार सहित सभी प्रकार की उत्तरदायी वस्तुओं की डिलीवरी के लिए एक मूलभूत सेवा के रूप में काम करेंगे। अब, बुकिंग के दौरान प्रेषक की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुसार स्पीड पोस्ट सेवा या तो पता-विशिष्ट होगी या प्राप्तकर्ता-विशिष्ट होगी। रजिस्ट्रेशन सुविधा केवल प्राप्तकर्ता-विशिष्ट डिलीवरी के लिए 05 प्रति वस्तु (जीएसटी अतिरिक्त) के पूरक मूल्य-वर्धित विकल्प के रूप में प्रदान की जाएगी। स्पीड पोस्ट वस्तुओं पर बीमा सुविधा हमेशा की तरह जारी रहेगी। 01 अक्टूबर 2025 से स्पीड पोस्ट दस्तावेज और पार्सल में मूल्य-वर्धित सेवा के रूप में ओटीपी आधारित डिलीवरी शुरू की जाएगी। ओटीपी आधारित डिलीवरी की सुविधा का लाभ उठाने के लिए ग्राहकों को बुकिंग के समय मूल्यवर्धन शुल्क के रूप में ?05 (जीएसटी अतिरिक्त) का भुगतान करना होगा। यह डिजिटलीकरण के युग में एक बड़ी पहल है। डाक विभाग ने हाल ही में एपीटी 2.0 प्लेटफॉर्म के तहत तकनीकी परिवर्तन किये जिसके कारण ओटीपी-आधारित डिलीवरी की उन्नत ग्राहक-केंद्रित सुविधा चालू होगी, जो क्लाउड-रेडी सिस्टम है। यह कदम लेखादेय डाक वितरण को सुव्यवस्थित करेगा, सेवाओं में ओवरलैप को कम करेगा और बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव सुनिश्चित करेगा। इसके साथ, डाक विभाग ने बुधवार से स्पीड पोस्ट दस्तावेजों के लिए शुल्क में भी संशोधन किया है। नई दरें (जीएसटी को छोड़कर) पहले 50 ग्राम के लिए इंट्रा-सिटी डिलीवरी के लिए ?19 और शेष भारत के लिए ?47 होंगी। इसके बाद, दूरी और वजन के आधार पर, डाक विभाग की ओर से राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित दर संरचना लागू होगी। हालांकि, भारत के भीतर सबसे लंबे रूट डिलीवरी के साथ 500 ग्राम तक वजन वाले स्पीड पोस्ट दस्तावेज के लिए अधिकतम शुल्क ?93 (जीएसटी अतिरिक्त) होगा। अद्यतन स्पीड पोस्ट दरें बाजार उन्मुख, पारदर्शी और जीएसटी से स्पष्ट रूप से अलग हैं। ई-कॉमर्स व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए, जो उपभोक्ता न्यूनतम ?9 लाख का मासिक व्यवसाय प्रदान करते हैं तो उन सभी उपभोक्ताओं के लिए बुकिंग राशि पर 10% से 50% तक की छूट उपलब्ध है। गौरतलब है कि भारतीय डाक ने 1 अगस्त, 1986 को पत्रों और पार्सलों की समयबद्ध, कुशल और सुरक्षित डिलीवरी सेवा के रूप में अपनी स्पीड पोस्ट सेवा शुरू की थी। शुरूआत में ₹ईएमएस स्पीड पोस्ट₹ नाम से जानी जाने वाली यह सेवा, देश भर में तेज और अधिक विश्वसनीय डिलीवरी प्रदान करके निजी कूरियर कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने के भारतीय डाक के आधुनिकीकरण प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी।

### मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन

**लखनऊ।** स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा पहली बार लागू की गयी है। इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट ceouttarpradesh.nic.in पर कर आवेदन सकते है। नोटिस जारी होने के साथ ही खण्ड स्नातक के 05 एवं खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों में आवेदन फार्म जमा होने लगे हैं। इसमें दावे और आपत्तियां दाखिल 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर है। इसके बाद इन दावे और आपत्तियों का निस्तारण और अनुपूरक सूची तैयार व मुद्रित 25 दिसम्बर को होगी। अंतिम प्रकाशन 30 दिसम्बर को किया जायेगा।

# ग्रामीण इलाकों में लगायें प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट : मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाइयों और फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के लिए स्थान चिह्नित करते हुए इसकी स्थापना कराई जाए। प्लास्टिक कचरा निस्तारण करना बहुत जरूरी है। मुख्य सचिव ने मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अंतर्गत गठित उत्तर प्रदेश स्टेट सैनिटेशन मिशन की बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिया।



मुख्य सचिव ने प्राथमिकता के आधार पर स्पर्श सेल के लिए अतिरिक्त मैनपावर की नियुक्ति के लिए सहमति प्रदान की। इसमें चार स्टेट कंसल्टेंट, तीन लेखाकार और तीन कंप्यूटर ऑपरेटर के पदों पर भर्ती होगी। प्रमुख सचिव, पंचायती राज अनिल कुमार ने शहरी क्षेत्रों में एफ.एस.टी.पी. से संबंधित तकनीकी कार्यों को जल निगम द्वारा निष्पादित किए जाने के संबंध में अवगत कराया। बैठक में तकनीकी एजेंसी को एफ.एस.टी.पी. की स्थापना के लिए डिजाइन और स्टीमेट पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं निदेशक पंचायती राज अमित कुमार सिंह ने बताया कि 54,17,255 व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण कराया जा चुका है। इसके साथ ही 93,697 गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया गया है। इनमें से 81,936 गांवों का सत्यापन हो चुका है।

प्रदेश में 115 गोबरधन परियोजनाओं में बायोगैस प्लांट लगाए गए हैं। हापुड़ और अमरोहा में एक-एक फीकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट शुरू हो चुका है। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट में 102 इकाइयों का निर्माण पूरा हो चुका है।

# प्रदेश भर में अष्टमी पर 5 लाख बेटियों का कन्या पूजन

## मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से जुड़ी 1,500 से अधिक बालिकाएं

**लखनऊ।** महिला एवं बाल विकास विभाग के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को अष्टमी-नवमी तिथियों पर आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अष्टमी के दिन पूरे प्रदेश में 5 लाख से अधिक कन्याओं का सम्मानजनक पूजन किया गया। साथ ही इन आयोजनों में 1,500 से अधिक बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से जोड़ा भी गया है।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं का कन्या पूजन धार्मिक परंपरा का निर्वहन भर ही नहीं रह गया है, बल्कि समाज में कन्या जन्म को उत्सव के रूप में स्थापित करने वाली सामाजिक क्रांति का प्रतीक भी बना है। कन्या पूजन के माध्यम से योगी सरकार ने समाज को गहरा संदेश भी दिया, जिसके तहत बेटियों को परिवार और



समाज की आधारशिला के रूप में बताया गया है। विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में महिला कल्याण बेबी रानी मोर्या, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, प्रभारी मंत्री, जिलाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में ये कार्यक्रम आयोजित हुए। अष्टमी के दिन विभिन्न विभागों और संस्थाओं के माध्यम से पूरे प्रदेश में 5 लाख से अधिक कन्याओं का सम्मानजनक पूजन किया गया। इन आयोजनों का मूल उद्देश्य कन्या जन्म को बोझ न मानकर आशीर्वाद के रूप में देखने को प्रेरित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लोकगीतों और संवाद सत्रों के जरिए बालिकाओं को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विशेष काउंटरों पर कन्या सुमंगला योजना के फॉर्म भरवाए गए, जो मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में बालिकाओं को जन्म से उच्च शिक्षा तक 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करती है। परिवारों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया गया।

# सरकार जंगली जानवरों के हमलों की समस्या को लेकर गंभीर नहीं : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश में जंगली जानवरों और भेड़ियों की समस्या जानलेवा बन चुकी है। सरकार ऊपरी दिखावा न करे, जमीन पर उतर कर समस्या का समाधान करे। बहराइच समेत अन्य जिलों में भेड़ियों और जंगली जानवरों का लोगों पर हमला जारी है। लगातार किसानों और निर्दोश ग्रामीणों की मौतें हो रही हैं। जंगली जानवरों के हमले और मौतों से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है। सोमवार को बहराइच में भेड़िये ने फिर किसान दम्पत्ति पर हमला कर मार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार जंगली जानवरों के हमलों और नरभक्षी भेड़ियों की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। मुख्यमंत्री ने बहराइच में भेड़ियों की समस्या का हवाई सर्वेक्षण कर लिया लेकिन स्थिति जस की तस है। जितना खर्चा भेड़िया पर्यटन पर किया गया अगर उतना जमीन पर खर्च कर देते तो भेड़िया भी पकड़ जाता और लोगों का जीवन भी बच जाता।

अखिलेश यादव ने कहा कि कहीं भेड़िया, कहीं तेंदुआ, कहीं अजगर, कहीं सांड और कहीं अन्य जंगली जानवरों से उत्तर प्रदेश में दहशत का माहौल बना हुआ है इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। सपा जंगली जानवरों और छुट्टा सांडो की समस्या को लगातार उठा रही है और पीड़ित गरीबों, किसानों की मदद भी कर रही है लेकिन भाजपा सरकार को यह समस्या दिखाई नहीं दे रही है।

जंगली जानवरों की दहशत से किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं। अपने खेतों में जाने से डरते है। भाजपा सरकार इस समस्या के समाधान के लिए कुछ करेगी या यह कहकर पल्ला झाड़ लेगी कि जानवर के पदचिह्न नहीं मिले। उन्होंने कहा कि जिन पर हमले हो रहे हैं क्या उनके घायल शरीर के निशान काफी नहीं है या फिर उनके जख्म जिनके बच्चे जानवर उठा ले जा रहे है।

# मोबाइल प्रयोगशाला से की गयी खाद्य पदार्थों की जांच

## मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई: मोबाइल प्रयोगशाला ने 36 जिलों में की सख्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डा. रोशन जैकब के निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में मोबाईल प्रयोगशाला (एफएसडब्ल्यू) द्वारा प्रमुख बाजारों में टेस्टिंग/अवेरनेस करते हुए मिलावट के प्रति सतर्कता बढ़ाई गयी तथा उपभोक्ताओं का खाद्य सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 29 व 30 सितम्बर को विशेष अभियान चलाकर मोबाईल प्रयोगशाला द्वारा प्रमुख बाजारों में जांच और जागरूकता का कार्य किया गया।

प्रदेश के 36 जिलों में खाद्य पदार्थो जैसे पनीर, घी, खोया, खाद्य तेल एवं बेसन आदि की मोबाईल प्रयोगशाला द्वारा मंडियों/प्रमुख



- **20 लाख रुपये से अधिक की 157 कुंटल से अधिक खाद्य सामग्री की गयी जब्त**

बाजारों में प्राथमिक जांच की गयी। मानक के अनुरूप न पाये जाने पर नियमानुसार जब्तीकरण/नष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिवसीय अभियान मे 1688 निरीक्षण किये गये। 667 स्थानों पर छापेमारी की गयी और 779 नमूने संग्रहित किए गए। 157 कुंतल से अधिक मात्रा की खाद्य सामग्री जब्त की गई, जिसका अनुमानित मूल्य 20 लाख रुपये से अधिक बताया गया है। इसके अलावा 1170 किलोग्राम सामग्री नष्ट की गई है, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 2.40 लाख रुपये है। घी के 88, पनीर के 124, खोया के 67, खाद्य तेल के 137, बेसन के 147, अन्य पदार्थो के 216 नमूने संग्रहित किए गए। बता दे कि डॉ. रोशन जैकब ने सहायक आयुक्तों (खाद्य) व अभिहित अधिकारियों को त्यौहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए विशेष सतर्कता व सजगता बरतने के निर्देश दिये गये है।

निर्देश दिये गये कि किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री में किसी भी दशा में मिलावट न होने पाये और ही उसकी बिक्री होने पाये, सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी इस पर पैनी नजर रखे और हमेशा सजग व सतर्क रहे।

खाद्य पदार्थो की टेस्टिंग करने में विभागीय आधुनिकतम टेक्नालाजी का उपयोग किया जाय व मिलावटखोरो के विरुद्ध कार्यवाही करने मे कोताही न बरती जाय। इस कार्य को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ अन्जाम दिया जाय। इस कार्य को अति महत्वपूर्ण व शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश दिये गये हैं।

# मछुआ दुर्घटना बीमा योजना का मत्स्य पालकों को दिया जायें लाभ : संजय निषाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने विभाग के संचालित कार्यक्रमों केंद्र पुरोनिधानित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं राज्य सेक्टर की योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएमएमकेएसएस, सामुहिक दुर्घटना बीमा आदि की विस्तृत समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

मत्स्य विकास मंत्री ने मंगलवार को निदेशालय में समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा वर्ष 20025-26 में जारी वित्तीय स्वीकृत के सापेक्ष शत-प्रतिशत व्यय कराते हुए उपभोग प्रमाण पत्र एवं भारत सरकार से प्राप्त पत्र पर उत्तर भारत सरकार को प्रेषित करते हुए अगली किश्त की वित्तीय स्वीकृति जारी कराया जाय ताकि चयनित परियोजनाएं ससमय पूर्ण हों। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत



इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनांतर्गत मत्स्य मंडी गोरखपुर/ एक्वापार्क के स्थापना के संबंध भारत सरकार से प्रयास कर स्वीकृत कराया जाए।

इसी प्रकार राज्य सेक्टर की योजनाओ के अंतर्गत प्राविधानित बजट धनराशि के सापेक्ष अतिशीघ्र कार्यवाही पूर्ण कराते हुए निर्गत वित्तीय स्वीकृत धनराशि का व्यय सुनिश्चित कराते हुए परियोजनाएं पूर्ण कराई जाए। मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने के लिए बैंकों को प्रेषित प्रस्ताव के सापेक्ष बैंकों से संपर्क कर उनके स्वीकृति की कार्यवाही करायी जाए। इसके लिए कृषि विभाग की तरह मत्स्य विभाग के आवेदन का भी पोर्टल के माध्यम से अनुश्रवण किए जाने हेतु इसे जुड़वाया जाए। एनएफडीपी में पंजीकरण को गति देते हुए लक्ष्य के अनुरूप सभी मण्डल पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करें।

उन्होंने मछुआ दुर्घटना बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराने तथा इससे मत्स्य पालकों/मछुआरों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। मत्स्य पालकों के प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष एवं एनएफडीबी के माध्यम से कराया जाए ताकि उन्हे नई तकनीकी की जानकारी प्राप्त हो। विभागीय योजनाओं का संचालन पारदर्शी ढंग किया जाए, पूर्व में संपादित कार्यों/परियोजनाओं का सत्यापन काराय जाए, जिसमें 10 लाख के ऊपर की परियोजनाओं का शत प्रतिशत सत्यापन किया जाए। महानिदेशक मत्स्य एवं निदेशक मत्स्य ने मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का ससमय कार्यवाही किये जाने के लिए आश्वस्त किया।

समीक्षा में मुकेश मेश्राम प्रमुख सचिव मत्स्य, पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग, राजेश प्रकाश, महानिदेशक मत्स्य, एनएस रहमानी, निदेशक मत्स्य, अनिल कुमार संयुक्त निदेशक मत्स्य, पुनीत कुमार उप निदेशक मत्स्य, मोनिशा सिंह उप निदेशक मत्स्य, एजाज अहमद उप निदेशक मत्स्य सहित समस्त मंडलीय उप निदेशक मत्स्य व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल, जंगल, जमीन व प्राकृतिक जल स्रोतों को भी बचाना जरूरी

## आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता समिति व वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण, जल, जंगल, जमीन को लेकर किया गोष्ठी का आयोजन

प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** आदर्श औद्योगिक स्वायत्ता सहकारिता मिस्सरवाला (डोईवाला) व वन विभाग के सहयोग से लच्छीवाला गेस्ट हाऊस में प्राकृतिक स्त्रोतों को बचाने व पर्यावरण संरक्षण, जल, जंगल, जमीन को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने सभी से स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेने का आवाहन भी किया। वहीं, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला के साथ पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को लेकर पौधारोपण भी किया।

संस्था की अध्यक्ष आशा




- **पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी व विधायक बृजभूषण गैरोला ने किया पौधरोपण**

कोठारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ जल, जंगल, जमीन व प्राकृतिक जल स्त्रोतों को भी बचाएं जाना जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर सभी को स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल करने की दिशा में प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के समग्र विकास के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करना होगा। उन्होंने आदर्श संस्था के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की भी जमकर सराहना की। डोईवाला विधायक बृज भूषण गैरोला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गति को नया मुकाम मिल रहा है। उन्होंने प्रदेश में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े कार्यक्रम की भी जानकारी दी।

संस्था की अध्यक्ष आशा कोठारी व सचिव हरीश कोठारी ने संस्था के चलाए जा रहे कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, वरिष्ठ भाजपा नेता करन बोहरा, एसीएफ ऋषिकेश अनिल रावत, लच्छीवाला रेंज अधिकारी मेघावी कीर्ति ने भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, विधायक बृजभूषण गैरोला, आदर्श संस्था, वन विभाग वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प भी लिया।

आदर्श संस्था की ओर से भगत सिंह कोश्यारी व बृजभूषण गैरोला गैरोला द्वारा खनिज पर्यवेक्षक कुबेर सिंह सलाल को भी प्रशस्ति पत्र व शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रकाश कोठारी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष आयुष मल्ल, विक्रम नेगी, मनमोहन नौटियाल, मनोज कम्बोज, छात्रसंघ अध्यक्ष अमित कुमार, उपाध्यक्ष गौरव, महासचिव अमन, सहसचिव तनिया बस्सी, कोषाध्यक्ष दुर्गा, आदर्श सपना जवाडी, शोभित उनियाल व लच्छीवाला रेंज के अंतर्गत कार्यरत अन्य कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया।

# अक्टूबर से दिसंबर तक खरीदे जायेंगे श्रीअन्न

## मक्का, बाजरा व ज्वार की खरीद के लिए कराना होगा पंजीकरण

**लखनऊ।** प्रदेश में 'श्रीअन्न' (मोटे अनाज) की खरीद पहली अक्टूबर यानी बुधवार से शुरू होगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। 'मोटे अनाज' में शामिल मक्का, बाजरा व ज्वार की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण व नवीनीकरण चल रहा है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक इसके लिए किसानों को पंजीकरण व नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।

खरीद पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी। सरकार ने ज्वार (मालदांडी) का 3749, ज्वार (हाईब्रिड) का 3699 रुपये, बाजरा का 2775 और मक्का का 2400 रुपये प्रति कुंतल न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। योगी सरकार ने 48 घंटे में किसानों को भुगतान कराने का निर्देश दिया है।

किसान अपनी किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 से मदद ले सकते

- **33 जनपदों में बाजरा, 25 जनपदों में मक्का और 11 जनपदों में होगी ज्वार की खरीद**
- **बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2775 रुपये, मक्का का 2400 रुपये प्रति कुंतल तय**

हैं। इसके अलावा वे जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक से भी संपर्क साध सकते हैं। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में सीधे भुगतान किया जाएगा।

योगी सरकार ने 48 घंटे के भीतर भुगतान का निर्देश दिया है। वहीं बिचौलियों को रोकने व पारदर्शिता बरतते हुए क्रय केंद्रों पर मोटे अनाज की खरीद ई-पॉप (इलेक्ट्रॉनिक प्वॉइंट ऑफ परचेज) डिवाइस के माध्यम से पहले की भांति किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन के जरिए ही होगी। मक्का खरीद 25 जनपदों में होगी। यह जनपद बदायूं, बुलंदशहर, हरदोई, उन्नाव, मैनपुरी, आगरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, कानपुर नगर-देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा, बहराइच, गोंडा, बलिया, जौनपुर, फररुखाबाद, मीरजापुर, सोनभद्र, देवरिया व ललितपुर हैं। बदायूं, बुलंदशहर, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, एटा, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, रामपुर, अमरोहा, कानपुर नगर-देहात, फररुखाबाद, औरैया, कन्नौज, इटावा, जालौन, हमीरपुर, चित्रकूट, गाजीपुर, जौनपुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी, मीरजापुर, बलिया, हरदोई व उन्नाव समेत 33 जनपदों में बाजरा खरीद होगी। बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर-देहात, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, मीरजापुर व जालौन में ज्वार की खरीद होगी।

संक्षेप

## मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाला, दी तहरीर

प्रतापगढ़। दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाले जाने की घटना को लेकर विवाहिता के पिता ने ससुरालीजनों के खिलाफ सीओ को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के देवीगढ़ गांव निवासी आसाराम पटेल पुत्र मोहनलाल पटेल ने सीओ को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी पुत्री रूपा का विवाह संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोड़र खुर्द निवासी धीरेन्द्र पटेल पुत्र दिलीप के साथ हुआ है। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर पति समेत ससुरालीजन उसकी बेटी को प्रताड़ित कर रहे हैं। बीते सोलह अगस्त को मारपीट कर रूपा को घर से निकाल दिया। यह भी आरोप है कि बीते छब्बीस सितंबर को उसकी बेटी के पति धीरेन्द्र समेत दर्जन भर लोग उसके घर पहुंचे और कहीं शिकायत करने पर जानलेवा धमकी भी दी। सीओ आशुतोष मिश्र का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दो आरोपियों पर छेड़खानी का केस

प्रतापगढ़। छेडखानी के आरोप में उदयपुर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उप निरीक्षक उमाशंकर यादव पुलिस फोर्स के साथ बीते सोमवार की शाम उसरापटटी क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। इसी बीच राह चलते महिलाओं से छेडछाड करते पाये जाने पर कोटवा शुकुलपुर सांगीपुर निवासी विश्वविजय पुत्र रामदेव व हर्षपुर कोटवा निवासी रामकुमार कोरी पुत्र छेदीलाल को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ छेडछाड का मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की गयी है।

## तोड़फोड़ व धमकी को लेकर महिला ने दी तहरीर

प्रतापगढ़। तोडफोड व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के भदारी कला चांदीपुर गांव निवासी सावित्री देवी पत्नी नितिन कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते अटठाईस सितंबर की शाम करीब छः बजे परिवार के कुछ लोगों ने गालीगलौज करते हुए उसके बाथरूम की दीवार तोड़ दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## काव्य संगम में जुटेंगे नामचीन साहित्यकार

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के अझारा वार्ड में मां विन्ध्याचल देवी धाम में आगामी दो अक्टूबर को सातवें काव्य संगम का आयोजन किया गया है। इसमें प्रदेश एवं देश के ख्यातिप्राप्त साहित्यकार जुटेंगे। कार्यक्रम के संयोजक साहित्यकार अनूप प्रतापगढ़ी ने बताया कि काव्य संगम में बिहारी लाल अंबर, डॉ0 दीपक रूहानी, अंजनी अमोघ, वाईपी सिंह, वंदना शुक्ल, धनंजय सारस्वत, सोमनाथ कश्यप, आशीष आनन्द, संदीप शरारती, कृष्णकांत कामिल, दीपेन्द्र तन्हा, विनीत मिश्र विरल की काव्य प्रस्तुतियां होंगी। आयोजक अजय मिश्र आशीष व श्यामकृष्ण शुक्ल ने साहित्य प्रेमियों से काव्य संगम में प्रतिभाग किये जाने का आहवान किया है।

# डीआईजी ने बालिकाओं से किया संवाद



**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा सम्मान व आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत बांसी थाना क्षेत्र के राम विलास इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड मेडिकल साइंसेज सोनकर में एक प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की अध्यक्षता करते हुए पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी ने अध्यापिकाओं बालिकाओं से संवाद स्थापित करते हुए महिला सुरक्षा आत्मरक्षा तथा आत्मनिर्भरता से सम्बंधित विवरण सुदा जानकारी दिया गया,इस अवसर पर डीआईजी बस्ती संजीव त्यागी के साथ अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद उपस्थित रहे, डीआईजी के व अपर पुलिस अधीक्षक ने उक्त जानकारी देते हुए सुरक्षा हेतु 1090, 181,112,1076, जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए मिशन शक्ति का पम्पलेट भी वितरण किया गया, इस अवसर पर प्रशिक्षु पुलिस क्षेत्राधिकारी रोहिणी यादव,व काम क्षमता की कहें जाने वाली महिला थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने -छात्राओं को सेल्फ डिफेंस व मिशन शक्ति की विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया, कार्यक्रम उपरांत डीआईजी बस्ती संजीव त्यागी थाना बांसी पर स्थापित महिला सुरक्षा केन्द्र तथा थाना परिसर का निरीक्षण किया गया, इसके साथ ही डीआईजी ने सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

# मां वैष्णो सेवा समिति ने किया प्रसाद फलाहार का वितरण



बांसी सिद्धार्थनगर।श्री श्री मां वैष्णो सेवा समिति बांसी सिद्धार्थ नगर के तत्वाधान में कोतवाली तिराहा पर सोमवार को सायं फलाहार का कार्यक्रम किया गया जिसमें हजारों की संख्या में दुर्गा भक्त ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व प्रोफेसर के0पी0 त्रिपाठी ने बताया कि सृष्टि के आरंभ से ही मानव प्रकृति पूजा करता आ रहा है।प्राकृतिक के रहस्य को ना समझने के कारण सूर्य की पूजा प्रारंभ किया प्रकृति की देवी आदिशक्ति मां जगदम्बा की पूजा शक्ति व सामर्थ्य को प्राप्त करने के लिए तथा दानवों व राक्षसों तथा मानव रुप में राक्षस का काम करने वाले मानव बिरोधी समाज बिरोधी कार्य करने वाले त्तत्वो का दमन करने के लिए बल पौरुष शक्ति की नितांत आवस्यकता होती है। दानवों से बार बार हारने के बाद जब सभी देवता ब्रह्मा के पास गये तो उन्होंने देवताओं से कहा कि हे देवों यह नियम सृष्टिमे सदा अटल है रह सकता है वही सुरक्षित जिसमें बल है निर्बल का है नहीं जगत में कही ठिकाना रक्षासाधन उसे प्राप्त चाहे नाना। तभी से सभी देवताओं ने मिलकर देवी की उपासना किये और देवी अष्ट भूजी रुप में प्रगट हुई। और देवताओं ने अपने अपने अस्त्र व सस्त्र सौप दिये और देवी जी से प्रार्थना किये कि हे देवी हम लोगों की रक्षा करें। कार्यक्रम के संचालक ऋषि श्रीवास्तव के साथ-साथ जगदंबा मिश्रा मंगल चौरसिया देवेश पांडे गणेश वर्मा अमित तिवारी हरिश्चंद्र ओझा प्रेम शुक्ला ओम प्रकाश चौधरी सोनू चौधरी अमय पांडे सोनू जायसवाल ओपी अग्रहरि हरगोविंद साहू अनुराग श्रीवास्तव अज्जू भइया पवन मोनू सिंह मुन्ना सिंह नीरज पांडेय जलज, ईश्वर अभिनव राय मुरारी, सुरेंदर श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों ने बालक बालिकाओं को किया जागरूक



बांसी सिद्धार्थनगर। कोतवाल बांसी गौरव सिंह के नेतृत्व में उनकी टीम में शामिल पुरुष व महिला सिपाहियों ने अथक प्रयास कर मिशन शक्ति के अन्तर्गत सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सुरक्षा सम्बंधित जागरूक किया गया गया।नारी स्वालंबनपुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी मयंक द्विवेदी तथा प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति* के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र बांसी के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं/महिलाओं को शारदीय नवरात्र मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

# ग्राम पंचायतों में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण पर दिया जोर



सिद्धार्थनगर- सभागार में सोमवार देर शाम विकास एवं ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में हुई इस बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने पांच ग्राम पंचायतों में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित भूमि पर तत्काल काम शुरू किया जाए और जहां भूमि चिन्हित नहीं हुई है, वहां उपजिलाधिकारी के माध्यम से जल्द से जल्द भूमि का चयन किया जाए।

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों के प्रमुख चौराहों और तिराहों के सौंदर्यीकरण को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है, उन्हें तत्काल हैंडओवर किया जाए और जिला पूर्ति अधिकारी राशन वितरण शुरू करें। एमडीएम शेड का निर्माण भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा गया। आंगनबाड़ी भवनों के सर्वे और मरम्मत की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में रनिंग वाटर, टाइलयुक्त फर्श, बाला पेंटिंग और शौचालय की सुविधा अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। ओडीएफ मॉडल ग्रामों के निरीक्षण पर जोर देते हुए, उन्होंने अधिकारियों को सामुदायिक शौचालय, अंत्येष्टि स्थल, आर.आर.सी. सेंटर और मनरेगा कार्यों की सुबह-शाम नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पंचायत भवनों को समय पर खोलने और ओपन जिम का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय पशु चिकित्सालयों की तत्काल मरम्मत कराने को भी कहा। सामुदायिक बकरी शेड और मुर्गी शेड जैसी ग्रामीण रोजगार और आत्मनिर्भरता से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए, उन्होंने इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी।

# महाबली हनुमान के पराक्रम के मंचन पर भावविभोर हुए श्रद्धालु



प्रतापगढ़। सगरा सुंदरपुर बाजार के लक्ष्मणपुर रोड पर हो रही श्रीरामलीला में श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता का भावपूर्ण मंचन देख श्रद्धालुओं को भावविभोर देखा गया। वहीं बालि वध पर भी भगवान श्रीराम के जयघोष से पाण्डाल गूंज उठा। कलाकारों ने मां जानकी की खोज में हनुमान जी के समुद्र लांघने का दृश्य भी मनमोहक प्रस्तुत किया। भगवान बजरंगबली के लंका में प्रवेश की गर्जना सुन भी श्रद्धालु भक्तिमय भाव में दिखे। आयोजन में घूरीपुर प्रधान दिलीप कुमार तिवारी, कन्हैया गुप्ता, आलोक जायसवाल आदि ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्रीराम व जानकी की भव्य आरती उतारी। श्रीरामलीला मंचन में संगीतमयी भगवान के भजन भी श्रद्धालुओं को खूब भाये। कलाकारों को रामलीला समिति के अध्यक्ष संजय शुक्ल व दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ल ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। वहीं श्रीरामलीला में कमेटी द्वारा मिशन शक्ति के तहत उप निरीक्षक ज्योति सिंह को भी सम्मानित किया गया। संचालन रत्नाकर तिवारी ने किया। इस मौके पर वकील अहमद, रवि जायसवाल, जाकिर अली, सर्वेश जायसवाल, कमल कुमार, गुडडू शर्मा, राजू शर्मा, पवन पाण्डेय, रामकरन विश्वकर्मा, प्रतिभा तिवारी, उमा तिवारी, किरन मिश्रा आदि रहे।

# जिलाधिकारी ने दी लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी




श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट सभागार में देर रात आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम (एडीपी), आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) एवं नीति आयोग द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में खराब प्रगति वाले विभागाध्यक्षों को कड़ी फटकार लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया। डीएम ने चेतावनी दी कि तीन दिन में संतोषजनक जवाब न मिलने पर कठोर कार्रवाई होगी। समीक्षा में डिजिटल क्रॉप सर्वे में जनपद की स्थिति खराब पाई गई। इस पर उप कृषि निदेशक सुरेंद्र चंद्र चौधरी, उपायुक्त मनरेगा संदीप कुमार, प्र0 जिला कृषि अधिकारी बलजीत वर्मा और जिला पंचायत राज अधिकारी नंदलाल को नोटिस जारी हुआ। वहीं, केंद्रीय प्रभारी अधिकारी द्वारा निरीक्षण में पीएम श्री विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र चहलवा में गंदगी, शौचालय व हैंडपंप खराब मिलने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार समेत कई अधिकारियों को नोटिस मिला। कौशल विकास मिशन में प्रगति खराब रहने पर आईटीआई प्राचार्य विनोद गुप्ता का एक दिन का वेतन रोका गया। रबी फसल की तैयारी पर समीक्षा न हो पाने पर प्र0 जिला कृषि अधिकारी को भी नोटिस दिया गया। मिशन शक्ति अभियान-5 में लापरवाही पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मो0 मुमताज का वेतन रोका गया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़े, अन्यथा निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित होगी। बैठक में एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम भिनगा, इकौना व जमुनहा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# मांगी नाव न केवट आना...

एस.पी.सिंह परिहार



कटरा श्रावस्ती। कटरा बाजार के बड़की कुट्टी प्रांगण में रामलीला मंचन की परंपरा पिछले लगभग पचास वर्षों से निरंतर चल रही है। इस वर्ष राम जानकी मंदिर बड़की कुट्टी पर रामलीला कमेटी कटरा के तत्वावधान

- 50 वर्षों से परंपरा निभा रही कटरा श्रावस्ती की रामलीला

में आयोजित रामलीला के सातवें दिन अयोध्या से आए कलाकारों ने रामझकेवट संवाद की कथा का भावपूर्ण मंचन किया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

मंचन का प्रमुख आकर्षण वह प्रसंग रहा, जब केवट ने भगवान श्रीराम से कहा– बिना धोए चरणवा तोहार नाथ ना नैया लैबै। इस मार्मिक संवाद ने दर्शकों के हृदय को गहराई से छू लिया। राम- केवट संवाद केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि गहन दार्शनिक संदेशों से परिपूर्ण है। इसमें यह दशार्या गया कि भक्ति, करुणा और संयम के बल पर ही मानवता का मार्ग प्रशस्त होता है। श्रीराम ने अपने शत्रु रावण तक के प्रति मयार्दा बनाए रखते हुए उसे सुधार का अवसर दिया। वहीं, केवट ने अपनी सरल जीवनशैली और अटूट भक्ति से यह सिद्ध किया कि शक्ति या पद नहीं, बल्कि सत्य और श्रद्धा ही अंतिम विजय की कुंजी हैं। आयोजन में उपस्थित दर्शकों ने इस मंचन को केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि शिक्षा और प्रेरणा का स्रोत बताया। आधुनिक डिजिटल युग में भी कटरा की रामलीला परंपरा समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और धार्मिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामलीला कमेटी अध्यक्ष बनवारी लाल यादव,राम कुमार मिश्रा,लवकुश पाण्डेय, पंडित राजेश कुमार पाण्डेय,सुरेन्द्र कुमार चौधरी, अरविंद चौधरी,शिव कुमार पाठक,सुनील कुमार चौधरी, नवीन कुमार चौधरी, अभिनव चौधरी, अरविंद कुमार चौधरी, ग्राम प्रधान छागुर प्रसाद सहित अनेक स्थानीय गणमान्य उपस्थित रहे।

# विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला

सिद्धार्थनगर- इटवा थाना क्षेत्र स्थित पकड़ीं शुल्क गांव में मंगलवार सुबह एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर मिला। मृतका की पहचान 28 वर्षीय राधिका गौतम, पत्नी कृष्णा गौतम के रूप में हुई है। मायके पक्ष ने इसे हत्या बताते हुए आशंका जताई है। मंगलवार सुबह लगभग 9 बजे मृतका के भाई दीपक गौतम को राधिका की मौत की सूचना दी गई। जब वह बहन के ससुराल पहुंचे, तो राधिका का शव कमरे के फर्श पर पड़ा था और पास ही छत की कुंडी से आधा फंदा लटक रहा था। दीपक के अनुसार मौके पर कोई यह बताने को तैयार नहीं था कि शव को फंदे से किसने उतारा। वहीं, मृतका का पति कृष्णा गौतम घटना स्थल से गायब था। दीपक गौतम ने पुलिस को शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि उनकी बहन की हत्या कर इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि यह आत्महत्या है, तो शव को नीचे किसने उतारा, यह स्पष्ट नहीं किया जा रहा है। दीपक ने इसे हत्या का मामला बताया। मृतका राधिका गौतम का मायका इटवा थाना क्षेत्र के कपिया नकटी में है। लगभग आठ साल पहले उनकी शादी कृष्णा गौतम से हुई थी। राधिका के दो बच्चे हैं, जिनमें एक 7 साल की बेटी और एक 2 साल का बेटा शामिल है। घटना के समय दोनों बच्चे घर पर मौजूद थे, लेकिन उन्हें अपनी मां की मौत के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

घटना की सूचना मिलते ही इटवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही हो पाएगा।

## होलईपुरवा में जहरीले सांप का बढ़ा आतंक



कटरा/श्रावस्ती। नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर के मजरा होलईपुरवा में जहरीले सांप का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिनों में जहां एक मासूम बच्चे और एक बछड़े की मौत हो चुकी है, वहीं कई ग्रामीण अब भी अस्पताल में जीवन और मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं। गांव के लोग दहशत और भय के माहौल में जीने को विवश हैं। जानकारी के अनुसार, 27 सितंबर की सुबह लगभग 4 बजे प्रवीण गोस्वामी (7 वर्ष) पुत्र चिंकू गोस्वामी को जहरीले सांप ने काट लिया था। हालत बिगड़ने पर इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। इसी दिन एक बछड़े की भी सांप के डंसने से मौत हो गई। 28 सितंबर को गंगाराम गोस्वामी (40 वर्ष) को भी सांप ने काट लिया, जिनका इलाज जारी है। 29 सितंबर को उमेश गोस्वामी (21 वर्ष) पुत्र जगन्नाथ सांप के शिकार बने और अभी अस्पताल में भर्ती हैं। 30 सितंबर को तड़के 3 से 4 बजे के बीच गुड़िया पत्नी लक्ष्य बहादुर, बालकराम (65 वर्ष) पुत्र शंभू गोस्वामी और रजनी देवी (21 वर्ष) पुत्री राजेश गोस्वामी को भी सांप ने डस लिया, जिन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। इसी दिन शाम लगभग 4:30 बजे एक भैंस को भी सांप ने काट लिया। लगातार हो रही घटनाओं से पूरे गांव में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीण मंदिरों में पूजा-पाठ कर सांप के आतंक से निजात पाने की प्रार्थना कर रहे हैं।

## परिवार व समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अग्रणीः जिलाधिकारी




प्रतापगढ़। मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को विकासखण्ड लक्ष्मणपुर सभागार में महिला मेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने किया। जिलाधिकारी ने महिलाओं से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारियां दी। उन्होने महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा कि सशक्त नारी ही सशक्त प्रदेश और समृद्धि समाज की आधारशिला है। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर परिवार व समाज के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। इस दौरान महिला मेठ का प्रशिक्षण भी कराया गया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक दयाराम यादव, बीडीओ सत्यदेव यादव, सीओ आशुतोष मिश्र ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डीसी मनरेगा संतोष सिंह ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता राकेश सिंह, एडीओ पंचायत सुभाष सिंह, शिवमूर्ति दुबे, अवधेश पटेल, अंकित कुमार, प्रमोद मिश्र आदि मौजूद रहे।

## छोटे केमिस्टों को जीएसटी राहत की मांग



इकौनाश्रावस्ती। ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश ने जीएसटी 2.0 संक्रमण के दौरान छोटे खुदरा विक्रेताओं को राहत देने की मांग की है। संगठन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को ज्ञापन भेजते हुए आग्रह किया है कि छोटे व्यापारियों को हो रहे आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। ओसीयूडीपी के अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने बताया कि जीएसटी दरों में कटौती से उपभोक्ताओं को लाभ मिला है, लेकिन छोटे विक्रेताओं को गंभीर आर्थिक नुकसान हुआ है। अनरजिस्टर्ड और कंपोजिट डीलरों द्वारा उच्च जीएसटी पर खरीदा गया स्टॉक अब कम कीमत पर बेचना पड़ रहा है। संगठन ने तीन माह तक पुराने एमआरपी पर स्टॉक बेचने की अनुमति देने और यदि आवश्यक हो तो विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने का अनुरोध किया है। चेतावनी दी गई है कि यदि राहत नहीं मिली, तो कई छोटे केमिस्ट दुकानें बंद कर सकते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में दवाओं की उपलब्धता प्रभावित होगी। जिला श्रावस्ती से महामंत्री ऋषि कुमार वैश्य, कटरा बाजार अध्यक्ष ओंकार नाथ वर्मा और महामंत्री भुनेश्वर नाथ विश्वकर्मा ने भी इस मांग का समर्थन किया है।

## हर घर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत



गिलौला, श्रावस्ती। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मण्डल कार्यशाला गिलौला में आयोजित हुई। मुख्य वक्ता पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष जिला पंचायत श्रावस्ती दद्दन मिश्रा ने आत्मनिर्भर भारत के विजन, नागरिक भागीदारी और राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक की भूमिका पर सार्थक चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रगति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो रहा है। इस अभियान ने सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मण्डल अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा उपस्थित कार्यशाला में ऊजार्वान मण्डल अध्यक्ष उमेश अवस्थी, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा हरिओम मण्डल के कर्मठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सशक्त भारत निर्माण में योगदान दें कार्यशाला ने सभी उपस्थित नागरिकों को संदेश दिया कि आइए, हम सब मिलकर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

## राजगीर मिस्त्री को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

सिद्धार्थनगर- जिले में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में राजगीर मिस्त्री रमेश पुत्र रघुबर की मौत हो गई। वाहन ने पैदल जा रहे रमेश को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रमेश मूल रूप से महराजगंज जिले के फरेंदा थाना क्षेत्र के ग्राम भईसहीया का निवासी था। रमेश पिछले कई वर्षों से सिद्धार्थनगर जिले के बांसी कस्बे में रहकर राजगीर मिस्त्री का काम करता था। सोमवार रात करीब 11 बजे वह बांसी थाना क्षेत्र के नरकटहा पेट्रोल पंप के पास से पैदल लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रमेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों और राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने इलाज शुरू होने से पहले ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा सके। वाहन चालक फिलहाल फरार है और उसकी तलाश जारी है। मृतक रमेश अपने परिवार का मुख्य सहारा था और मेहनत-मजदूरी करके माता-पिता का पालन-पोषण करता था। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है।

संक्षेप

## अवैध शराब पर शिकंजा कसने निकली टीम, खाली हाथ लौटी

जसवंतनगर, इटावा। शासन के सख्त निदेशों पर अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को नगर क्षेत्र की कंजड़ बस्ती और ग्राम जसोहन में आबकारी विभाग ने दबिश दी। इस दौरान आबकारी इंस्पेक्टर विकाश द्विवेदी और उपनिरीक्षक उमेश पटेल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। लोग इधर-उधर भागते नजर आए। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने बस्ती और गाँव के कई घरों तथा संदिग्ध ठिकानों पर छानबीन की। ग्रामीणों में इस दौरान खासी खलबली रही और लोग दबिश के चलते अपने घरों में दुबके रहे। हालांकि, घंटों चली कार्रवाई के बाद भी कहीं से अवैध शराब की बरामदगी नहीं हो सकी। टीम खाली हाथ लौट आई। सूत्रों का कहना है कि दबिश की भनक पहले ही शराब कारोबारियों तक पहुंच गई होगी, जिसके चलते उन्होंने अपना माल इधर-उधर खिसका दिया होगा अधिकारियों ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप अवैध शराब कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति अवैध शराब के धंधे में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एसएसपी आवास के गेट में छिपा था बड़ा सांप, सर्पमित्र ने किया रेस्क्यू

इटावा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मैन गेट के पास ही किनारे से टूटी एक शीट में एक 5 फीट लंबा घोड़ा पछाड़ सांप कहीं से आकर छिपकर बैठ गया था जिसे ड्यूटी पर तैनात संतरी सुमित कुमार एवम टेलीफोन ड्यूटी पर तैनात आरक्षी अमित कुमार ने तुरन्त ही देख लिया और वन्यजीव विशेषज्ञ सर्प मित्र डॉ आशीष त्रिपाठी को गेट पर सांप के दिखाई देने की सूचना दी। डॉ. आशीष ने मौके पर जाकर उस 5 फीट लम्बे सांप को कड़ी मशक्कत के साथ पकड़ लिया। डॉ आशीष ने बताया कि आवास के अंदर से कल भी एक छोटा चेकर्ड सांप पकड़ा गया था और आज गेट पर यह दूसरे सांप का रेस्क्यू किया गया है। आवास में एरिया बड़ा और हरियाली होने के कारण ही कभी कभी सांप दिखाई दे जाते है। रेस्क्यू के बाद सांप को वन विभाग के दिशा निर्देशन में उसके प्राकृतिक वास में छोड़ दिया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दिलाई राहत

इटावा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल ने दो गरीब अभियुक्तों को मुफ्त अधिवक्ता उपलब्ध कराकर बड़ी राहत दी है। जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन के मार्गदर्शन में यह कदम उठाया गया, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर आरोपियों को न्याय दिलाने का रास्ता साफ हुआ है। थाना इकदिल क्षेत्र के अभियुक्त करिश्मा और रामखिलावन को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 34, 147, 148, 149 के तहत दोषमुक्त किया गया था। बीते 27 सितंबर को माननीय अपर जिला जज, एफटीसी द्वितीय दिनेशचंद्र गौड़ के आदेशानुसार दोनों अभियुक्तों को केंद्रीय कारागार, इटावा से रिहा किया गया। लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण अभियुक्त अपनी पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर पा रहे थे। इस पर माननीय अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा ने मामले का संज्ञान लिया और लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता चंद्रेश यादव को उनकी पैरवी हेतु नामित किया। अधिवक्ता चंद्रेश यादव अब इन अभियुक्तों की ओर से निरूशुल्क प्रभावी पैरवी करेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कहना है कि गरीब और असहाय लोगों को न्याय से वंचित नहीं होने दिया जाएगा।

# आईजी ने एमएमएमयूटी में छात्राओं को किया जागरूक

## डिजिटल युग में बढ़ रहा साइबर अपराध, छात्राओं को रहना होगा सतर्क : डीआईजी



**गोरखपुर।** नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र, गोरखपुर एस. चन्नप्पा ने छात्राओं को नारी सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव और आत्मरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।ष डीआईजी ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा हैं। इसलिए हर छात्रा को सतर्क रहना होगा। सोशल मीडिया पर अनजान लिंक, फर्जी प्रोफाइल और ठगी से बचने की सलाह दी। उन्होने कहा कि महिला सुरक्षा केवल पुलिस का ही नहीं बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। बेटियां अगर निडर होकर आगे बढ़ेंगी तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त होंगे। हमें हर हाल में यह माहौल बनाना है कि महिलाएं खुद को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें। इस दौरान उन्होने छात्राओं को पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी। इनमें 1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (बाल हेल्पलाइन) और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में इन नंबरों का तुरंत उपयोग किया जाए।

अधिकारियों ने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा और मदद के लिए तत्पर है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने भी अपने विचार साझा किए। छात्राओं ने कहा कि पुलिस द्वारा दी गई जानकारी बेहद उपयोगी है और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी पाकर उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है। एक छात्रा ने कहा, ह्वअब हमें यह भरोसा है कि किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत मदद मिल सकती है। मिशन शक्ति अभियान ने हम सभी को जागरूक और साहसी बनाया है। कार्यक्रम में सीओ कैंट योगेंद्र सिंह, सीओ ऑफिस दीपांशी सिंह राठौर, निरीक्षक राजेश यादव तथा विश्वविद्यालय की छात्राएं मौजूद रही।

## छात्रा सौम्या गहलोत ने संभाली उरुवा थाने की एक दिन की कमान



उरुवां, गोरखपुर। मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उरुवा थाने की प्रभारी श्रीमती कमला देवी इंटर कॉलेज उरुवा बाजार के कक्षा 10 वीं की छात्रा सौम्या गहलोत को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। उन्होंने जनता की फरियाद को सुनकर कार्यवाई के लिए निर्देश दिए।

महिला सशक्तिकरण और बालिकाओं को नेतृत्व की प्रेरणा देने के उद्देश्य व स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाया गया कदम। एक दिन की थाना प्रभारी बनी सौम्या गहलोत तथा अन्य जिम्मेदारी संभाली 25 छात्राओं ने थाने का निरीक्षण किया। और महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा व बालिकाओं से जुड़े मामलों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं भी सुनीं और पुलिस कर्मियों से संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी उरुवा श्यामदेव चौधरी ने कहा कि मिशन शक्ति जैसी पहल से बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे भविष्य में समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभा सकेंगी। उपस्थित छात्राओं को 1090, 108, 102, 1098, 1076, 181, 1030, डायलझ्र112 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के विषय में जानकारी दी गई। तथा एक दिन के लिए बनी थाना प्रभारी सौम्या गहलोत को क्षेत्र भ्रमण भी कराया गया।

## गगहा की प्रकृतिता का ईड़ी में लोक अभियोजक में चयन



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के टेकूआ गांव निवासी अवधेश सिंह की बहू प्रकृतिता का चयन प्रवर्तन निदेशालय में लोक अभियोजक पद पर चयन हुआ है। वर्तमान में वह पटना हाइकोर्ट में सरकारी वकील हैं। उनके पति अतुल रंजन सिंह सीबीआई में लोक अभियोजन अधिकारी हैं। प्रकृतिता कि इस उपलब्धि पर बांसगांव विधायक विमलेश पासवान उनके ससुर अवधेश सिंह, वेद रतन सिंह भोला, आलोक सिंह, शिखा सिंह, हलचल सिंह, सरवन सिंह, अवनीश सिंह, गगहा ब्लॉक प्रमुख शिवाजी सिंह, पवन शाही ने बधाई दी है।

# कमरा बंद कर फांसी के फंदे पर झूली विवाहिता, मौत

चरगांवा, गोरखपुर। पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जंगल धूसड़ टोला ककरहिया में मंगलवार की सुबह चंचल देवी (25) ने अज्ञात कारणों से बंद कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तो वही मृतका के भाई ने दहेज उत्पीड़न में हत्या का आरोप लगाया है। मृतक विवाहिता चंचल देवी के पति शक्तिमान ने बताया कि वह एक निजी अस्पताल में तीन दिन से भर्ती अपने बीमार पिता व मां के लिए भोजन पहुंचाने गया था। वहां से वापस आकर देखा कि कमरा अंदर से बंद है, आवाज लगाने पर जब कमरा नही खुला तो आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजा तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों की मानें तो तीन साल पहले दोनों का प्रेम विवाह हुआ था। तो वहीं मृतका के भाई परवेश निषाद पुत्र स्व दिलीप निषाद ने अपने बहन के ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर पिपराइच पुलिस को दिया हैं।

इस घटना के बाबत पिपराइच थाने के प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मृतका के भाई ने तहरीर दिया है। उसके भाई का कहना है कि उसकी बहन की पंद्रह महीने की बेटी हैं यदि उसके लिए बहन के ससुराल वाले संपत्ति में हिस्सा देते हैं तो मैं तहरीर वापस ले लूंगा, प्रकरण की जांच की जा रही उसके बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## साइबर फ्रॉड में युवती के खाते से उड़ाए गए 5.49 लाख रुपये, मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के चौरी टोला बदुरिहा निवासी 26 वर्षीय चंदा पाल पुत्री सुदर्शन पाल के साथ साइबर ठगों ने करीब 5 लाख 49 हजार रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पीड़िता ने के माध्यम से बताया कि उसका एक बचत खाता बैंक ऑफ बड़ौदा की चौरीचौरा शाखा में है। 7 अगस्त 2025 से 16 अगस्त 2025 के बीच ठगों ने यूपीआई के जरिए एक लाख, 98 हजार, 92 हजार, 99 हजार व अन्य किश्तों में कुल 5,49,433 रुपये खाते से निकाल लिए। पीड़ित चंदा पाल का कहना है कि उनके मोबाइल सिम को बिना अनुमति वोडाफोन आइडिया कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही से लॉक कर दिया गया। जिससे फ्रॉड करने वालों को मौका मिल गया। जब तक उन्होंने जानकारी ली, तब तक खाते से सारे रुपये निकल चुके थे। पीड़ित का आरोप है कि साइबर फ्रॉड करने वालों और कंपनी की लापरवाही के चलते उनके माता-पिता ने शादी के लिए जो रकम जोड़ कर मुझे दी थी, वह पूरी तरह खत्म हो गई है। इससे पूरा परिवार मानसिक व आर्थिक संकट में है। उन्होंने अदालत से भी न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात साइबर ठग के साथ-साथ संबंधित मोबाइल कंपनी के अज्ञात अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मां सिद्धिदात्री की आराधना कर कन्या पूजन करेंगे सीएम योगी



गोरखपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने आवास के शक्तिपीठ में बुधवार यानि एक अक्टूबर को पूर्वाह्न शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि को देवी दुर्गा के नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करेंगे। उसके बाद कन्या पूजन का अनुष्ठान होगा। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर कुंवारी कन्याओं के पांव पखारकर श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना करेंगे। उन्हें भोजन कराएंगे और दक्षिणा, उपहार देंगे। इस दौरान परंपरा के अनुसार बटुक पूजन भी किया जाएगा। जबकि विजयदशमी के पावन पर्व पर 2 अक्टूबर, गुरुवार सुबह गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिवावतार गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन करेंगे। इसी दिन सायंकाल वह गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। शोभायात्रा का समापन मानसरोवर रामलीला मैदान में होगा जहां गोरक्षपीठाधीश्वर प्रभु श्रीराम का पूजन व राज्याभिषेक करेंगे।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम का टेंट गिरा

## तेज आंधी से अफरा-तफरी, बड़ा हादसा टला

इटावा। शहर के जीआईसी मैदान में मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित 51 कन्या पूजन भोज और सरस मेले का कार्यक्रम अचानक बदलते मौसम की वजह से अफरा-तफरी में बदल गया। तेज हवाओं के साथ बरसात शुरू हो गई। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुईं बीजेपी से सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिला प्रशासन और भारी संख्या में महिलाएं व छात्राएं इस मौके पर मौजूद थीं।

तेज आंधी के चलते कार्यक्रम स्थल पर लगाया गया विशाल टेंट हवा में झूलने लगा। हालात बिगड़ते देख पुलिस और प्रशासनिक कर्मियों ने तत्काल टेंट के पाइप पकड़कर उसे संभालने की कोशिश की। लेकिन जैसे ही हवन की प्रक्रिया समाप्त हुई, तेज हवाओं ने आधे टेंट को जमीन पर गिरा दिया। इस दौरान वहां मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और जनता में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। गनीमत रही कि हवन समाप्त होने से पहले ही महिलाएं और छात्राएं टेंट से बाहर निकल चुकी थीं। टेंट गिरते समय जिलाधिकारी, एसएसपी, सीओ समेत कई अधिकारी पंडाल के भीतर मौजूद थे, लेकिन सभी सुरक्षित निकलने में सफल रहे। वहीं, सरस मेले के अंतर्गत लगे स्टॉल भी तेज हवाओं और टेंट गिरने के कारण पूरी तरह से धराशायी हो गए। तेज बारिश और आंधी के कारण सुरक्षा की दृष्टि से हवन कुंड में जल रही आग पर पानी डालकर आग को बुझा दिया गया, ताकि किसी भी प्रकार की आगजनी या बड़ा हादसा न हो सके। अचानक हुए इस घटनाक्रम के बाद कुछ समय तक माहौल तनावपूर्ण और अफरातफरी भरा रहा, लेकिन प्रशासन और पुलिस की तत्परता से सभी लोग सुरक्षित रहे।

## डॉ विभ्राट चंद कौशिक को मातृ शोक

मझगांवा, गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी के नेता व पूर्व मंत्री तथा गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हाटा बाजार निवासी डॉ विभ्राट चंद कौशिक की माता कलावती चंद पत्नी स्व कुँवर बहादुर चंद का निधन मंगलवार की शाम को हो गया।

# विधायक ने सरस मेले का उद्‌घाटन किया



इटावा। नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति के तहत कन्या पूजन व सरस मेले का उद्घाटन राजकीय इंटर कॉलेज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्य अतिथि सदर विधायका सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में किया गया।

सरस मेले में सभी विभागों के स्टाल लगाए गए जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अन्नप्राशन एवं गोद भराई की रस्म की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां शारदा को पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायका ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मां भगवती की आराधना विभिन्न रूपों में की जाती है विद्या के क्षेत्र में जाते हैं तो मां सरस्वती की आराधना करते हैं। मातृशक्ति किसी भी पद पर कार्य करती है वह पूर्ण मनोयोग से करती है। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि मातृ शक्ति पूजन एवं मातृशक्ति को जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है मातृशक्ति को प्रणाम किया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा महिला शक्तियों को पहचान देने के लिए प्रयास करते हैं महिलाओं की गरिमा को बनाए रखना, नारी को पूजना ही नहीं बल्कि उसकी सुरक्षा का संकल्प करना भी हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की 101 बच्चियों को कन्या भोज कराया गया। संचालन निहारिका शुक्ला ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वक्फ निरीक्षक रामसुमेर रिश्वत लेते गिरफ्तार

इटावा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के वक्फ निरीक्षक राम सुमेर को कानपुर एंटी करप्शन टीम ने दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। वक्फ निरीक्षक पर आरोप है कि एक वक्फ के मकान पर कोठरी निर्माण परमिशन के लिए दस हजार रुपए की माग की गई थी। पीड़ित ने मंगलवार सुबह विकास भवन में स्थित कैंटीन पर जाकर जैसे ही दस हजार की रिश्वत वक्फ निरीक्षक रामसुमेर को दी वैसे कानपुर एंटी करप्शन टीम ने निरीक्षक को धर दबोचा। एंटी करप्शन टीम आरोपी रामसुमेर को थाना सिविल लाइन ले गई, जहां एंटी करप्शन टीम आगे की विधिक कार्रवाई में लगी हुई है। पीड़ित कल्लू ने बताया कि मेरे ससुर वक्फ के मकान में रहते थे, जिसकी छत टूट गई थी, उसी कोठरी के ऊपर लेंटर पड़ना था उसी निर्माण कार्य के लिए परमिशन मांगी गई थी, जिसके एवज में यह रिश्वत मांगी गई थी।

## समाज को साफ सफाई से रहने का संदेश दिया



इटावा। मानव उत्थान सेवा समिति शाखा द्वारा सद्गुरु सतपाल महाराज की प्रेरणा से स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के अवसर पर महात्मा रुद्राक्षानंद के मार्गदर्शन मे पक्काबाग तिराहा के आसपास सफाई कार्यक्रम किया। समिति के सदस्यो के द्वारा सफाई करके समाज को साफ सफाई से रहने का सन्देश दिया। महात्मा रुद्राक्षानंद ने कहा कि भगवान ने जीव को मानव चोला देकर संसार में भेजा हमें उस एक ईश्वर को भेजना था जो समस्त मानव के लिए है हम उसे भूलकर मजहबो में फंस गए हैं जिसमें अशांति उत्पन्न होती है हम आत्मज्ञान के माध्यम से उस एक ईश्वर को जानकर हम खुद अशांति पाकर समाज में भी शांति फैला सकते हैं। इस अवसर पर रजनीश शर्मा अधिशासी अभियंता विधुत, रामपाल सिंह एसडीओ विधुत, मातादीन शाक्य, रमेश शाक्य, पूनम शर्मा, मारग श्री, रमा देवी, रेनू यादव, कमलेश, रणवीर सिंह, मोहर सिंह, विमला देवी, पुष्पा देवी, बादशाह, पूनम आदि ने इस सेवा कार्य मे भाग लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयर में छाई बासमती चावल की खुशबू



इटावा। ग्रेटर नोएडा की इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में जनपद की गिरीश एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर व भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने भाग लेकर जनपद के बासमती चावल की खुशबू को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिखरने में महत्वपूर्ण उपलब्धि पाई है। 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित ट्रेड शो में 85 देशों से 525 खरीददार पहुंचे। इस आयोजन में बीटूबी 31650 बैठकें हुई, वहीं 2680 करोड रुपए के एमओयू साइन किए गए गए। इस आयोजन में 5 लाख से भी अधिक दर्शक पहुंचे। ट्रेड शो से भाग लेकर लौटे श्री गुप्ता ने बताया कि उक्त ट्रेड शो में हमारी कई देशों के खरीददारों से सार्थक बातें हुई हैं और उम्मीद है शीघ्र ही विदेशी व्यापार भी प्रारंभ हो जाएगा। ट्रेड फेयर में आस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, यूएई, नेपाल, भूटान, लंका, केन्या और युगांडा आदि से लोग पहुंचे थे। प्रदेश के उद्योग मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी ने ट्रेड शो को एक ग्रोथ इंजन के रूप में नई पहचान दिलाने वाला बताया है। वही एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पिछले दो वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष का ट्रेड शो काफी भव्य और विशाल रहा है। इसमें पुरानी कमियों को दूर कर करने की पूरी कोशिश की गई है। ट्रेड शो में भाग लेने युवराज गुप्ता के साथ प्रतिष्ठान के कुछ कर्मचारी गण भी शामिल रहे।

## शाखा प्रबंधक ने खाताधारकों को धक्का देकर निकाला



सैफई, इटावा। मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, हरदोईह्नसैफई शाखा में रुपए ट्रांसफर कराने गए दो खाताधारकों से शाखा प्रबंधक ने कथित तौर पर अभद्रता की और धक्का देकर उन्हें बैंक से बाहर निकाल दिया। घटना के बाद पीड़ितों ने उच्च अधिकारियों से लिखित शिकायत करने के साथ-साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी प्रकरण दर्ज कराया। पीड़ितों नगला जगत के निवासी मिनेश कुमार पुत्र जलबीर सिंह एवं दिलीप कुमार पुत्र बलबीर सिंह के अनुसार वे सुबह शाखा गए और अपने खातों से राशि ट्रांसफर कराने के लिए शाखा प्रबंधक से प्रक्रिया के बारे में पूछताछ की। आरोप है कि प्रबंधक ने ट्रांसफर करने से साफ इनकार कर दिया। जब कारण जानना चाहा गया तो प्रबंधक ने गाली-गलौज शुरू कर दी, दोनों को हाथ से धक्का देकर शाखा परिसर से बाहर निकाल दिया तथा धमकी दी कि शिकायत करलो, जो करना हो करवा लेना। पीड़ितों ने बताया कि शाखा में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरा घटनाक्रम दर्ज होगा और उसी के आधार पर सच्चाई सामने आएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि शाखा में प्रबंधक मनमाने तरीके से कार्य करता है और शाखा के आसपास बड़े पैमाने पर अनियमितताएं चल रही हैं। विशेष आरोप यह भी है कि बैंक द्वारा क्षेत्र में संचालित बीसी सेंटर परासना ग्राम पंचायत के नाम से संचालित है, किन्तु प्रबंधक ने वह सेंटर अपने एक परिचित को दे रखा है और वही व्यक्ति हरदोई में उक्त सेवाएँ चला रहा है जिसके चलते सेंटर के संचालन और लेन-देन में गड़बड़ियां हो रही हैं। पीड़ितों ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की पारदर्शी जांच कराई जाए और सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पीड़ितों ने रीजनल मैनेजर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इटावा के नाम लिखित शिकायत दी है और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है।

## पूर्व चेयरमैन पर 25 हजार का इनाम घोषित, वरिष्ठ लिपिक आत्महत्या मामले में पुलिस का एक्शन

इटावा। नपा परिषद में तैनात वरिष्ठ लिपिक राजीव यादव की आत्महत्या मामले में सपा चेयरमैन ज्योति गुप्ता के पति और पूर्व नपा अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता उर्फ संटू को पकड़ने के लिए 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। सोमवार देर रात एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कुलदीप गुप्ता को वांछित अभियुक्त घोषित किया। बीते 26 सितंबर को नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक और शिक्षक कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव रहे राजीव यादव ने यमुना नदी में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या से पहले उन्होंने दो पन्नों का सुसाइड नोट लिखा, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, उनके पति कुलदीप गुप्ता सन्टू, अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, सेवानिवृत्त पेशकार अतर सिंह सेंगर और सेवानिवृत्त अधीक्षक सुनील वर्मा पर गंभीर उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए। मृतक के पुत्र सिद्धार्थ यादव की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सभी पांचों को नामजद किया। मामला दर्ज होते ही आरोपी फरार हो गए थे। इसके बाद विवेचक काशिफ हनीफ ने उनके घरों पर नोटिस चस्पा कर पुलिस के समक्ष पेश होने की चेतावनी दी। मामला समाजवादी पार्टी की चेयरमैन से जुड़ा होने के कारण जिले की राजनीति में चर्चा में है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव और जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव मृतक के घर जाकर परिजनों से मिले और मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने भी परिवार से मुलाकात कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। शिक्षक कर्मचारी एसोसिएशन और विपक्षी दलों ने भी आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। राजीव यादव अपने संगठनात्मक काम और कर्मचारियों की आवाज बुलंद करने के लिए जाने जाते थे। उनके निधन ने नगर पालिका परिवार और कर्मचारी संगठनों को गहरे सदमे में डाल दिया है।

## गौशाला को रूपए न मिलने से व्यवस्था चरमराई

ऊसराहार, इटावा। समथर गौशाला को दूसरी पंचायतों से गौशाला के लिए रूपए न मिलने से व्यवस्थाए चरमरा रही है। समथर क्षेत्र की प्रमुख गोशाला में हालात दिनों-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। शासन के निदेशों के तहत ग्राम पंचायतों को अपनी निधि से 15 फीसदी भुगतान गोशाला को देना अनिवार्य है, लेकिन कई पंचायतों ने दो वित्तीय वर्षों से यह भुगतान नहीं किया है। इससे गोशाला की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं और पशुओं के लिए चारे-पानी का संकट गहराने लगा है।

**ग्राम पंचायत सुखऊपुर अशरफ पट्टी, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

**दिनांक : 29.09.2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सुखऊपुर अशरफ पट्टी, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक निविदा तिथि दिनांक 01.10.2025 से दिनांक 08.10.2025 को शाम 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत सुखऊपुर अशरफ पट्टी पर ग्राम प्रधान/सचिव को उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक-08.10.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरे पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | भारत के टयूबेल से फरवार तक खड़ण्जा निर्माण कार्य। | 4,31,423.00 | SOB ईंट एवं अन्य सामाग्री |
| 2. | हौसिला के घर से 375 नं. तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य। | 3,84,681.00 | प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट की गिटटी, पत्थर की गिट्टी मोरंग, बालू, सीमेन्ट सरिया अन्य सामाग्री |

**नोट**-समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

अजय कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सुखऊपुर अशरफ पट्टी

रामू चौहान
ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम
विकास अधिकारी

संक्षेप

## कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने शुभम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर निवासी कांग्रेस पार्टी के युवा नेता शुभम अग्निहोत्री को उत्तर प्रदेश कांग्रेस किसान प्रकोष्ट मे प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। उनके मनोनीत होने पर जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस सीतापुर नरेंद्र वर्मा, दिलशाद



खान, शोऐब आलम, जुबेर सिद्दीकी, अमित पांडे, मनीष वर्मा, अकीब खान, रियाज अहमद मोनू, ऋषि आर्या, उदय वीर यादव, मुश्ताक इदरिसी आदि ने बधाई दी है। स्व. नवनीत अग्निहोत्री के निधन के बाद शुभम अग्निहोत्री ने अपने पिता की राजनीतिक विरासत संभालते हुए कांग्रेस पार्टी के नगर उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस पद पर रहकर कार्य कर चुके है। इसके साथ कई प्रदेश में विधान चुनाव मे पार्टी ने चुनाव प्रभारी का दायित्व भी सौंपा। जिसमे उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। ऐसे मे पार्टी नेतृत्व ने उन्हे प्रदेश सचिव किसान प्रकोष्ट मनोनीत किया है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित

लखीमपुर खीरी। विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक मतदाता अब सावधान हो जाएं! भारत निर्वाचन आयोग ने बड़ा एलान करते हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह जानकारी जिलाधिकारी /सहा0 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, लखनऊ खण्ड शिक्षक / स्नातक निर्वाचन क्षेत्र जनपद खीरी ने दी। दरअसल, लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, इलाहाबाद, झांसी (स्नातक) और लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली, मुरादाबाद व गोरखपुर, फैजाबाद (शिक्षक) निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए विधान परिषद सदस्यों का कार्यकाल 6 दिसंबर 2026 को समाप्त हो रहा है। इसी कड़ी में आयोग ने 1 नवंबर 2025 की अर्हता तिथि तय करते हुए नामावली पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, लखनऊ मण्डल ने सार्वजनिक नोटिस जारी कर साफ किया है कि आवेदन केवल तय फॉर्म में ही मान्य होंगे। स्नातक मतदाताओं को फॉर्म-18 और शिक्षक मतदाताओं को फॉर्म-19 के साथ जरूरी अभिलेख संलग्न कर जमा करना होगा।अधूरे या नियम विरुद्ध आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

## मां को मनाने के लिए शुरू हुआ क्षेत्र में हवन पूजन

धौरहरा खीरी। शारदीय नवरात्र का त्योहार क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जा रहा है इसी कड़ी में क्षेत्र में अष्टमी-नवमीं को मां भवानी को प्रसन्न करने हेतु हवन कार्यक्रम होता है। मंगलवार को मंदिरों से लेकर घरों तक हवन कार्यक्रम धूम-धाम से सम्पन्न हुएं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की अष्टमी में महामाई को प्रसन्न करने के लिए मंदिरों से लेकर घरो तक हवन पूजन का कार्यक्रम मंगलवार सुबह से शुरू हो गये। धार्मिक मान्यता के मुताबिक मां भवानी के नौ अलग-अलग स्वरूपो का पूजन व प्रार्थना के साथ भक्तों द्वारा महामाई से मान्यता मांगने का चलन है।

# महेशपुर सेंटर को बजाज चीनी मिल से रखने की मांग



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) महेशपुर के किसानों ने गन्ना क्रय केंद्र बजाज चीनी मिल में ही रहने देने की मांग करते हुये एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी को ज्ञापन सौपा है।

सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड की 15 सितम्बर को हुई वार्षिक साधारण सभा की बैठक में महेशपुर के किसानों ने बजाज चीनी मिल से क्रय केंद्र हटाकर कुम्भी चीनी मिल में शामिल कराने की मांग की थी। जिसका अब किसान विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को गनेशपुर, रामदीनपुर, कन्हेयागंज, अशफीगंज, जनकपुर, भम्मापुर, बगचन, गौरीगंज, टीकापुर, सिंगहा, अयोध्या, मोतीपुर, त्रिलोकपुर के किसनों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कहा कि सभी लोग महेशपुर सेंटर के माध्यम से वह अपना गन्ना बजाज चीनी मिल गोला सप्लाई करते हैं। यहां से गोला की दूरी 8 से 10 किमी है, बजाज चीनी मिल की पिराई क्षमता अधिक होने के कारण सप्लाई पर्चियां समय से मिलती रहती हैं। जिससे वह पेडी गन्ने के खेत खाली करके गेहूं, मसूर, सरसों आदि फसलों की बुबाई करके अतिरिक्त आय प्राप्त कर लेते हैं। उक्त किसानों का कहना है कि कुछ लोग व कुम्भी चीनी के अधिकारी, कर्मचारी क्षेत्र में आकर किसानों को भ्रमित एवं प्रलोभन देकर महेशपुर सेंटर को कुम्भी चीनी मिल से जोड़े जाने का विवाद करा रहे हैं। कुम्भी चीनी मिल की पिराई क्षमता कम होने के कारण पर्चियां समय से नहीं मिल पायेगीं। जिससे किसानों के खेत समय से खाली नहीं हो पाने से गेहूं, मसूर, सरसों के फसलों की बुबाई नहीं हो पायेगी। उन्होंने महेशपुर सेंटर को यथावत रखने की मांग की है।

## विधानसभा में विकास कार्य को लेकर विधायक ने की बैठक

### सफाई-सड़क से लेकर शिक्षा तक मुद्दों पर चर्चा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गोला विधानसभा क्षेत्र में नगर के जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं की एक बैठक एवं जनभ्रमण कार्यक्रम विधायक अमन गिरि द्वारा किया गया। इस दौरान नगर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर मंथन किया गया और स्थानीय समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

नगर की सफाई व्यवस्था और जल निकासी की दिक्कतें, सड़कों की मरम्मत और यातायात सुगमता ,युवाओं के लिए रोजगार अवसर, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की पहल का मुद्दा रहा। सभी ने नगर के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। विधायक अमन गिरि ने कहा कि सकारात्मक परिवर्तन



तभी संभव है जब जनभागीदारी और संवाद को प्राथमिकता दी जाए।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से परराजन साहनी, डॉ. एनके वर्मा, विनय सिंह, देवेन्द्र वर्मा, शैलेन्द्र सिंह, विवेक अवस्थी, जय राम सिंह, फूल चंद पाण्डेय, दिनेश शर्मा, देवराज भसीन, अनिल शुक्ला, आनन्द किशोर, पंकज कोहली, मान दाता शर्मा, सतीश शर्मा, आयुष भारती, गौरव सिंह, प्रवेश कटियार, धर्मेंद्र शर्मा और मुकुल परासर मौजूद थे।

## एसआरजीएमए में श्रीराम कथा का मंचन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में मंगलवार को बुराई पर अच्छाई की जीत थीम पर श्रीराम कथा का मंचन किया गया। कार्यक्रम में रमन हाउस, अशोका हाउस, टैगोर हाउस और शिवाजी हाउस के छात्र-छात्राओं ने रामकथा के अलग-अलग प्रसंगों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय प्रांगण प्रभु श्रीराम के जयकारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर शिक्षक राजीव प्रकाश शर्मा ने मयादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्श हमारे जीवन पथ को सही दिशा देते हैं। डायरेक्टर मोहितपुरी ने कहा कि हमें सदैव अच्छाई के मार्ग पर चलना चाहिए क्योंकि अंततः अच्छाई की ही जीत होती है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संगम गुप्ता ने किया। मौके पर जगदीश अवस्थी, विकास शुक्ला सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सुनैना बनी एक दिन की कोतवाल




मोहम्मदी खीरी। कोतवाली परिसर में नारी शक्ति और सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सिविलियन विद्यालय की छात्रा को कोतवाल बनाने पर अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया है।

वहीं छात्रा ने दिन भर में आई शिकायतों का निस्तारण भी किया है। कोतवाली परिसर में नारी शक्ति, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गांव गुरेला के सिविलियन विद्यालय में कक्षा 6 की छात्रा सुनैना देवी को 1 दिन के लिए कोतवाल नियुक्त होने पर सीओ अरुण कुमार सिंह, तहसीलदार अरुण कुमार , निरीक्षक उमेश चौरसिया ने नई कोतवाल को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने नारी सुरक्षा के लिए जागरुक करते हुए आपातकालीन सुरक्षा सहायता के लिए टोल फ्री नंबर की जानकारी दी है। अधिकारियों ने कावड़ यात्रा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र बनते हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्राएं छात्र मौजूद रहे।

# विद्या मंदिर की छात्रा आशी गुप्ता एक दिन की बनी कोतवाल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति नारी सशक्तिकरण अभियान के तहत बेटियों को नेतृत्व और प्रशासनिक अनुभव देने की पहल के क्रम में मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा आशी गुप्ता को एक दिन के लिए कोतवाल बनाया गया।

छात्रा आशी गुप्ता ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कोतवाली की कमान संभाली। उन्होंने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और समाधान के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया और महिला हेल्प डेस्क, जन सुनवाई रजिस्टर, एफआईआर प्रक्रिया, सीसीटीएनएस प्रणाली सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी ली। आशी गुप्ता ने विशेष रूप से महिला उत्पीड़न, घरेलू विवाद और साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों पर गंभीरता दिखाई और तत्काल कार्रवाई करने को कहा। फरियादियों ने भी एक दिन की कोतवाल के व्यवहार से संतोष जताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया व प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने छात्रा आशी गुप्ता को बुके भेंटकर बधाई दी। छात्रा आशी गुप्ता सिनेमा रोड की निवासी है। प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने, किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना है।

## जिला उद्योग बन्धु सिंगल विंडो निवेश मित्र की बैठक संपन्न




सीतापुर। शासन द्वारा गठित जिला उद्योग बन्धु सिंगल विण्डो निवेश मित्र की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव, निवेश मित्र पोर्टल, निर्यात प्रोत्साहन योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेम पोर्टल, क्लस्टर विकास योजना, एम०ओ०यू० इत्यादि योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य परक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण कराया जाये। बैठक में औद्योगिक आस्थान सराय मल्हुई सीतापुर के उद्यमियों द्वारा आस्थान में जलभराव की समस्या के निराकरण कराये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त समस्या के निराकरण हेतु जिलाधिकारी द्वारा लोक निर्माण निर्माण खण्ड सीतापुर एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर को निर्देशित किया गया कि आस्थान के उद्यमियों के साथ नाले का स्थलीय सर्वे करते हुए बंद नाले को खुलवाते हुए समस्या का समाधान करायें। बैठक में प्रमुख रूप से नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, नेहा सिंह उद्यमी मित्र सीतापुर, क्षेत्रीय अधिकारी उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ, उप अग्रणी जिला प्रबन्धक, इण्डियन बैंक, सीतापुर, एस०डी०ओ० फारेस्ट सीतापुर, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग सीतापुर, विजय बंसल, अध्यक्ष, औद्योगिक आस्थान वि०सह०समि० सरांय मल्हुई सीतापुर, विवेक अग्रवाल, सदस्य आईआईए सीतापुर, सहित अनेक उद्यमीगण व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## विंध्याचल में डीएम, एसपी को किया गया सम्मानित

विंध्याचल, मीरजापुर। मां विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में मां की आरती के समय वेद पारायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा सम्मिलित हुए। इस दौरान वेद पाठी एवं वैदिक बटुक गुण के साथ प्रधान अर्चक आचार्य अगस्त्य कुमार द्विवेदी ने जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मां विंध्यवासिनी देवी का चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान अर्चक प्रशांत कुमार मिश्र, अर्चक सुनील कुमार पांडे, अर्चक आयुष कुमार, अर्चक देवी प्रसाद चौबे आदि उपस्थित रहे।

## भांजे ने मामी पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर मामा की हत्या का लगाया आरोप

गांव में चर्चा का बाजार गर्म मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला शंकरपुर छावनी में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई जिसमें भांजे ने अपनी मामी पर अवैध संबंधों के चलते प्रेमी से मिलकर मांमा की हत्या करने आरोप लगाने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस को भांजे अमन ने बताया मोहल्ला शंकरपुर छावनी में उसके मामा रंजीत 35 वर्षीय मामी मंगेशा के साथ रहते थे। सोमवार रात 8 बजे करीब अचानक उनकी मौत हो गई थी जिसकी सूचना मामी ने नहीं दी थी। घटना की जानकारी रात 10 बजे गांव वालों से मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना देकर बताया मामी के गांव के एक अन्य लड़के के साथ अवैध संबंध थे। जिसके चलते उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर मेरे हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को रात में ही पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। मृतक अपने पीछे तीन बच्चे प्रिंस, राजवीर और आयुष को रोते बिलखते छोड़ गया है। सीओ अरुण कुमार सिंह के अनुसार मामला संदिग्ध है मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट मिलते ही कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## रमेश अग्रवाल ने जीएसटी की गिनाई उपलब्धियां

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश वैश्य व्यापारी महासभा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में जीएसटी की घटाई गई दरों की दी जानकारी।




योगेश वर्मा सदर विधायक, उत्तर प्रदेश वैश्य व्यापारी महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 295 वस्तुओं से जीएसटी की दरों में की गई कमी से जनता में खुशी है। जीएसटी की दरों में आई कमी से व्यापारियों को त्यौहार में लाभ होगा। जीएसटी के दरें कम होने पर व्यापारीयों ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंप कर बचत उत्सव के रूप में मनाया है। जीएसटी कमी का विशेष उत्साह है घर-घर में मनाया जा रहा है। सदर विधायक योगेश वर्मा ने जीएसटी की दरों की जानकारी देते हुवे प्रेस वार्ता में बताया कि यह भाजपा सरकार ने जीएसटी की दरों में भारी कमी की है।फायदा जनता को सीधे मिलेगा।इस मौके पर भाजपा नेता कुलभूषण सिंह, कवि आशीष अनिल, अशोक अवस्थी, पारुल गुप्ता सहित आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## कोतवाली सदर पुलिस चोर को पकड़ा



लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली लखीमपुर क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर मंडी के सामने संचालित श्याम सुंदर फार्मा मेडिकल एजेंसी से रविवार की रात लगभग 8 बजे गुल्लक में रखे 60 हजार रुपए चोर लेकर फरार हो गया था, सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने चोर की पहचान कर चोर को पकड़ लिया। पकड़े गए चोर के पास राजपुर चौकी इंचार्ज संचित यादव ने 50 हजार की नगदी बरामद कर चोर अभियुक्त विवेक वर्मा उर्फ प्रिंस को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त विवेक वर्मा प्रिंस पर पहले से कई मुकदमे दर्ज है। पकड़े गए चोर अभियुक्त ने अपना नाम विवेक वर्मा उर्फ प्रिंस निवासी ईदगाह कोतवाली सदर बताया है। इस संदर्भ में राजापुर चौकी इंचार्ज संचित यादव ने बताया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी विवेक वर्मा उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 50 हजार रुपए की नगदी बरामद की गई है।

## वित्तीय साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को दी गई जानकारी




धौरहरा खीरी। तहसील धौरहरा की ग्राम पंचायत केशवापुर में क्रिसिल फाउंडेशन के फील्ड कॉर्डिनेटर राजेश कुमार दीक्षित द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। श्री दीक्षित द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर मे लोगों को बैंक से संबंधित सुरक्षा बीमा जीवन ज्योति बीमा, सुकन्या समृद्धि योजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कैम्प में विशेष रूप से ग्रामीणों को बचत के बारे में जगरूक किया गया। ग्रामीणों को हो रहे रही ऑनलाइन धोखा धडी से बचाव की जानकारी दी गई। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सरस्वती टाकीज में लगी आग



शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्लागंज स्थित सरस्वती टॉकीज में मंगलवार सुबह 11.30 बजे आग लग गई। जिससे सब कुछ जलकर राख हो गया। हादसे के वक्त टाकीज में कोई शो न चलने से जनहानि का खतरा नही रहा। शुरूवाती जांच में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

बता दें कि गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राजधानी मार्ग पर स्थित सरस्वती टॉकीज में मंगलवार सुबह आग लग गई। अचानक धुएं का गुबार आसमान में उठने लगा। आग की बात फैलते ही माहौल अफरातफरी से पूर्ण हो गया। टॉकीज के अंदर से आग की बडी लपटें उठ रही थीं। टॉकीज के अंदर मौजूद सामान कुर्सी-मैट सहित सारा सामान धू धू कर जल उठा। घटना की सूचना आनन-फानन में फायर बिगेड को दी गयी। करीब आधे घंटे की देरी से फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। किसी तरह आग बुझाने का काम शुरू किया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कही जाकर बडी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। गौर करने वाली बात यह रही कि आग लगभग ग्यारह बजे के आस पास लगी, उस टाइम टॉकीज में कोई शो नहीं चल रहा था। टॉकीज में शो साढ़े 12 से स्टार्ट होकर साढ़े तीन तक चलता है। टॉकीज में लाखों रुपए के नुकसान की आशंका व्यक्त की जा रही है.

मामले में मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनूप सिंह का कहना है कि जब आग लगी थी, तब कोई शो नहीं चल रहा था। केवल टॉकीज का स्टाफ और कर्मचारी थे। वह लोग बाहर थे। इसलिए कोई जनहानि या घायल नहीं हुआ है। उनके अनुसार, आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना है। हालांकि जांच जारी है।

## उलट-पलट कपि लंका जारी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) मेला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव के नौवें दिन दर्शकों ने हनुमान द्वारा माता सीता की खोज का रोमांचक मंचन देखा।

मंचन में हनुमान लंका पहुंचे और विभीषण से माता सीता का पता पूछा। फल खाने का बहाना बनाकर हनुमान जी ने अशोक वाटिका को उजाड़ दिया। रावण ने अपने पुत्र समेत कई राक्षसों को पकड़ने भेजा, जिन्हें हनुमान जी ने मार गिराया। इसके बाद मेघनाद ने हनुमान जी को ब्रह्मफास में बांधकर रावण के सामने पेश किया। राक्षसों ने हनुमान जी की पूंछ में आग लगाने की योजना बनाई, लेकिन हनुमान जी ने सोने की लंका को जला दिया। इस अवसर पर रावण-अंगद संवाद और श्रीरामेश्वरम लिंग की स्थापना का भव्य मंचन भी किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, अवधेश मिश्रा, महामंत्री पंकज गुप्ता, रामगुलाम पांडे, कृष्णा बाजपेई, पंकज मिश्रा, रामरक्षपाल राजपूत, संजय वर्मा, रामस्वरूप यादव सहित सैकड़ों रामलीला प्रेमी मौजूद थे।

## महिला के साथ छेड़खानी व धमकी देने का अरोपी गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर पर बीते 29 सितंबर 2025 को एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादिनी के साथ छेड़खानी व धमकी देने के संबंध लिखित तहरीर दी गई। सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त महिला सम्बन्धित अपराध की घटना को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मड़िहान पर पंजीकृत अभियोग में पतारसी-सुरागरसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को उपनिरीक्षक राजेश सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से आरोपी धर्मेन्द्र सेठ चकबन्दी लेखपाल तहसील मड़िहान जनपद को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## अभद्र टिप्पणी करने वाली महिला गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर अभ्रद व साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।महिला द्वारा की जा रही टिप्पणी के खिलाफ कोतवाली सदर पुलिस ने महिला के खिलाफ 800/25 धारा 299 बीएनएस व 66 आई टी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभद्र टिप्पणी करने वाली महिला सलमा उर्फ टीना पुत्री असलम खां उम्र 31 वर्ष निवासी आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली सदर खीरी को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध हरिप्रकाश यादव ,हे0का0 सुनील कुमार,का0 आजाद सिंह,म0का0 प्रिया थाना कोतवाली सदर सहित आदि मौजूद रहे।

## शारदीय नवरात्रि पर भंडारे का आयोजन



पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के अवसर पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। श्रद्धालु जगह-जगह मां की भक्ति में लीन होकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। ग्राम हुलासी खेड़ा स्थित नहर पुल पर दिन में भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रमुख रूप से सुरेश कुमार मिश्रा, वंदना मिश्रा, पंकज मिश्रा, रितिक सिंह सुंदर, शिव प्रसाद, शिवनाथ, आसाराम, विकास तिवारी और शाहिल सहित भारी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। आयोजन समिति ने सभी का आभार जताया और भविष्य में भी इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

संक्षेप

## सड़क हादसे में बस चालक की मौत

जौनपुर । सरपतहां थाना क्षेत्र के रुधौली बाजार में सोमवार की आधी रात एक सड़क हादसा हो गया। एक ट्रक का टायर पंचर हो गया था और चालक उसे सड़क किनारे खड़ा कर मरम्मत करवा रहा था। इसी दौरान सुल्तानपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही शाहगंज डिपो की रोडवेज बस ने खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे शाहगंज के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 40 वर्षीयष्बृजेश यादव पुत्र हंशराज यादव, निवासी ग्राम शेखाही, थाना सरपतहां के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में रोडवेज बस चालक के पद पर कार्यरत थे। बृजेश यादव अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनके पिता स्व. हंशराज यादव का निधन केवल दो माह पूर्व ही हुआ था। मृतक बृजेश यादव हृदय रोग से पीड़ित थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि दुर्घटना के समय उन्हें हार्ट अटैक आया होगा, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ।घटना की सूचना पाकर सरपतहां पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक और बस को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। इस हादसे के बाद मृतक के गांव में कोहराम मच गया ।थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया घायल चालक की मृत होने की सूचना मिली है शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## चेकिंग अभियान के तहत बभनी पुलिस ने की करवाई

बभनी (सोनभद्र) पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में बभनी पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया और चार वाहनों का चालान करने के साथ एक वाहन की काली फिल्म भी उतरवाया और विधायक लिखी वाहन का पास हटवाया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक बभनी कमलेश पाल ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया गया है और यह चेकिंग अभियान क्रमवार चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि आज दिन सोमवार को चेकिंग अभियान के दौरान एक काली फिल्म लगे शीशे हटवाए गए और साथ ही चार वाहनों का चालान किया गया साथ में एक विधायक पास लिखे वहां में से पास हटवाया गया। यह चेकिंग अभियान में संदिग्ध गाड़िया की भी धर पकड़ की जा रही है जिससे कि कोई समाज विरोधी गतिविधि क्षेत्र में न हो सके इसके लिए जगह जगह पर निगरानी की जा रही है लोगो से अपील भी किया कि किसी भी तरह की कोई संदिग्ध गतिविधि मिले तो तुरंत बभनी पुलिस को सूचना दें।

## आईजीआरएस के प्रकरणों को गुणवत्ता युक्त करें निस्तारितः डीएम

आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि धारा 52 के प्रकाशन के बाद भी कब्जा परिवर्तन न करने वाले चकबंदी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी चकबंदी अधिकारी नियमित रूप से कोर्ट में बैठना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोर्ट केस में डिस्पोजल की संख्या बढ़ाए। जिलाधिकारी ने चकबंदी से सम्बंधित कोर्ट केस के निस्तारण में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर चकबंदी अधिकारी फूलपुर अखिलेश पांडेय एवं संजय कुमार सिंह, चकबंदी अधिकारी सठियाँव अनुज सक्सेना एवं चकबंदी अधिकारी जहानागंज मनोज कुमार पांडेय को स्पष्टीकरण देने तथा उसकी कॉपी चकबंदी आयुक्त को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के नरेशन अनुसार चकबंदी से संबंधित समस्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आदेश होने के बाद निस्तारण की संख्या पोर्टल पर विलंबतम तीन दिन के अंदर अपलोड करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया की चकबंदी से संबंधित आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों में शिकायतकर्ताओं से बात करें एवं क्षेत्र भ्रमण कर आवेदकों को संतुष्ट करते हुए गुणवत्तायुक्त निश्चित करें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर लंबित समस्त आवेदनों को निर्धारित अवधि में निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर कोई भी प्रकरण डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।

# विभीषण के समझाने पर उग्र हुआ रावण



रेणुकूट/सोनभद्र। हिण्डाल्को रामलीला परिषद के तत्वावधान में रामलीला के सातवें दिन सीता की खोज, विभीषण हनुमान मिलन, अशोक वाटिका का प्रसंग, रावण-हनुमान संवाद, विभीषण शरणागति, लंका दहन, विभीषण शरणागति और सेतुबंध रामेश्वर स्थापना की लीला का जीवंत चित्रण किया गया। हनुमान जी जब अशोक वाटिका में जाते हैं और विभीषण से भेंट होती है तो उनके मधुर वचनों से विभीषण का हृदय रामभक्ति से भर उठता है।

माता-सीता से भेंट कर हनुमान ने राम की मुद्रिका देकर उन्हें आश्वस्त किया। रावण और हनुमान का संवाद दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक रहा। हनुमान की पूँछ से लगी आग में पूरी लंका जल उठी। रावण को उनके अनुज विभीषण द्वारा समझाया जाता है कि राम और आप संधि कर लीजिए और माता जानकी को आदर सहित राम को सौंप दीजिए, ऐसा करने से आपका ही भला होगा।

यह सुनकर रावण क्रोधित हो जाता है, विभीषण को पैर की ठोकर मारकर लंका से बाहर कर देता है। विभीषण राम जी की शरण मे आ जाता है, राम जी विभीषण से पूछते है कि सागर को कैसे पार किया जाए। तब विभीषण के बताए अनुसार राम जी सागर से रास्ता मांगने के लिए उससे विनय करते है। तीन दिन बीत जाने के पश्चात राम जी क्रोध से सागर को सुखाने के लिए ब्रह्मास्त्र का संधान करते है। तब सागर प्रकट हो जाता है। क्षमा याचना करता है और राम जी को सेतु बनाने के लिए मार्ग बताता है। नल-नील के नेतृत्व में सेतु निर्माण का कार्य प्रारंभ होता है और राम जी रामेश्वर भोले नाथ की स्थापना करते हैं। मंचन से पहले मुख्य अतिथि जिला श्रम आयुक्त अरुण कुमार व उनकी धर्मपत्नी, कर्मचारी संबंध प्रमुख अजय कुमार सिन्हा व उनकी धर्मपत्नी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने वैदिक विधि-विधान से गणेश पूजन कर मंचन का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान रामलीला परिषद के अध्यक्ष पी.के.उपाध्याय, सचिव आदित्य प्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्रा एवं निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत मौजूद रहे।

## केन्द्र में कन्या पूजन, अन्नप्राशन व गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन

मीरजापुर। सदस्य राज्य महिला आयोग उप्र श्रीमती नीलम प्रभात की अध्यक्षता में 8 वां राष्ट्रीय पोषण माह-2025 एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत पोषण पुनर्वास केन्द्र में कन्यापूजन, अन्नप्राशन एवं गोदभराई के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य के बारें में जानकारी ली गयी और उन्हें फल का वितरण किया गया। इसके पश्चात बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का फॉर्म भरवाया गया।

महिला आयोग की सदस्य द्वारा कहां गया कि अपने आस-पास वोकल फार लोकल के अन्तर्गत सहज, सुलभ एवं निःशुल्क पोषणयुक्त खाद्य पदार्थ मौजूद है जिसका सेवन कर अपना तथा अपने परिवार को कुपोषण से दूर रख सकती है जैसे-सहजन, हरे पत्तेदार सब्जी, मोटेअनाज का प्रयोग कर भोजन की पौष्टिकता बढ़ाकर अपने परिवार को स्वस्थ रखा जा सकता है। एक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार एवं सशक्त देश के निर्माण में सहभागी बनें। मोटापा कम करने के लिए चीनी, तेल एवं नमक का उपभोग कम करना चाहिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं धात्री महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहां कि वे अपने स्वास्थ्य एवं पोषण का विशेष ध्यान रखें, नियमित जांच कराती रहे और पोषणयुक्त भोजन ग्रहण करें, जिससे आने वाला बच्चा स्वस्थ्य पैदा हो। शून्य से 6 माह के आयु तक के बच्चों को केवल मां का दूध पिलाये एवं 6 माह के बाद मां के दूध के साथ-साथ ऊपरी आहार को भी खिलाना सुनिश्चित करें और बच्चे को सभी टीका लगवाये। महिला आयोग की सदस्य ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य सुधार एवं पोषण स्तर बढ़ाने में सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अपेक्षा की कि वे गांव-गांव तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं। इसके साथ ही इस कार्यक्रम का आयोजन सभी विकास खण्डों में ब्लाक प्रमुख एवं खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। सभी केन्द्रों पर अष्टमी पर कन्या पूजन कर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार का संदेश दिया गया। प्रधानमंत्री के विजन सुपोषण भारत के लिये बच्चों के शुरूआत 2000 दिन के बारें में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी, एनआरसी प्रभारी, महिला कल्याण विभाग के अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर, मुख्य सेविका तथा आंगन बाड़ीकार्यकत्री उपस्थित रही।

## महाष्टमी पर उमड़े श्रद्धालु, किया कन्या पूजन



जौनपुर। नवरात्रि के पावन अवसर पर महाष्टमी पर मंगलवार को देवी मन्दिरों एवं पूजा पण्डालों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सवेरे से ही मां शीतला धाम चौकिया और श्री माँ शारदा शक्तिपीठ मैहर माता मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी रही। प्रातःकाल जैसे ही पट खुले, भक्तों ने माता के दर्शन किए और मंगला आरती में भाग लिया। आरती के समय पूरा मंदिर परिसर जय माता दीष्के जयकारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्ति मय हो गया।

विधिपूर्वक देवी कलश, गौरी-गणेश और अन्य देवी-देवताओं की पूजा संपन्न कराई गई। मंदिर की परंपरा अनुसार अष्टमी के दिन नौ कन्याओं की पूजा कर उन्हें खीर-पूरी का भोग अर्पित किया गया। दिनभर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। माता के दर्शन हेतु दूर-दराज से आए श्रद्धालु फूल, नारियल, चुनरी और प्रसाद अर्पित करते नजर आए। दर्शन के लिए लगी लंबी कतारें देर रात तक जारी रहीं। पूरे मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया था। भक्तों ने माँ शारदा के चरणों में शीश नवाकर सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। ज्ञात हो कि महाअष्टमी पर सुबह विशेष पूजा-अर्चना की शुरूआत शुद्ध घी का दीपक जलाकर की गई। इसके बाद मां को लाल चुनरी और श्रृंगार का सामान अर्पित किया गया। कुमकुम, अक्षत, मौली, लाल पुष्प, लौंग और कपूर से विधिपूर्वक षोडशोपचार पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां की आरती उतारी और मिष्ठान्न, फल व मेवा का भोग अर्पित किया। मंदिर परिसर में कन्या पूजन का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने छोटी-छोटी कन्याओं को पूजकर उन्हें उपहार और प्रसाद भेंट किया।आज दिनभर मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंजता रहा। भक्तों का कहना है कि महाअष्टमी पर मां कल्याणी देवी की पूजा करने से जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है।

## आठवें स्वरूप मां महागौरी की घर-घर हुई आराधना

आजमगढ़। शारदीय नवरात्र के नौवें दिन मंगलवार को मां आदि शक्ति के आठवें स्वरूप मां महागौरी की घर-घर आराधना की गई। मंदिरों पर पूजन-अर्चन के लिए अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भक्तों ने कतारबद्ध होकर महागौरी माता के दर्शन किए। घंट-घड़ियाल और मां के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। नवरात्र के अष्टमी पर मंगलवार को अलसुबह से ही भक्तों ने मंदिर पहुंचकर महागौरी माता की स्तुति कर विधि विधान से पूजन अर्चन किये। शंख, घंट-घड़ियाल के ध्वनि के साथ देवी मंदिरों में संगीतमयी आरती हुई। घरों में भक्तों ने महागौरी माता की पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की।

प्रमुख मंदिरों पर मां महागौरी की पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह यज्ञ-हवन का आयोजन कर मंत्रोच्चारण के बीच आहुति दी गयीं। मंदिरों में रंग-बिरंगी रोशनी की गई और फूलों से सजाया भी गया। लोगों ने पूजा कर परिवार की खुशहाली के लिए मन्नतें मांगी और व्रत रखे। नगर के चैक स्थित दक्षिणमुखी मंदिर, बेलइसा स्थित मां काली हनुमान मंदिर, पल्हनी स्थित बौरहवा बाबा मंदिर, सिंचाई कालोनी स्थित मां संतोषी मां मंदिर, मातबरगंज स्थित दुर्गा मंदिर, रैदोपुर स्थित दुर्गा मंदिर समेत नगर के अन्य मंदिरों में भी भक्त पहुंचे। मातारानी का फूलों से श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सभी प्रमुख मंदिर परिसर के बाहर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही।

## बिना दबाव के यातायात नियमों का करायें पालन : दयाशंकर सिंह

मीरजापुर। मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह उपस्थित हुये उनके द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे बिना किसी दबाव के लोंगों को हेल्मेट लगाने, सीटबेल्ट लगाने, बिना मोबाइल प्रयोग किये वाहन चलाने, रांग साइड ड्राइविंग न करने, बिना कोई नशा किये या शराब पिये वाहन न चलाना आदि यातायात नियमों का पालन कड़ाई से करायें जैसे हम लोंगो को जिन अध्यापकों द्वारा अनुशासन प्रिय बनाने के लिये कड़ाई की जाती थी, जिसके कारण हमलोग पढ़ाई में सफल होकर अधिकारी, इन्जीनियर, डाक्टर आदि बन सके हैं। उन अध्यापकों को आज हम सम्मान की दृष्टि से देखते हैं।

इसी प्रकार यातायात नियम पालन कराते हुये लोगों की जीवन रक्षा करने पर दुर्घटना होने की स्थिति में और जीवन बचने पर हमें सम्मान की दृष्टि से देखेंगे। पहले की तुलना में सड़कों पर होर्डिंग की संख्या अब कम दिखाई दे रही है। अतः लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, उपसा अपनी सड़कों पर वाहन धीमें चलायें घर पर बच्चे प्रतिक्षा कर रहे हैं या आगे अन्धा मोड़ है, धीमी गति से वाहन चलायें इस प्रकार के स्लोगन लगवाये जाय। शासन के द्वारा स्कूलों के पाठ्यक्रम में यातायात नियमों को भी सम्मिलित किया गया है। इसके अलावा लाइसेन्स बनायें जाने की प्रक्रिया को और कड़ा किये जाने कि आवश्यकता है। इसके लिये सरकार जनपदों में ड्राइविंग ट्रेनिंग इन्सीट्यूट की स्थापना करा रही है, जिससे कि पर्याप्त प्रशिक्षण के पश्चात लाइसेन्स जारी हो सके। इसी प्रकार वाहनों की फिटनेस के लिये आटो मैटिक फिटनेस सेंटर की स्थापना करायी गयी है जहां पर बिना मानवीय हस्तक्षेप के वाहनों की फिटनेस हो रही है। आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल, के द्वारा सभी विभाग के अधिकारियों को सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर अवगत करायें जिससे उसे राहगीर योजना के अन्तर्गत रूपया 25000 हजार व प्रशंसा पत्र दिया जा सके। आयुक्त के द्वारा बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि अज्ञात वाहन से होने वाली दुर्घटना से पीड़ित परिवारजनों को अपने उप जिलाधिकारी से मिलकर सोलेशियम स्कीम के तहत प्रार्थना पत्र दिलवायें जिससे उन परिवारों को सहायता धनराशि उपलब्ध करायी जा सके।

## हॉस्पिटल में लापरवाही, महिला की करंट से मौत



जौनपुर। जिले में निजी अस्पतालों की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। अभी तक इलाज में लापरवाही से मरीजों की मौत की खबरें आती रही थीं, लेकिन अब नगर कोतवाली क्षेत्र के नईगंज स्थित ट्यूलिप हॉस्पिटल में एक तीमारदार महिला की उस समय जान चली गई।

जब वह वाटर कूलर के पास वह करंट की चपेट में आ गयी। बताते है कि सरपतहा थाना क्षेत्र के सुइथा गांव निवासी लालती देवी इलाज के लिए भर्ती थीं। उनकी तिमारदारी में बेटा प्रदीप गौड़, बहू गुड़िया समेत पूरा परिवार मौजूद था। सुबह करीब साढ़े दस बजे परिजन पानी भरने के लिए हॉस्पिटल परिसर में लगे वाटर कुलर के पास पहुंचे। वहां सकरी जगह में दो बड़े जनरेटर सेट के बीच वाटर कुलर लगाया गया था। पानी भरते वक्त तीमारदार गुड़िया करंट की चपेट में आ गई। परिजनों का आरोप है कि करंट लगने के बाद डॉक्टर और स्टाफ ने इलाज तक करने से मना कर दिया, किसी ने छूने तक की कोशिश नहीं की। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिजन भड़क उठे और हॉस्पिटल में हंगामा किया। लोगों का कहना है कि अस्पताल ने सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की है। सकरी जगह में जनरेटर और वाटर कुलर लगाने से यह हादसा हुआ, जिससे साफ है कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही ने एक महिला की जान ले ली। निजी अस्पतालों मे महीने में कई बार लापरवाही से मौत होती है लेकिन कार्यवाही के नाम पर सब लीपापोती कर दी जाती है। आरोप में अधिकारी जांच के नाम पर मोटी रकम वसूलते है और अस्पतान और वहां की व्यवस्था में कोई चूक नहीं दर्शाते, मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए जीवन भर का रोना बन जाते है और विभाग ऐसे मामलों में कमाई कर किनारे हट जाता है।

## धोखाधड़ी करने के आरोप में महिला गिरफ्तार

आजमगढ़। जनपद की रानी की सराय पुलिस ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी करने वाली एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। अभियुक्ता की पहचान विद्यावती देवी (45) के रूप में हुई, जो बलिया कल्याण, थाना मुबारकपुर की निवासी है और वर्तमान में कोतवाली थाना क्षेत्र के मड़या जयराम मुहल्ले में रह रही थी। 10 जुलाई 2025 को संतोष कुमार यादव, निवासी चक सेठवल, थाना रानी की सराय, ने शिकायत दर्ज की थी कि विद्यावती देवी ने फर्जी रजिस्ट्रेशन और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उनके और उनकी मां के फर्जी हस्ताक्षर के साथ-साथ फर्जी आईडी पेश की थी। इस शिकायत के आधार पर थाना रानी की सराय में मुकदमा संख्या 213/2025, धारा 319(2), 318(4), 339, 336(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत, क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव के साथ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर विद्यावती देवी को तहसील परिसर सदर, आजमगढ़ से दोपहर 3:50 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कांस्टेबल आलोक यादव और महिला कांस्टेबल सुनैना वर्मा भी शामिल थीं। वर्तमान में अभियुक्ता के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## आये दिन चोरी की वारदातों से ग्रामीण में दहशत

जौनपुर ।थाना सराय ख्वाजा क्षेत्र में ड्रोन उड़ने एवं चोरियां होने की घटनाये लगातार सामने आ रही है। जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। अपनी सम्पत्ति के सुरक्षा के लिए ग्रामीण रात भर लाठी डंडा टॉर्च लेकर जागते रहो कहते हुए दहशत भरी जिंदगी जी रही है। बताया गया है कि भटेवरा ग्राम में बीते दिनों एक ही रात चार घरों में चोरियां हुई और लाखों का सामान चोर समेट ले गये। करंजाकला गांव में चोरी हुई। उसके बाद मनवल गांव में चोरी हुई। इसी क्रम में छबीलेपुर में भी चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इससे ग्रामीणों की नींद उड़ गयी है। इतने के बावजूद अभी तक पुलिस किसी भी चोरी का पदार्फाश नहीं कर पाई है। ड्रोन उड़ना पुलिस प्रशासन अफवाह बताती है। लोगो का कहना है कि शासन व प्रशासन से जानने चाहते है ड्रोन अगर किसी सरकारी सर्वे के लिए उड़ रहा है तो जनता को बतावे जिससे भ्रम की स्थिति दूर हो सके, सत्यता सामने आवे। जनपद के शाहगंज, केराकत, गौरा बादशाहपुर से इस तरह की खबरें आ रही है। कुछ दिन पहले कई अन्य थाना क्षेत्रों में ड्रोन और चोरियों की वजह से भय का माहौल बना था। इन घटनाओं से जनता शासन व प्रशासन के प्रति आक्रोशित है और खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। पुलिस चोरियों का पदार्फाश न करके अपनी नाकामी छिपाने का प्रयास कर रही है।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए छात्राओं में आत्मविश्वास जरूरी

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह एवं सेवा पखवाड़ा ह्न के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज, आदमपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज की नींव मातृशक्ति के हाथों रखी जाती है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन लक्ष्य की ओर अग्रसर हों। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से बालिकाओं को कॉपी, पेन, पेंसिल एवं फल वितरित किए गए। विद्यालय की वार्डन एवं प्राचार्या श्रीमती किरणबाला मिश्र ने विद्यालय की उपलब्धियों, नवाचार गतिविधियों और छात्राओं की प्रतिभाओं की जानकारी साझा की। ऑ. अवधेश मौर्य, डॉ. दिनेश कुमार, सतीश कुमार तथा विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। फोटो 03जेएनपी।

## महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में दशहरा सेलिब्रेशन का आयोजन

आजमगढ़। महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल तिवारीपुर, सिधारी आजमगढ़ में अष्टमी के पावन दिवस पर दशहरा सेलिब्रेशन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधक डीपी मौर्य, प्रधानाचार्य रामनयन मौर्य, उप-प्रधानाचार्य एस.एन. यादव ने प्रभु श्रीराम लक्ष्मण एवं सीता जी के आरती के साथ प्रारंभ किया। तत्पश्चात बच्चों की मनमोहक झांकी श्री राम लक्ष्मण सीता एवं हनुमान जी के सजीव चित्रण ने सबका मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक डीपी मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति और परंपराओं का ज्ञान कराते हैं। उन्होंने जोर दिया कि इनसे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। डीपी मौर्य ने बताया कि दशहरा हमें अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश देता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की एवं सभी को अष्टमी और दशहरा की शुभकामनाएँ दीं। इस आयोजन को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य, दिनेश यादव, रामचरण मौर्य, दीपिका सिंह, मीनाक्षी अस्थाना, धीरेंद्र मोहन, शरद गुप्ता, प्रेमा यादव, आदित्य मिश्रा आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## छात्रा आकांक्षा पटेल बनी एक दिन की थाना प्रभारी



शाहगंज-सोनभद्र। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी श्रीमती रामकली देवी इंटर कॉलेज अमउड शाहगंज की कक्षा-12 की छात्रा आकांक्षा पटेल को एक दिन के लिए थाना प्रभारी शाहगंज बनाया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक शाहगंज राजेश सरोज, प्रभारी चैकी शाहगंज अजय कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक तेज बहादुर राय सहित समस्त पुलिस बल द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रा थाना प्रभारी आकांक्षा पटेल द्वारा थाने का निरीक्षण किया गया एवं अभिलेखों के रख-रखाव की समीक्षा की गई। तथा थाना परिसर में उपस्थित जनता की समस्याओं को सुना गया तथा उनका निस्तारण किया गया। इस दौरान ग्राम छोटकापुर में जन चैपाल कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया।शाहगंज कस्बा हनुमान तिराहा पर वाहनों की सघन चेकिंग की गई। प्रभारी चैकी कस्बा शाहगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में थाना शाहगंज क्षेत्र के तमाम संभ्रांत एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। इस सराहनीय पहल की स्थानीय जनता द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है।

## एनटीपीसी ने औद्योगिक पवेलियन श्रेणी में जीता पहला स्थान




सोनभद्र। एनटीपीसी ने एक बार फिर नवाचार और सतत विकास के क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित करते हुए भोपाल विज्ञान मेला 2025 में औद्योगिक मंडप श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। यह मेला 26 से 29 सितम्बर तक बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल में आयोजित हुआ। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को एनटीपीसी विंध्याचल, गाडरवाड़ा और खरगोन ने संयुक्त रूप से हासिल किया।

एनटीपीसी का मंडप इस मेले का प्रमुख आकर्षण बना रहा, जहाँ सैकड़ों छात्र-छात्राएँ, पेशेवर और गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भ्रमण किया। आगंतुकों ने एनटीपीसी की प्रमुख तकनीकी प्रगतियों जैसे फ्लाई ऐश उपयोग, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज अक्षय ऊर्जा पहलें और विंध्याचल में हरित रसायन उत्पादन की अभिनव पहल को निकट से देखा और सराहा।

इंटरएक्टिव पैनल, कॉरपोरेट फिल्में, कार्यशील मॉडल, वीआर गेम्स और क्विज प्रतियोगिताओं के माध्यम से आगंतुकों ने एनटीपीसी की सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता और नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण का अनुभव किया। मंडप में एनटीपीसी की सीएसआर पहलें, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान तथा समुदायों के जीवन को बेहतर बनाने में उन्नत प्रौद्योगिकी की भूमिका भी प्रदर्शित की गई, जिससे राष्ट्र निर्माण में संगठन की महत्त्वपूर्ण भूमिका स्पष्ट हुई। समापन समारोह में औद्योगिक मंडप श्रेणी का प्रथम पुरस्कार एनटीपीसी को मध्यप्रदेश के आवास एवं शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा प्रदान किया गया। प्रख्यात वैज्ञानिक एवं पूर्व निदेशक (आरआरसीएटी ह्र परमाणु ऊर्जा विभाग) डॉ. शंकर विनायक नाखे सहित अनेक शिक्षाविद् और वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे। यह सम्मान एनटीपीसी टीम के सामूहिक प्रयासों और सतत विकास एवं तकनीकी उत्कृष्टता की दिशा में इसकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## शैतानी बाधा से मुक्ति के नाम पर चल रहा था धर्म परिवर्तन का खेल, पांच गिरफ्तार

मीरजापुर। यूपी के मिर्जापुर में प्रार्थना सभा की आंड में चर्च के अंदर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर सक्रिय हुईं पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों को थाने ले जाकर पुलिस पूछताछ कर रही थी। बाद में में पुलिस ने तीन अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय रहवासियों का आरोप रहा है कि चर्च में रविवार को बड़े पैमाने पर धर्मान्तरण का धंधा चलता है। पैसे का लालच देकर कमजोर वर्ग के लोगों का धर्मांतरण कराया जाता है।

इस संदर्भ में मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत हिन्दू धर्मावलम्बियों को प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में संपरिवर्तन कराने सम्बन्धी आरोपों के सम्बन्ध में इन्द्रासन पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी कंचनपुर थाना अहरौरा द्वारा दी गयी लिखित तहरीर पर विधि विरूद्ध धर्मसंपरिवर्तन निषेध अधिनियम 2021 बनाम देव सहायम डैनियल राज पुत्र देव चिचईया निवासी टीएन कुदकुड़ी थाना पुलियनगुड़ी जनपद तेनकाशी (तमिलनाडु) तथा मिथिलेश कुमार कोल पुत्र रमाशंकर कोल निवासी भरौलियों थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र पंजीकृत कर विवेचना उप निरीक्षक आशीष कुमार सिंह थाना अहरौरा द्वारा सम्पादित की जा रही है। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण द्वारा तत्काल टीमें बनाकर घटना में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी व साक्ष्य संकलन के निर्देश दिये गये। जिसपर थाना अहरौरा की पुलिस द्वारा मौके पर जाकर जांच की गयी तो पाया गया कि चर्च में कुछ लोगों को धर्मपरिवर्तन कराने के लिए एकत्र किया गया है और उन्हें प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवैध कार्य में संलिप्त 2 व्यक्तियों क्रमशः देव सहायम डैनियल राज पुत्र देवबिचईया निवासी टीएन कुदकुड़ी थाना पुलियनगुड़ी जनपद तेनकाशी तमिलनाडु तथा मिथिलेश कुमार कोल पुत्र रमाशंकर कोल निवासी भरौलियों थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी।

पूछताछ में देव सहायम डैनियल राज ने बताया कि उसको इण्डियन मिशनरीज सोसाइटी तिरूनिवेली (तमिलनाडु) के द्वारा अहरौरा व नौगढ़ (चन्दौली) क्षेत्र का फील्ड इंचार्ज नियुक्त कर भेजा गया है और वर्तमान में सेन्ट माइकल चर्च सरिया, अहरौरा में रहकर वह इण्डियन मिशनरीज सोसाइटी के लिए जुलाई 2025 से काम कर रहा है। इसके पहले मधुपुर सोनभद्र में कार्यरत था। इण्डियन मिशनरीज सोसाइटी में उसको अहरौरा व नौगढ़ (चन्दौली) के क्षेत्रों में निर्बल, पिछड़े, आदिवासी वर्ग के लोगों को शैतानी शक्तियों से मुक्ति दिलाने के नाम पर चंगाई प्रार्थना सभा का चर्च में आयोजन कर के तथा गांव गाव अपने प्रचारकों के माध्यम से प्रार्थना सभा करके तथा लोगों को आर्थिक मदद आदि करके जोड़ा जाता है तथा धीरे-धीरे उनको प्रभु यीशु के चमत्कारी स्वरूप बताकर उनको प्रलोभन व शैतानी भय दिखाकर धर्मान्तरण कराया जाता है। बताया कि अहरौरा क्षेत्र में करीब डेढ़ वर्ष से कोई फील्ड इन्चार्ज नियुक्त नहीं था क्योंकि पुलिस द्वारा पूर्व में अवैध रूप से बनी दो बस्तियों का ध्वस्तीकरण करके मुकदमें लिखे गये थे तब से यहां पर गतिविधियों बन्द थी।

जुलाई 2025 से पुनः मुझे इस कार्य को करने के लिए भेजा गया है। अहरौरा क्षेत्र में ईसाई धर्म के प्रचार प्रसार के लिए मेरे अधीन 8 (एप्ल्लीं'२३) नियुक्त हैं, जिनको इण्डियन मिशनरीज सोसाइटी तिरूनिवेली द्वारा वेतन भत्ता तथा प्रार्थना सभा कराने के लिए घन मुहैया कराया जाता है। यह प्रचारक गांव-गांव जाकर खास तौर निर्बल, पिछड़े, आदिवासी समाज को मिशन से जोड़ते हैं और उनको ईसाई धर्मस्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। महिलाओं को सिलाई कढ़ाई का कार्य सिखाने के बहाने जोड़ा जाता है और उनको प्रार्थना सभाओं में ले जाकर धीरे-धीरे ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रलोभन देकर तथा समय-समय पर उनकी आवश्यकताओं को देखते हुये सामान, पैसा आदि देते हुये पवित्र बाई बिल भी उनको दी जाती है और बाईबिल की शिक्षाओं को पढ़ने तथा प्रभु यीशु के गीत गाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और धीरे-धीरे उनका धर्मान्तरण कराया जाता है। पुलिस के मुताबिक डैनियल शंकर उपरोक्त के विरूद्ध 2023 धारा-3/5(1) उप्र विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन निषेध अधिनियम एवं दर्ज.किया गया था तथा 2021, 447 भादवि व 41/42 भारतीय वन अधिनियम थाना अहरौरा, में पंजीकृत होकर आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित है। इस दौरान पुलिस को सैलरी वेतन भत्ता, खर्चा सम्बन्धी रजिस्टर, डोनेशन रजिस्टर तथा धर्मान्तरण में संलिप्त व्यक्तियों का व्यक्तिगत डेटा, धर्मान्तरण कराये गये व्यक्तियों से सम्बन्धित रजिस्टर भी बरामद किया गया है। इसी तरह 4 मोबाइल फोन, 1 लैपटाप, 1 डीवीआर जिसमें महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य उपलब्ध है, जो जब्त किये गये है।

संक्षेप

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**कुशीनगर।** डीएम की अध्यक्षता में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में डीएम द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय स्तर पर विद्यालय सुरक्षा यान समिति का गठन अनिवार्य रूप से कर लिया जाय तथा उसकी बैठक कराकर अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाये। प्रबंधक प्रधानाचायों को निर्देशित किया गया कि किसी भी अनफीट स्कूल वाहनों एवं अन्य वाहनों का प्रयोग कदापि न किया जाये। विद्यालय वाहनों में चालकों/परिचालकों को अनिवार्य रूप से यूनिफार्म पहनने, चालकों का कैरेक्टर सत्यापन, स्वास्थ्य सत्यापन अनिवार्य रूप्से कराया जाये, अन्यथा विद्यालय में बने बोर्ड परीक्षाओं के सेंटर का निरस्तीकरण सहित विद्यालय की मान्यता भी रद किए जाने हेतु आगाह किया गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा निर्देश दिये गये कि किसी भी अनफीट स्कूल वाहनों द्वारा कोई दुर्घटना होती है तो प्रबंधक प्रधानाचार्य को भी नामजद किया जायेगा एवं कार्यवाही की जायेगी। पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया कि ई रिक्शा के रूट निर्धारण फाइनल कर लिया जाये तथा उनके पार्किंग स्थल का चयन उप जिलाधिकारी के माध्यम से करा लिया जाये। आगामी बैठक में मृत्यु ऑडिट रिपोर्ट निश्चित रूप्से प्रस्तुत की जाये।पीडब्लूडी एवं एनएचआई को ज्यांइट सर्वे कर अनाधिकृत कट को बंद करने या प्रवर्तित करने का रिपोर्ट अगले बैठक में प्रस्तुत की जाये तथा पीडब्लूडी द्वारा पडरौना अतिक्रमण हटाने हेतु फूटमार्च का सर्वे किया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, लोक निर्माण विभाग से सहायक अभियन्ता एआरटीओ ट्रैफिक सीओ, बीएसए, डीआईओएस, विद्यालय प्रबंधक एवं अन्य सभी सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

## बेड एण्ड ब्रेकफास्ट व होम स्टे नीति संबंधी बैठक आयोजित

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में बेड एण्ड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति 2025 के संबंध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई। बैठक दौरान डीएम ने उक्त योजना के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार कराने, पंजीकरण की सूचना जनपद के बेवसाईट पर अपलोड कराये जाने एवं मासिक बैठक में इस नीति को सम्मिलित किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। यदि आप अपने घर के कुछ हिस्से को पर्यटकों को किराये पर देना चाहते है तो बेड एण्ड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति आपके लिए एक बेहतरीन अवसर है। इस नीति से न केवल आपको अतिरिक्त आय का श्रोत प्राप्त होगा बल्कि सरकार द्वारा विभिन्न रियायते प्रशिक्षण और प्रचार प्रसार की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। शहरी होम स्टे- ऐसी आवासीय भवन जिनमे भूस्वामी स्वयं निवास करता हो एवं उसके पास अपने प्रयोग के बाद अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध हो जिन्हे वो पर्यटकों को आवास हेतु उपलब्ध कराना चाहे, ऐसी कक्षों की संख्या अधिकतम 06 हो सकती है। अर्थात कुल 12 शैय्या की व्यवस्था किसी एक आवासीय इकाई में हो सकती है। बेड एण्ड ब्रेकफास्ट- ऐसी आवासीय भवन जिनमे भूस्वामी स्वयं निवास न करता हो एवं उसके पास 01-06 कक्ष उपलब्ध हो जिन्हे वो पर्यटकों को आवास हेतु उपलब्ध कराना चाहे, ऐसी कक्षों की संख्या अधिकतम 06 हो सकती है।

# अभाविप में हर कार्यकर्ता का कार्य महत्वपूर्ण : प्रो. मंदार भानुशे



**कुशीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशीनगर विभाग की प्रमुख कार्यकताओं की बैठक कुशीनगर स्थित लक्ष्मी पैलेस में दो सत्रों में संपन्न हुई। अभाविप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो मंदार भानुशे, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री घनश्याम शाही, अभाविप कुशीनगर विभाग प्रमुख डॉ निगम मौर्य, कुशीनगर विभाग संयोजक अजय कुशवाहा ने दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया। अभाविप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो मंदार भानुशे ने कहा कि अभाविप निरन्तर विद्यार्थियों को शैक्षिक जीवन में सशक्त बनाता है, बल्कि उनको समाज में चुनौतियों से सामना करने के लिए तैयार करता है एवं अभाविप यह बताने का कार्य करता है कि आज का विद्यार्थी कल का नही बल्कि आज का नागरिक है। अभाविप में दायित्व के अनुसार अपने कार्यों का बोध हो इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता का कार्य संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। विभाग संयोजक अजय कुशवाहा ने अभाविप कुशीनगर विभाग में हुए कार्यक्रमों का बारे में जानकारी देते हुए कहा अभाविप इस वर्ष पूरे विभाग में लगभग 35000 छात्र-छात्रा एवं शिक्षक सदस्यता हासिल कर लिया है, अभाविप कुशीनगर में होने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। बैठक में आभार ज्ञापन अभाविप कुशीनगर विभाग प्रमुख डॉ निगम मौर्य ने किया व संचालन नीतीश सिंह ने किया। बैठक में प्रान्त संगठन मंत्री श्री पुनीत अग्रवाल, प्रान्त सह मंत्री तनुज पाठक, प्रान्त छात्रावास संयोजक प्रशांत राय,विभाग संगठन मंत्री श्री शुभम, दोनों जिले के जिला प्रमुख डॉ योगेन्द्र सिंह व डॉ अजय कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री आलोक, जिला संयोजक राजन मद्धेशिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरयू में कलश भरते वक्त डूबे तीन श्रद्धालुओं के शव मिले

जिला संवाददाता (vol)

**बरहज,देवरिया।** बरहज थाना क्षेत्र गौरा घाट पर सोमवार को सरयू नदी में कलश भरने गए तीन श्रद्धालु डूब गए थे। पुलिस और प्रशासन के लोग शव की तलाश कार्य में जुटे थे। दूसरे दिन मंगलवार को तलाशी के दौरान रणजीत का शव गौरा घाट पर मिला। विवेक और शेखर का शव बरहज नगर के कुटी घाट के पास नदी से मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तीनों का शव मिलते ही स्वजन में कोहराम मच गया।

- दुर्गा प्रतिमा स्थापना के लिए गौरा घाट पर कलश भरने गये थे
- बरहज थाना क्षेत्र के लहछुआ गांव के रहने वाले श्रद्धालुओं का तलाशी के दूसरे दिन मिला शव

बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम लहछुआ में मां दुर्गा की प्रतिमा रखी गई थी। सोमवार की सुबह विवेक 19 पुत्र बेचन, रणजीत 16 पुत्र अच्छेलाल, शेखर 16 पुत्र कोमल और चौरी चौरा कोतवाली क्षेत्र के नई बाजार निवासी गांगुली पुत्र बाबूलाल पूजन हेतु कलश में जल भरने गए थे। कलश भरने के पूर्व नदी में स्नान करने लगे। इसी बीच गहराई में जाने से चारों डूबने लगे। मदद की गुहार सुनकर मछली मार रहे नाविक उनकी ओर झपटे। एक नाविक नाव चलाने वाले लंगर को नदी में फेंक कर गांगुली को बाहर निकालने में सफलता पाई, लेकिन अन्य तीनों डूब गए।

घटना की जानकारी होने पर विधायक दीपक मिश्र शाका, एसडीएम विपिन द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी अंशुमान श्रीवास्तव, तहसीलदार अरुण कुमार, एसएचओ राहुल सिंह घाट पर पहुंचे थे और तीनों के शव की तलाश कराने में जुटे थे। एडीआरएफ की टीम की मंगलवार को तलाशी में तीनों युवकों का शव बरामद हो गया। प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि सरयू नदी में डूबे तीनों युवकों का शव मिल गया हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। तीनों श्रद्धालुओं के सरयू नदी में डूबने के बाद से गांव में दशहरा पर नहीं मनाया गया है। गांव में लोग गमगीन है। हर किसी के जुबान पर तीनों श्रद्धालुओं के मृदुल व्यवहार और गांव में होने वाले धार्मिक आयोजन में बाढ़-चल कर भागीदारी करने को लेकर चर्चा कर लोगों की आंखें भर जा रही है।

## विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस रिलायंस जीओ बीपी पेट्रोल पम्प का हुआ शुभारंभ




**देवरिया।** ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार अब तेजी से हो रहा है। इसी कड़ी में, रिलायंस जीओ बीपी ने हाल ही में अपने एक नए पेट्रोल पम्प का उद्घाटन देवरिया हाटा मार्ग पर महुआडीह के धनौती राजडीहा में किया है। जो अब ग्रामीण अंचल के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। आउट लेट का उद्घाटन जीओ बीपी के यूपी हेड अश्वनी कुमार ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस पेट्रोल पम्प के खुलने से न केवल ग्रामीणों को ईंधन की सुविधाएं न केवल विश्व स्तरीय सुविधा मिलेंगी बल्कि यह स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर गुणवत्ता युक्त पेट्रोल पम्प की कमी रहती है। जिससे ग्रामीणों को ईंधन के लिए दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ता था। अब इस नए पम्प के खुलने से स्थानीय लोगों को इस समस्या से निजात मिलेगी और वे अपनी दैनिक जरूरतों को चौबीस घंटे सातों दिन बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे। वरिष्ठ पत्रकार धनन्जय मणि त्रिपाठी ने आए अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि यहाँ पर जीओ बीपी की गुणवत्ता वाली पेट्रोल और डीजल जैसी ईंधन सेवाएं उपलब्ध होंगी। लोगों को विनम्रता से यहां सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर कम्पनी के सेल्स ऑफिसर शशांक शुक्ल, बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर अनिल मौर्या, अवनीश मणि, घनश्याम पति त्रिपाठी, अम्बरीष मणि, अमित मिश्रा, डा.अभिलाष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। प्रोपराइटर अर्पणेश मणि ने भरोसा दिया कि हमारे जिओ वीपी रिटेल आउटलेट पर लोगों को गुणवत्ता के साथ चौबीस घंटे सातों दिन बेहतर सुविधा दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन डीटीओ/बीडीओ ई. अभिषेक मणि ने किया।

## सेवा पखवाड़ा व मिशन शक्ति 5 अभियान, महिला सुरक्षा व कानून विषय पर विशेष सत्र आयोजित

**देवरिया।** सेवा पखवाड़ा एवं मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ह्लमहिला सुरक्षा और कानूनह्व थीम पर एक दिवसीय इंस्टिट्यूट सेशन का आयोजन महिला थाना देवरिया एवं कोतवाली सलेमपुर, जनपद देवरिया में किया गया।इस कार्यक्रम में कानूनी विशेषज्ञों, पुलिस अधिकारियों, महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं प्रबुद्ध वर्ग के व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को उनके संवैधानिक अधिकारों, विधिक प्रावधानों, आत्मरक्षा के उपायों तथा महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों की जानकारी प्रदान करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीतू भारती (केंद्र प्रशासक), मीनू जायसवाल (मनोवैज्ञानिक) एवं मंशा सिंह (जेंडर स्पेशलिस्ट) द्वारा प्रतिभागियों को महिला उत्पीड़न निवारण, घरेलू हिंसा अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण , कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम, साइबर अपराधों से बचाव एवं शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी दी गई सत्र में उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने महिला हेल्पलाइन 1090, 181 महिला सहायता, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं की कार्यप्रणाली से अवगत कराया तथा प्रतिभागियों को जागरूक और सतर्क रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रबुद्ध वर्ग एवं प्रतिभागी महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए और महिलाओं की सुरक्षा, न्याय तक त्वरित पहुँच एवं कानूनी सहयोग की उपलब्धता पर चर्चा की। अंत में महिला कल्याण विभाग के कार्मिकों द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं समाज में सुरक्षित वातावरण सृजित करने में मील का पत्थर साबित होंगे।

## छात्राओं ने ली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी

**कसया, कुशीनगर।** नगर अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट की छात्राओं ने मिशन शक्ति 0.5 के तहत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया का भ्रमण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं व इलाज के बारे में जानकारी हासिल की। मंगलवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह के निर्देशन में शिक्षिका रश्मि सिंह तोमर, कल्पना सिंह के नेतृत्व में छात्राएं सीएचसी कसया का शैक्षिक भ्रमण करने पहुंचीं। परिसर, वार्ड, आकस्मिक चिकित्सा कक्ष, ओपीडी, पैथालॉजी, अन्य वार्ड का निरीक्षण किया तथा सरकारी हॉस्पिटल काउंटर पर जाकर मरीज की पर्ची बनवाने, संबंधित चिकित्सक से मरीज को दिखाने, विभिन्न प्रकार की मेडिकल जांचों के विषय में भी जानकारी हासिल की। अस्पताल में आरबीएसके टीम प्रभारी चिकित्साधिकारी संजय कुमार सिंह ने उन्हें स्वास्थ्य योजनाओं और रोगों से बचाव आदि के बारे जानकारी दी तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# जयकारों के बीच दुर्गा प्रतिमाओं के पट खुले : मेले आयोजित

**देवरिया।** शहर से लेकर उप नगरों, चौराहा और गांव में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के पट श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ खुले और इसी के साथ भजन कीर्तन पूजन आरती का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु दुर्गा पंडालो में पहुंचने लगे हैं ।भव्य पंडालों में प्रतिमाओं के दर्शन के लिए भीड़ उमड़ रही है ।इस अवसर पर दुर्गा पूजा मेला का शुभारंभ भी हुआ जिसमें सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद रही ।शहर के प्रमुख मार्गों पर आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं जिसमें मां दुर्गा की प्रार्थनाओं के साथ विभिन्न झांकियां भी सजाई गई है। शहर के सिविल लाइन रोड, मालवीय रोड, स्टेशन रोड राघव ,नगर न्यू कॉलोनी, भीखमपुर रोड, पिंडरा गायत्री पुरम, रामगुलाम टोला रागिनी मोड , भव्य पंडाल सजाए गए हैं ।मालवीय रोड पर दुर्गा मंदिर के समीप विशाल पंडाल में नवदुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है जहां लोग प्रतिदिन दर्शन और पूजन कर रहे हैं ।सुबह शाम होने वाली आरती में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं ।पिंडरा में केदारनाथ मंदिर और




प्रेम मंदिर का पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जहां मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की है ।भीखमपुर रोड पर सौरव एजेंसी के पास बनाई गई गुफा आकर्षण का केंद्र बनी है ।सब्जी मंडी में रखी गई मां दुर्गा के प्रतिमा भी श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर रही है ।यहां भगवान शंकर माता पार्वती मां दुर्गा हनुमान जी के अलावा विभिन्न देवी देवताओं के रूप में स्थापित किया गया है ।देवरिया खास में साक्षात देव दर्शन का आयोजन किया गया है ।दुर्गा पूजा के अवसर पर जगह-जगह रामलीला का भी आयोजन किया जा रहा है जहां भारी संख्या में दर्शन पहुंच रहे हैं ।रुद्रपुर के द्वारा नारायणपुर स्थित विजय पब्लिक स्कूल में नवरात्रि उत्सव के दौरान महिषासुर का वध का मंचन किया गया ।मां काली द्वारा महिषासुर का वध करते हैं जय मां काली के जयकारे लगे ।यहां छोटे बच्चों को प्रभु श्री राम लक्ष्मण और मां सीता के रूप में भी सजाया गया जिसे देखकर लोगों के मन में भक्ति भाव भरा गया और तालिया की गूंज से उनका उत्साह वर्धन किया गया ।उधर शहर के राघव नगर स्थित स्कॉलरशिप सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया भक्ति गीतों पर महिलाएं रंग बिरंगी रोशनी वह सजावट के बीच लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर उत्सव को जीवंत बनाया ।कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक रामकुमार वर्मा ,अग्रवाल उपनिदेशक निकुंज अग्रवाल प्रधानाचार्य सपना केजरीवाल व्यापारी नेता विष्णु अग्रवाल ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और लखनऊ शहर के मशहूर डेंजरस डांस ग्रुप के कलाकारों ने समां बांध दिया ।शहर के अतिरिक्त नगर रूद्रपुर बरहज भागलपुर सलेमपुर भटनी भाटपार रामपुर कारखाना गौरी बाजार में भी बड़ी संख्या में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है जहां श्रद्धालु पहुंचकर भजन पूजन कर शक्ति की देवी से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं ।मौसम ठीक होने के कारण दुर्गा पंडालों में देर रात तक भक्तों का पहुंचना जारी है। इस अवसर पर पुलिस द्वारा खासतौर पर सुरक्षा व्यवस्था की गई है ।शहर में देर रात तक पुलिसकर्मी जगह-जगह मौजूद रहकर प्रशासन की सक्रियता का लोगों का आभास करा रहे हैं ।मेलों में उड़ने वाली भीड़ को लेकर पुलिस प्रशासन खास तौर पर सक्रिय व सतर्क है ।

## मिशन शक्ति फेज-5 के तहत छात्राओं को मिली कानून और आत्मरक्षा की जानकारी

**बछरावां, रायबरेली।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर चल रहे मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत शनिवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन की एंटीरोमियों व मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बे में स्थित उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज बछरावां के प्रांगण में छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को सरकार के महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे ह्1090 वीमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्डलाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन की जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को कानूनी अधिकारों और आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) के तरीकों के बारे में बताया गया, जिससे वे किसी भी आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें। साथ ही साथ उन्हे मिशन शक्ति के उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के विषय में भी जानकारी दी गई और छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने की भी सलाह दी गई। इस मौके पर स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी व विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# कप्तान साहब! यहां अवैध रूप से कट रहीं गाड़ियां



**कुशीनगर।** जनपद के कसया थाना क्षेत्र के सबया एनएच-28 पर स्थित गौरीशंकर मोटरपार्टस कबाड की दुकान पर खुलेआम अवैध तरीके से छोटे-बडे वाहन, लक्जरी गाडियां व ट्रक काटकर उसके स्प्रेयर बाहर भेजे जा रहे है। सूत्रो का दावा है कि इसमें चोरी की गाडियां भी खपत की जाती है। कहना ना होगा कि जिले में न तो किसी कबाड की दुकान को वाहन कटिंग करने का लाइसेंस जारी हुआ है और न ही गाडियों की कटिंग करने के लिए एआरटीओ विभाग द्वारा किसी कबाडी के दुकान को अधिकृत किया गया है। ऐसे मे सवाल यह है कि गौरी शंकर मोटर पार्ट्स सहित जिले में संचालित तमाम कबाड की दुकानों पर किसके संरक्षण मे वाहनों की कटिंग की जा रही है?

बेशक! कसया के सबया एनएच-28 पर स्थित गौरीशंकर मोटरपार्टस कबाड की दुकान पर छोटे-बडे व लक्जरी वाहनों की हो रही कटिंग एक बानगी मात्र है। चर्चा-ए-सरेआम है कि कसया सहित जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न चौक-चौराहों पर संचालित हो रहे कबाड़ की दुकानों के आड़ में चोरी का माल खपाया जा रहा है। चर्चा यह भी है कि क्षेत्र में हो रही चोरी के पीछे अपराधियों को अप्रत्यक्ष रूप से कबाड़ियों का सरंक्षण भी मिल रहा है। सूत्रो का दावा है कि पुलिस, कबाड़ियों की दुकान और गोदाम की ठीक से जांच कर दे तो कबाडी की दुकान पर कबाड़ की आड़ में चोरी का माल खरीदने की पोल खुल जाएगी।

**पलक झपकते ही विभिन्न पार्ट्स मे तब्दील हो जाते है बडे वाहन :** बताया जाता है कि कसया थाना क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक कबाड की दुकाने है जहां अवैध तरीके से चलते-फिरते चोरी के वाहनों को दिन के उजाले में पलक झपकते ही अलग-अलग पार्ट्स मे तब्दील कर दिया जाता है। सूत्रो की माने तो इन कबाड की दुकानों पर दर्जनो मजदूर गैस कटर से दिन रात वाहनों को काटने का काम करते है। विश्वस्त सूत्रो माने तो कसया नगर का एक व्यक्ति (जो पहले कबाड की दुकान संचालित करता था) इन अवैध कबाड के कारोबारियों का गुरु बताया जाता है। सूत्रों का कहना है कि इसी शक्स के दिशा निर्देश व कुछ छुटभैये सफेदपोश और कथित पत्रकारों के संरक्षण में इन अवैध कबाडियों के दुकान पर चार पहिया व ट्रक अवैध रूप से कटता है। इतना ही नहीं वाहनों के चेसिस नंबर और वाहन के बाडी बदलने का भी यहां खेल होता है, और कोई आख तरेरने की हिमाकत नही करता है। वजह यह है कि यह व्यक्ति स्थानीय प्रशासन, पुलिस, तथाकथित पत्रकार और इस धंधे व इससे जुडे धंधेबाजो को नुकसान पहुचाने वाले व्यक्ति से मैनेज करता है। यही कारण है कि गौरीशंकर सहित अन्य कबाड की दुकानों पर रात की बात कौन कहे दिन के उजाले में बेखौफ गाडियां कट रही है और पुलिस प्रशासन धृतराष्ट्र बना बैठा है।

गौरीशंकर मोटरपार्टस के संचालक मन्नू गुप्ता से इस संबध में बातचीत किया गया तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा गाडियों की कटिंग सिर्फ हम नही करते कसया व पडरौना मे मिलाकर तीन दर्जन से अधिक कबाड की दुकाने है जहां गाडियों को काटा जाता है। उन्होने कहा कि हमने जीएसटी ले रखा है। जब मन्नू से पत्रकार ने पूछा कि गाडी काटने के लिए लाइसेंस है तो उन्होने चुप्पी साध लिया फिर खुद को संभालते हुए कहा सभी लोग ऐसे ही काम करते है।

गौरतलब है कि एआरटीओ कार्यालय में वाहन काटने के लिए जनपद में कोई भी कबाड़ व्यापारी न तो पंजीकृत है और न ही अधिकृत है। इसके बावजूद कसया क्षेत्र मे तकरीबन एक दर्जन से कबाड़ के दुकान पर बेखौफ भारी वाहने काटी जा रही है। इतना ही कबाड व्यापारियों द्वारा वाहन काटने की सूचना तक एआरटीओ कार्यालय में नहीं दी जाती है।

इस संबंध में एआरटीओ मोहम्मद अजीम ने कहा कि यहां लाइसेंस नहीं बनता है, आगे कहा कि कबाड़ा की दुकान पर गाड़ी कटने वाला मामला मेरे संज्ञान में नहीं है।

## शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की नामावलियों के पुनरीक्षण संबंधी दी गयी जानकारी

**कुशीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबधं में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जनपद के विभिन्न राजनैतिक दलो के साथ बैठक कर निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक दौरान नमावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम की गतिविधियां 30 सितम्बर 2025 को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम-31 (3) के अन्तर्गत सार्वजनिक नोटिस जारी करने की तिथि निर्धारित की गई। इसी प्रकार समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुर्नप्रकाशन दिनांक 15 अक्टूबर 2025, समाचार पत्रों में नोटिस का द्वितीय पुर्नप्रकाशन दिनांक 25 अक्टूबर 2025, फार्म-19 में आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम स्थिति जैसी स्थिति हो दिनांक 06.11.2025, वह तिथि जिस तक पाण्डुलिपियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण किया जाना 20.11.2025, निर्वाचक नामावलियों का आलेख प्रकाशन 25.11.2025, दावे और आपत्ति दाखिल करने की अवधि 25.11.2025 से 10.12.2025 तक, वह तिथि जिस तक दावे और अपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा और अनुपूरक सूची तैयार और मुद्रित की जाएगी। दिनांक 25.12.2025 तथा निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 30.12.2025 को निर्धारित किया गया। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी राजनैतिक दल निर्वाचक नामावलियों की जानकारी पात्र मतदाताओं को जागरूक करने हेतु एक बी0एल0ओ0 नियुक्त करे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची का त्रुटि रहित होना अतिआवश्यक है इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित तहसीलदार, एसडीएम व बीडीओ को जिम्मेदार मानते हुए कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीयन हेतु यह अपेक्षित है कि निर्वाचक अर्हता तिथि अर्थात 01.11.2025 से ठीक पहले छः वर्ष के भीतर कम से कम 3 वर्ष की कुल अवधि के लिये विनिर्दिष्ट किन्ही शिक्षण संस्थानों में अध्यापन कार्य से जुड़े रहे हों। निर्वाचक नामावली में पंजीकृत कराने हेतु प्रारूप-19 में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे ।जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण आयोग के दिशा निदेर्शों के अनुरूप चुनाव संपन्न होंगे, यदि कहीं किसी स्तर पर कोई समस्या आती है तो इसे राजनीतिक दल तत्काल संज्ञान में लाएंगे ताकि निदान कराया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड शिक्षक निर्वाचन हेतु नये सिरे से निर्वाचक नामावली तैयार की जाती है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर शिक्षक निर्वाचक नामावली के लिये प्रारूप-19 में आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिये प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पदाभिहित/अपर पदाभिहित अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है, जो अपने क्षेत्र के आवेदन पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्राप्त करेंगे। शिक्षक निर्वाचक नामावली में नाम पंजीकृत कराने हेतु पात्र शिक्षकों को प्रमाण-पत्र/दस्तावेज सम्बन्धित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ पदाभिहित अधिकारी/अपर पदाभिहित अधिकारी/राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित के पश्चातअनुप्रमाणित किया गया हो।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक




**कसया, कुशीनगर।** विकास खण्ड अंतर्गत स्थित सिरसिया खोहिया में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया ।वक्ताओं द्वारा शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे सभी योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कुशीनगर आदित्य कुमार चंद के निर्देश पर महिला मंगल दल सिरसिया खोहिया में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक कमांडर रामाश्रय कन्नौजिया ने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं को हर तरह से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को किसी प्रकार से किसी भी अराजक तत्व द्वारा प्रताड़ित नहीं किया जा सके ।श्री कन्नौजिया ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को बताया कि छोटी मोटी घटनाओं को तिल का ताड़ नहीं बनाया जाना चाहिए ।कार्यक्रम को महिला मंगल दल की अध्यक्षा तारा देवी बीसी पडरौना बृजेंद्र प्रसाद कुशवाहा,बीसी रामानंद कुशवाहा ने भी संबोधित किया ।इस दौरान सरोज देवी मीना, चंदा, रिया सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

# समतामूलक समाज का निर्माण कर रालोद को करें मजबूत

जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल कुशीनगर की एक बैठक पीडब्लूडी डाक बंगला हाटा में जिला अध्यक्ष विनोद प्रताप कुंअर सिंह जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

जिसमें पार्टी के निर्देश पर सदस्यता पंचायत चुनाव व आगामी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में चर्चा हुई। बैठक के विशिष्ट अतिथि भगवान दयाल विश्वकर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल अपने बलबूते पर मजबूती से लड़कर लक्ष्य हासिल करेगा इसके लिए सभी कार्य कर्ता जुट जाएं। मुख्य अतिथि सिया शरण पान्डेय ने कहा की दो अक्टूबर को राष्ट्रीय लोक दल के गांधी जयंती पर सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर जयंती का आयोजन करे साथ ही साथ दो अक्टूबर से सभी बिधान सभा क्षेत्रों में



एकता निकाल कर समतामूलक समाज का निर्माण कर पार्टी को मजबूत कर रामाशीष राय जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करे। बैठक में तेज तर्रार युवा साथी अनुप ओझा जी को राष्ट्रीय लोक दल युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री ओझा के मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय सिया शरण पान्डेय सुरेश शाही सिता राम मौर्य हरि कशेरा अशोक शर्मा अनुराग द्विदी नन्द किशोर प्रजापति रामदुलारे गौड़ पत्रकार सिरजेश यादव जी उपस्थित होकर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष को बधाई दी। साथ ही साथ पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

## आकर्षण का केंद्र बनी नीले ड्रम वाली मूर्ति

**देवरिया।** जिले में एक दुर्गा पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस पांडाल में मेरठ की उस घटना को दर्शाया गया है। जिसमें पत्नी ने अपने आशिक के साथ मिलकर उसकी हत्या कर नीले ड्रम में छुपा कर दफना दिया था। जिसकी चर्चा पूरे देश में हुई थी। शहर के स्टेशन रोड स्थित मां शक्ति क्लब के इस दुर्गा पंडाल में ड्रम में पति का शव, बाहर पत्नी और प्रेमी खड़े है और उसी पंडाल में ऑटोमेटिक मशीन से प्रसाद वितरण किया जा रहा है। जिसको देखने के लिए लोगों की हुजूम उमड़ रही है। नीले ड्रम वाली मूर्ति पंडाल की शोभा बढ़ा रही हैं। इस दौरान अध्यक्ष मां शक्ति क्लब प्रदीप कुमार चौरसिया ने कहा कि नीले ड्रम वाली मूर्ति लगाने का मकसद लोगो को जागरूक करना हैं।

संक्षेप

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सीतापुर। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम में बीती रात एक चालीस वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरी रंडा निवासी 40 वर्षीय गया प्रसाद पुत्र रामासरे ने बीती सोमवार की रात अज्ञात कारणों से घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज खबर लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

## किशोर की डूबने से मौत

सीतापुर। सकरन इलाके में मवेशियों के लिये चारा लेने गया किशोर पैर फिसलने से किवानी नदी में डूब गया। ग्रामीणों द्वारा उसे नदी से निकाल कर सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ब्लॉक सकरन कोतवाली बिसवां के टेंडवाकलां गांव निवासी रोहित 18 पुत्र रामलखन मंगलवार को दोपहर गांव के पास किवानी नदी के किनारे स्थित अपने खेत में मवेशियों के लिये चारा लेने गया था। किवानी नदी का पानी रोहित के खेत में भरा था। चारा काटते समय अचानक वह नदी के किनारे आ गया और पैर फिसल जाने के कारण वह नदी के गहरे पानी में चला गया और नदी में डूबने लगा। तभी वहां चारा काट रहे गांव के अन्य लोगों ने नदी में जाकर रोहित को बाहर निकाला। परिजन उसे सांडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक एक बहन व तीन भाइयों में तीसरे नम्बर का था। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल कलीम अहमद ने मामले की जांच कर आपदा प्रबंधन राशि दिये जाने की बात कही। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पीएम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया शव को पीएम के लिये भेज दिया गया है।

## दो युवकों को सांप ने डंसा

सीतापुर। जिले के मछरेहटा इलाके में एक सांप ने दो युवकों को डस लिया। दोनों ने सांप को डिब्बे में बंद किया और अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टर डिब्बे में सांप को देख हैरान रह गए। युवकों ने बताया कि इसने हम दोनों को काटा है। आप इलाज करिए। तब जाकर दोनों का इलाज शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार मंसूरनगर गांव के अमीर नाम के युवक को रविवार देर शाम घर बोरी उठाते समय में सांप ने डस लिया। उसने शोर मचाया तो गांव के लोगों की भीड़ लग गई। अमीर के साथी करीम अली ने सांप को भगाने का प्रयास करने लगा तो सांप ने उसे भी डस लिया। इसके बाद दोनों ने हिम्मत दिखाई। सूझबूझ दिखाते हुए सांप को पकड़ लिया और उसे एक डिब्बे में बंद कर लिया। इसके बाद घायल अमीर अपने साथी करीम को साथ लेकर सीधे जिला अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल पहुंचते ही जब डक्टरों के सामने डिब्बा खोला गया तो वहां अफरातफरी मच गई। मेडिकल स्टाफ और मरीजों में हड़कंप मच गया। हालांकि डॉक्टरों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत अमीर और करीम का इलाज शुरू कर दिया। डिब्बे में बंद सांप की पहचान पानीहा प्रजाति के रूप में की गई, जो हल्के जहर वाला सांप माना जाता है। डाक्टरों ने बताया- समय रहते दोनों मरीज अस्पताल आ गए। जहर अधिक न होने के कारण दोनों की जान बच गई। इसके बाद फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। दोनों को डॉक्टरों ने डिस्चार्ज कर दिया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार चार घायल

पुरवा, उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र करदहा में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे फोर व्हीलर कार और मोटर साइकल में भिड़ंत हो गई। जिसमें मोटर साइकल सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब गांव सहजौरा थाना गुरबक्सगंज जनपद रायबरेली के रहने वाले तीन युवक उन्नाव जिले के अंतर्गत आने वाले थाना मौरावां क्षेत्र गांव हिलौली रिश्तेदार के घर गाड़ी नंबर यूपी 33बीवी 7327 स्विफ्ट डिजायर से जा रहे थे। तभी थाना मौरावां क्षेत्र के गांव करदहा निवासी सूरज पुत्र जगेसर रावत उम्र करीब 23 वर्ष अपने दो साथियों के साथ गांव चंडीखेड़ा से अपनी मौसी को लेकर अपने घर करदहा जा रहा था तभी मरदूनवखेड़ा गांव पहुंचे ही थे कि दोनों में भिड़ंत हो गई जिससे मोटर साइकल यूपी 35 एजेड 2387 डीलक्स सवार सूरज और सूरज की मौसी को गंभीर चोटें आई वहीं साथ दो लोगों को मामूली चोट लगी। जिनका हिलौली के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। जबकि मोटर साइकल क्षतिग्रस्त हो गई।

# छात्राओं को दी गई महिला सुरक्षा और साइबर जागरूकता की जानकारी



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत आज ग्रीन फील्ड स्कूल, थाना हरगांव में छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह कार्यक्रम महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्षेत्राधिकारी सदर, नेहा त्रिपाठी ने छात्राओं को महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा, उनके अधिकार और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर फ्रॉड जैसी स्थितियों में बिना संकोच पुलिस को सूचित किया जाना चाहिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महिला थाना इतुल चौधरी, प्रभारी निरीक्षक हरगांव श्री अरविंद पांडेय, थानाध्यक्ष साइबर थाना अजय रावत और प्रभारी एंटी रोमियो श्रीमती पूजा कटियार सहित मिशन शक्ति टीम उपस्थित रही। पुलिस टीम ने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, पासवर्ड सुरक्षा और ऑनलाइन सावधानी के बारे में विशेष टिप्स भी दी। कार्यक्रम में छात्राओं ने मिशन शक्ति के उद्देश्य को समझते हुए महिला सशक्तिकरण पर आधारित कविताओं, नाट्य और नृत्य का भी प्रदर्शन किया। इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित बनाना है, बल्कि उन्हें समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने और अच्छे व्यवहार के लिए प्रेरित करना भी है। मिशन शक्ति पहल के तहत छात्राओं ने संभाली जिम्मेदारियांः बनीं एक दिन की एसडीएम, सीओ और थानाध्यक्ष।

## थाने में महिला अपराधों में लिप्त आरोपियों को दिलायी शपथ



सीतापुर। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में सीओ सदर नेहा त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम ने महिला अपराधों में रिहा हुए 13 आरोपियों को थाने पर बुलाकर उन्हें सख्त लहजे में हिदायत देते हुए शपथ दिलाई।

पुलिस ने हिदायत दी कि समाज में महिलाओं का सम्मान करें और भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध से दूर रहें। पुलिस ने साफ हिदायत दी कि दोबारा अपराध करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही, आरोपियों को खेती, व्यापार या अन्य सम्मानजनक कार्यों से आजीविका चलाने की सलाह दी गई। इसके अलावा, टीम ने क्षेत्र में गश्त और चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं पर फब्तियां कसते एवं इशारे करते हुए पुनीत कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी मोहनुद्दीनपुर को पकड़ लिया गया। आरोपी के खिलाफ 296 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए टीम ने वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 18 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें 2 वाहन फॉल्टी नंबर प्लेट वाले भी पाए गए। एमवी एक्ट के अंतर्गत इन चालानों से कुल 29,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की यह कार्रवाई महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि महिलाएँ निडर होकर समाज में अपनी भूमिका निभा सकें।

## छात्रा नैंसी त्रिवेदी बनी एक दिन की एसडीएम



महोली/सीतापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की 11वीं की छात्रा को 1 दिन के लिए उप जिलाधिकारी महोली बनाया गया। यह अनूठी पहल छात्रा को प्रशासनिक अनुभव प्रदान करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। छात्रा नैंसी त्रिवेदी ने एसडीएम कार्यालय में कुर्सी संभालते हुए जन शिकायतों को सुना और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। वहीं उप जिलाधिकारी नैंसी त्रिवेदी ने रीडर कक्ष, उप जिलाधिकारी न्यायालय, खतौनी कक्ष,तहसीलदार कक्ष, रजिस्टर कानूनगो कक्ष,नायब तहसीलदार कक्ष, तहसीलदार न्यायालय, अभिलेखाकार कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नैंसी त्रिवेदी ने कार्यालय में जाकर संबंधित विभाग के अभिलेखों को भी देखा। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए एक सपने जैसा अनुभव है भविष्य में मैं आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती हूं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, तहसीलदार अंकुर यादव, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह, शिव प्रकाश, प्रधानाचार्य स्वामीनाथ द्विवेदी, छात्रा मुस्कान सिंह, पूजा धवन ,जिज्ञासा वर्मा, अंचल मिश्रा सहित तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

## हनुमान ने उजाड़ी अशोक वाटिका



हिलौली, उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत मौरावां में प्रतिवर्ष ऐतिहासिक रामलीला का सुंदर मंचन होता है। नगर अध्यक्ष विवेक सेठ के द्वारा गणेश पूजन व श्री रामचंद्र भगवान की आरती के साथ रामलीला का शुभारंभ करते हैं। राम मिलाप शबरी आश्रम सुग्रीव मित्रता बाली वध खरदूषण वध का जीवंत चित्रण किया गया।

हनुमान जी सीता माता को ढूंढते हुए लंका पहुंचे लंका में विभीषण राम-राम करते हुए मिले हनुमान जी ने सोचा कि यह तो मेरे राम के भक्त है इनसे जानकारी करते हैं सीता माता कहां है तब विभीषण ने बताया कि अशोक वाटिका में रावण ने सीता माता को रखा हुआ है हनुमान जी ने अशोक वाटिका पहुंचकर सीता माता को रामचंद्र भगवान की अंगूठी दी अशोक वाटिका को तहस-नहस कर दिया यह खबर जब रावण के पास पहुंची तब रावण ने मेघनाथ को भेजाकि इस वानर को पकड़ के महल में ले आओ। आखिर कौन वानर है अक्षय कुमार को मूर्छित कर दिया। तब मेघनाथ ने हनुमान जी को नाग फांस मे बांधकर रावण के पास ले गए तभी लोगों ने रावण को सलाह दिया की हनुमान जी को मृत्यु दंड न देकर इनकी पूछ पर आग लगा दिया जाए आग लगते ही हनुमान जी ने उछल कूद करते हुए लंका को आग के हवाले कर दिया तभी जाकर समुद्र में आग को बुझाया। इस मंचन को देखकर हजारों की संख्या में भीड़ भीड़ मंत्र मुग्ध हो गई। इस मेले में दूर-दूर से दुकानदार आते हैं बच्चों के मनोरंजन के साधन आते हैं। इस मौके पर कमेटी के सदस्य जमुना शंकर तिवारी, अवधेश दीक्षित उमेश सिंह राजू, प्रभात प्रशांत सिंह शुभम सिंह सोनू सिंह राजीव सिंह लाला मामा पूतन सोनी संतोष शुक्ला प्रदीप चौरसिया अमरनाथ सभासद धर्मेंद्र यादव, अतुल दीक्षित, शैलू दीक्षित मीडिया प्रभारी गौरी शंकर सिंह मौजूद रहे।

## समाजसेवी ने किया व्यायाम शाला का शुभारंभ



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के ग्राम काँटी ऊंचगाँव मे पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फीता काटकर उद्घाटन किया। शुभारम्भ अवसर पर पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमें खुशी है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिये जिम शारीरिक दक्षता मजबूत करने के लिये लाभदायक है। खेल से शारीरिक फिटनेस भी अच्छी रहती है। जिससे हम सभी के जीवन मे स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

अच्छे स्वास्थ्य से समाज मे खुशहाली रहती है। जब समाज मे सभी खुशहाल रहेंगे तभी देश आगे बढ़ेगा। संचालक राहुल पटेल को जिम सेंटर के संचालक को बधाई देते हुए पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रतिष्ठान के सफलतम उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित की। व्यायामशाला के कार्यवाहक सोनू रावत, अंकित, शिवम धीरज सिंह ने मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह व समस्त टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से इकबाल सिंह प्रधान, आर के सिंह, राघवेंद्र सिंह कमलेश यादव, पंकज सिंह, प्रखर सिंह, अनीस यादव, मयंक पटेल, महेंद्र प्रताप सिंह, सोनू यादव, अनूप यादव, संदीप यादव, राजपूत लोधी, आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

## घूस लेते दारोगा रंगेहाथ गिरफ्तार

सीतापुर। सिधौली कोतवाली मे तैनात दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। दारोगा को टीम अटरिया थाने ले गई जहां उससे गहन पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदोइया निवासी पीड़ित पंकज कुमार ने बताया कि उसने मौईजुद्दीन से बाग लेने के लिए रुपये दिए थे। लेकिन मौईजुद्दीन ने वह बाग किसी और को दे दी। इस पर पीड़ित ने शिकायत आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से दर्ज कराई। आरोप है कि चौड़ियां चौकी इंचार्ज अरुण कुमार शर्मा ने शिकायत को संज्ञान में लेने के बजाय समय लेकर उल्टा पंकज के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि मुकदमा खत्म कराने के नाम पर दारोगा ने उससे दस हजार रुपये की मांग की। मजबूर होकर पंकज ने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण टीम से कर दी। टीम ने पंकज को पैसे देने की योजना के तहत भेजा। जैसे ही पंकज दारोगा को रुपये सौंपने पहुंचा दरोगा ने चौकी के गेट पर ही तख्त पर बैठकर रकम गिननी शुरू कर दी। इसी बीच पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम ने उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद दारोगा को तत्काल अटरिया थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी गई। हालांकि इस कार्रवाई से पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप है लेकिन अधिकारी इस मामले पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। टीम अटरिया थाने में ही दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



## जीआरपी ने चलाया मिशन शक्ति अभियान

उन्नाव। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे के निर्देश पर उत्तर प्रदेश जीआरपी द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है उसी क्रम में थाना जीआरपी उन्नाव ने मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान को चलाया। जीआरपी प्रभारी अरविंद पांडे ने बताया कि मिशन शक्ति ( पंचम चरण ) नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाबलंबन महिलाओं एवं बालिकाओं में जागरूकता हेतु महिलाओं बालिकाओं को मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा व साइबर क्राइम संबंधी अपराध व यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में तथा महिलाओं की मदद के लिए सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया और समझाया गया। मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट कार्ड ट्रेनों में महिला यात्रियों को वितरित किए गए और स्टेशन पर चस्पा किया गया। जीआरपी द्वारा महिला यात्रियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई डायल 112 पुलिस आपातकालीन सेवा नंबर वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090 महिला हेल्पलाइन नंबर 181,1091 सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 आरपीएफ हेल्पलाइन नंबर 182 समेत आपातकालीन अन्य हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।



## बच्ची का शव तालाब में उतराता मिला

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई। जब तीन दिन पूर्व ननिहाल आई मासूम बच्ची का शव तालाब में उतराता मिला। यहां के ग्राम मोहलिया निवासी राघव राम पुत्र परशुराम की नातिन तान्या 3 पुत्री राहुल निवासी लहरपुर अपने नाना-नानी और माता-पिता के साथ आई हुई थी। परिजन उसे लेकर गांव के उत्तर खेतों में मूंगफली खोदने गए थे। वहीं खेलते-खेलते अचानक तान्या लापता हो गई। बताया जाता है कि परिवारजनों और ग्रामीणों ने बच्ची की खोजबीन शुरू की और दो दिनों तक लगातार तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तीसरे दिन आज सोमवार शाम हसनापुर गांव के पूरब स्थित दरी फैक्ट्री के पास गुलरिया तालाब में ग्रामीणों ने बच्ची का शव उतराता हुआ देखा। परिजनों ने इसकी सूचना तुरंत सकरन पुलिस को दी।

सूचना पाकर मौके पर थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा पुलिस टीम के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। शव मिलने की खबर से गांव और मृतक परिवार में कोहराम मच गया। बच्ची की मां समीराज का आरोप है कि उसकी बेटी की हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्ची के अचानक गायब होने और फिर तालाब में शव मिलने से घटना संदिग्ध प्रतीत होती है।

## एक दिवसीय स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




सफीपुर, उन्नाव। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के तत्वावधान में जिला विकास प्रबन्धक कार्यालय उन्नाव द्वारा कार्यालय समुद्रम फिश फॉर्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड द्वारा सेवा, स्वच्छता पखवाड़ा के तहत साफ सफाई की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से राष्ट्रपिता महात्मा के गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम एफ पी ओ के जुड़े किसानों के बीच मे किया गया जिसमें नाबार्ड उन्नाव के जिला विकास प्रबन्धक सुमित कुमार, पूर्व जिला अग्रणी बैंक प्रन्धक बी एन शुक्ला की अध्यक्षता रही कार्यक्रम की शुरूआत किसानों और निदेशकों का परिचय करने से हुआ,इसके बाद धनन्जय सिंह ने मंच का परिचय कराते हुए आज के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ सामाजिक स्थलों पर जैसे कुआ, तालाब, नल, मंदिर, पूजा स्थल सभी कार्यालय, और अपने निजी घरों के आस पास की स्वच्छता पर ध्यान देकर अगल बगल के वातावरण को स्वच्छ रख सकते हैं जिससे सभी का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा व्यक्तिगत स्वच्छता जिसमें सभी को रोज स्नान, साप्ताहिक नाखूनों को काटना, प्रतिदिन स्वच्छ कपड़े पहनना अपने बालों और शरीर की साफ सफाई करना आदि शामिल है। इसके बाद बी एन शुक्ला ने स्वच्छता के विषय मे विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिसमें उन्होंने बताया कि जब वर्तमान सरकार का गठन हुआ स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया जिसमें प्रत्येक घर पर शौचालय बनवाये गए और सभी सार्वजनिक स्थलों पर भी शौचालय बनवाएं गए और उनका प्रयोग करने पर जागरूक किया गया। इसके बाद कार्यालय परिसर में प्रतीतात्मक स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। इसके बाद निदेशक मलखान सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया उपरोक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजकिशोर पाल, अभिषेक सिंह, हिमांशु, राजू आदि रहे।

# या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता...



सीतापुर। श्री-श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव आंख अस्पताल में महा अष्ठमी पूजा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कमेटी की ओर से पूजा का सिलसिला सुबह से ही विधी विधान से शुरू किया गया। पुरोहित पुरोहित दुर्गा पदों चक्रवर्ती अपने सहयोगी के साथ महाअष्ठमी पूजा, पुष्पांजलि, सन्धि पूजा पूर्ण किया। इसके बाद माँ का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम मंत्रो उच्चारण से पूरा आंख अस्पताल परिसर गूँज रहा था । चारो तरफ भक्ति मई वातावरण के साथ महाष्ठमी पूजा में माँ के श्रृंगार के साथ धुप, नैवेध, सिंदूर, पुष्प, फल, इत्यादि वस्तुओ से श्रदलुओं ने अपनी पूजा प्राम्भ की। इसके बाद व्रत धारण किये हुए श्रद्धालुओं ने मा को पुष्पांजलि अर्पित की। माँ के भोग व प्रसाद वितरण का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। सांयकाल की बेला में माँ दुर्गा की आरती पुरोहित दुर्गा पदों चक्रवर्ती ने पंचमुखी दीपक, कपूर से भरा दीपक, धूपची, जल से भरा हुआ शंख, तौलिया, हाथ वाला पंखा, रेशे वाला पंखा, पान व सुपाड़ी से आरती की। तत्पश्चात माँ को हलुवा, नारियल व विभिन्न प्रकार के लड्डुओं का भोग लगाकर श्रदालुओं को वितरण किया गया। पूजन में मुख्य रूप से एन एन चटर्जी, रंजीत दास, संजीव दास, आकाश राय, विश्वजीत पोले, श्यामल दत्ता, पंकज मुखर्जी, दीपक विश्वास, शांतनु दत्ता, निमिष दास, प्रदीप राय, डॉ पी के राय, बी सी मजूमदार, नीता मुखर्जी, नीता दास, श्यामली पोले, अपर्णा दास, देवो श्री दास, वंदना राय, इला दत्ता आदि उपस्थित रहे।

### सन्धि पूजा में 108 दीप जलाकर महिलाओं ने पूर्ण की मनोकामना

श्री श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव आंख अस्पताल में सन्धि पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने 108 कमल के पुष्प के साथ साथ दीपक जलाकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के की प्रार्थना की। इसके पूर्व पुरोहित की ओर से पूजन कर दीप प्रज्वलित कर संधि पूजन का प्रारम्भ किया। 108 दीप जलने से पूरा पंडाल प्रकाश मय हो गया। इस मौके पर महिलाओ में वंदना राय, नीता मुखर्जी, नीता दास, श्यामली पोले, इला दत्ता, सुधा विश्वास, निधी चक्रवर्ती, मंजली मुखर्जी, प्रियंका विश्वास, अपर्णा दास, गीतिका दत्ता, राखी ने दीप जलाकर पूजा पूर्ण की।

## राजाओं के प्रदर्शन पर निराश हुए जनक

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र में बीती रात को सार्वजनिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में सीता स्वयंवर में पहुंचे रावण बाणासुर के मध्य हुए सम्वाद से दर्शकों में रोमांच छा गया। वहीं जनक के करुण विलाप से दर्शक दीर्घा अश्रुपूरित रही।

क्षेत्र के अंतर्गत ऊगू नगर पंचायत के रामलीला मैदान में सार्वजनिक रामलीला समिति के द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला में धनुष भंग लीला का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया। सीता स्वयंबर में पहुंचे रावण और बाणासुर के मध्य हुए संवाद में वीर रस के छंदों एवं आक्रमक तर्कों से दर्शकों में उत्साह छा गया। किसी भी वीर के द्वारा जब शिव धनुष को उठाना तो दूर तिल भर हिलाया न जा सका तो जनक द्वारा किये गए करुण विलाप ने दर्शकों को अश्रुपूरित कर दिया। वहीं जब भगवान श्रीराम ने शिव धनुष को खण्डित कर राजा जनक के संकल्प को पूर्ण किया तो सीता जी ने वरमाला पहनाई। शिव शंकर के धनुष टूटने पर हुई घनघोर गर्जना सुन महेंद्र पर्वत पर तपस्या में लीन महारथी परशुराम की तंद्रा भंग हो गई। मिथिला पहुंचें परशुराम जी का क्रोध आसमान छू रहा था, प्रभु श्री राम द्वारा उनके क्रोध को शान्त करने का प्रयास किया गया लेकिन महात्मा जी शान्त न हुए। लक्ष्मण जी परशुराम जी के क्रोध का ही उपहास बना दिया, लेकिन महात्मा के क्रोधित उद्गारों से उत्साहित लक्ष्मण जी ने कई जगह जवाब देकर उन्हें शान्त करने के प्रयास भी किया। दर्शकों में परशुराम एवं लक्ष्मण के बीच हुए सम्वाद से भी उत्साह बना रहा। वहीं अपने भाई के प्राणो के बचाव के लिए श्रीराम के द्वारा किया गया करुण विलाप देख सभी भाव विहवल हो गए। राम का अभिनय यश तिवारी ने, लक्ष्मण का अभिनय शुभ दीक्षित ने, विश्वामित्र का शिवमंगल द्विवेदी, सीता का हार्दिक पाण्डे ने, जनक का सूर्यप्रकाश पाण्डेय ने, परशुराम का आदर्श दीक्षित, रावण का विवेक दीक्षित और बाणासुर का अभिनय अनीश दीक्षित ने किया। आयोजक समिति के महामंत्री अवधेश दीक्षित ने बताया कि प्रभू की लीलाओं का मंचन कस्बे के कलाकारों द्वारा एक सौ चैवालिस वर्षों से किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राहुल पटेल व अवधेश दीक्षित द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। नगर पंचायत ऊगू के पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित ने कलाकारों का उत्साह बढ़ाने के लिए सभी से अपील कर मेला देखने आने हेतु आग्रह भी किया गया। कृष्ण कुमार द्विवेदी, सुनील शास्त्री, सौरभ पटेल, सुनील कुमार, गुड्डू तिवारी, अजय द्विवेदी सभासद राजेश पटेल आदि भारी संख्या में जनमानस उपस्थित रहा।



संक्षेप

## सफाई मित्रों व कर्मचारियों के स्वास्थ्य की हुई जांच



ललितपुर। सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत नगर पालिका परिषद, ललितपुर के सभाकक्ष में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला अस्पताल की टीम द्वारा 100 से अधिक सफाई मित्रों व कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें डा0 अम्बिका प्रसाद दुबे द्वारा कर्मचारियों से उनके स्वास्थ्य के बारे जाना व उन्हें स्वस्थ्य रहने के बारे में सलाह दी गई। इस दौरान फार्मासिस्ट मनीष पटवारी द्वारा कर्मचारियों के ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, सुगर आदि जांचे की गई व मौजूद चिकित्सकों द्वारा कर्मचारियों, सफाई मित्रों को दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान नपाप के प्रशासक मनीष कुमार, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, डा0 साजिद खान, डा0 अनस अंसारी, फार्मासिस्ट महेश साहू, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव, अवर अभियंता खुशबू खान, कार्यक्रम अधिकारी (बीपीएम) दीपक कुमार, दीक्षांक से तरूण, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, आकाश, विजय सहित पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला कौशल समिति की समीक्षा बैठक

ललितपुर। अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति, जिला कार्यकारिणी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार, ललितपुर में किया गया, जिसके अन्तर्गत वर्ष 2025-26 एवं 2024-25 में राजकीय, निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य की प्रगति एवं सेवायोजन पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त प्रशिक्षण प्रदाता आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष त्वरित कार्यवाही कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति अविलम्ब पूर्ण करते हुए गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करें। उक्त बैठक में जिला कौशल समितिध्जिला कार्यकारिणी समिति के सदस्यगणों, सम्बन्धित प्रधानाचार्य एवं उनके प्रतिनिधियों व राजपाल सिंह, प्रधानाचार्य, रा0औ0प्र0सं0ध्जिला समन्वयक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, आरिफ खांन, जिला कौशल प्रबन्धक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, प्रेमचन्द्र प्रजापति, कार्यालय सहायक, कमलेश सेन, सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदाता के प्रतिनिधियों इत्यादि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। श्री राजपाल सिंह, प्रधानाचार्य, रा0औ0प्र0सं0 जिला समन्वयक द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों का बैठक में उपस्थित होने हेतु आभार व्यक्त किया गया।

# महरौनी कोतवाली का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

## मिशन शक्ति फेज- 5.0 को लेकर दिये आवश्यक निर्देश

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना महरौनी का आकस्मिक निरीक्षण करते हुये थाना परिसर, मिशन शक्ति केन्द्र, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को निर्देश दिये। थाना कार्यालय/मिशन शक्ति केन्द्र के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव, थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने और थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने के लिए भी कहा। माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटर की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्क्वॉयड व मिशन शक्ति टीम को निरंतर थाना क्षेत्र स्कूल, कॉलेज, पार्कों में भ्रमण करने और शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करने के निर्देश दिये। नवरात्रि व आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया। नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना महरौनी को थाना क्षेत्र में स्थापित दुर्गा पण्डाल, प्रतिमा का नियमित रूप से भ्रमण व पुलिस बल की ड्यूटियां चेक कर, आयोजकों से संवाद कर समस्याओं के बारे में जानकारी की जाये तथा त्यौहार को शान्ति पूर्वक संपन्न कराने हेतु सुरक्षा व शांति व्यवस्था से संबंधित ब्रीफ किया। एसपी ने थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चैराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि जगहों पर पेट्रोलिंग के निर्देश दिये। लूट, चोरी, छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक महरौनी को निर्देश दिये कि बीट प्रणाली को मजबूत करने हेतु स्वयं बीट कर्मचारियों को उनके बीट क्षेत्रों में किये कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें। यह भी निर्देशित किया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराने के लिए चेकिंग करें और बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फरार्टे भरने वाले आदि वाहन चालकों की जांच करें।

## नारी सम्मान, देश का मान, यही है मिशन शक्ति का अभियान



ललितपुर। उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन-शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत उच्चाधिकारीगण के निर्देश के क्रम में, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा मंगलवार को कल्याण सिंह सभागार में कार्यक्रम का शुभारम्भ एक छात्रा से दीप प्रज्वलित कराकर किया। तत्पश्चात विभिन्न स्कूल, कालेज की लगभग 150 छात्राओं व विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत लगभग 350 महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- (वूमेन पावर लाइन 1090), (महिला हेल्प लाइन 181), (एम्बुलेंस सेवा 108), (मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076), (पुलिस आपातकालीन सेवा 112), (चाइल्ड हेल्पलाइन 1098), (स्वास्थ्य सेवा 102), (ऑन लाइन साइबर फ्राड हेल्प लाइन नं-1930) आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, रूढ़ियों व उनके दुष्प्रभावों का वर्णन किया गया। साथ ही जनपद के विभिन्न स्कूल-कालेज की 100 छात्राओं व विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत 200 महिलाओं को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट प्रदर्शन, कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जागरूकता के इस कार्यक्रम में छात्राओं-महिलाओं सहित लगभग 650 लोगो ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा छात्राओं एवं महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दीं। मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी(वि0रा0), मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए राजनैतिक दलों की हुई बैठक



ललितपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि स्नातक स्तर के मतदाताओं के फार्म 18 सम्बंधित पदाविहित अधिकारी के कार्यालय में जमा होंगे, इसके लिए जनपद में 8 पदाविहित अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। विगत 3 वर्ष पूर्व स्नातक की डिग्री प्राप्त कर चुके युवा मतदाता बन सकते हैं। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण में लगे सभी अधिकारियों के सम्बंध में अंतिम प्रकाशन अर्थात 30.12.2025 तक भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति के बिना स्थानांतरित करने पर रोग लगा दी गई है। बैठक में निर्देश दिये गए कि जिले स्तर पर अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी खण्ड विकास अधिकारियों को एड कर लें, इसके अलावा राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को निर्वाचन सम्बंधी किसी भी जानकारी के लिए अपर जिलाधिकारी ने अपना दूरभाष नम्बर दिया। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव भी दिये, जिन्हें सूचीबद्ध किया गया। बैठक में उप जिलाधिकारी पाली निशान्त तिवारी, उप जिलाधिकारी मड़ावरा शैलेन्द्र चैधरी, खण्ड विकास अधिकारी जखौरा सौरभ वर्णवाल, खण्ड विकास अधिकारी बार सर्वेश कुमार रवि, खण्ड विकास अधिकारी बिरधा इरशाद अहमद, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, राजनैतिक दलों में आम आदमी पार्टी से हरदयाल सिंह लोधी, भारतीय जनता पार्टी से जगदीश सिंह लोधी, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से अजय तोमर, समाजवादी पार्टी से प्रमोद इमलिया, अपना दल से सोहन लाल निरंजन आदि उपस्थित रहे।

## किसानों की गन्ने की फसल को हाथियों के झुंड ने किया बर्बाद

अफजलगढ़, बिजनौर। गुलदार के आतंक के साथ साथ अब हाथियों के झुंड ने भी अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। हाथियों के झुंड ने किसानों की गन्ने की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। अफजलगढ क्षेत्र के गांव भगौता में हाथियों के झुंड ने आधा दर्जन से अधिक किसानों की करीब दस बीघा गन्ने की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। किसान महबूब आलम, मौ0 कासिम, नूर आलम, मसकूर आलम, आसिक, मौ0 हसन, हारुन आदि कई किसानों ने बताया कि हाथियों उनकी करीब दस बीघा से ज्यादा गन्ने की फसल को बर्बाद कर दिया। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हो गया। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग के अधिकारियों से कई बार हाथियों के झुंड को जंगल में आने से रोकने की मांग कर चुके है लेकिन उनकी शिकायत पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किसान अपनी जान जोखिम में डालकर हाथियों को वन क्षेत्र में खदेड़ने का खुद ही प्रयास कर रहे हैं। डिप्टी रेजर राकेश मंदौला का कहना है कि हाथियों की सूचना पर टीम को लगा रखा है। फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए विभाग की तरफ से कार्रवाही की ता रही है। किसान नुकसान का मूल्यांकन कर रिपोर्ट से अवगत कराएं तो विभाग की ओर से उन्हें नुकसान की भरपाई कराने का प्रयास किया जायेगा।



## निर्धारित समयसारिणी बनाते हुए निरंतर करें अध्ययन-एसडीएम

ललितपुर। उप जिलाधिकारी सदर, प्रशासक मनीष कुमार द्वारा शहर में स्थित नगर पालिका के राजर्षि पुरूषोत्तम दास टण्डन पुस्तकालय में सिविल सर्विस के अलावा एसएससी, रेलवे, वन डे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की कम्पटीशन बुके प्रदान की गई, जिन्हें पाकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर प्रशासक ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले परीक्षार्थी आने वाले समय में किसी न किसी पद पर बैठेंगे। इस समय उन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता है, इसके साथ ही आवश्यक प्रतियोगी पुस्तकों की जरूरत है, जिसका अध्यन कर वह इन परीक्षाओं में सफल हो सकते है। उन्होंने तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों को टिप्स भी दिये। इस दौरान प्रशासक ने सिविल सेवा के परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए कहा कि यह काल विद्यार्थियों का सबसे कठिन काल है, जिसमें बच्चों का भविष्य बनता है। उन्होंने निर्धारित समयसारिणी बनाते हुए अध्यन करने के लिए कहा।

## रामलीला में सीताहरण का मंचन



महोबा। पुराने रामलीला मैदान में श्री रामलीला न्यास महोबा एवं अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में श्री मुकुंद रामलीला समिति महोबा के पदाधिकारियों द्वारा पंडित मुकुंद लाल तिवारी द्वारा रचित प्रार्थना परशुराम परमानंद जपत भजन के साथ रामलीला मंचन प्रतिदिन की भांति आरंभ हुआ। उक्त श्रृंखला की कड़ी में राम केवट संवाद, लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा के नाक व कान काटना, खर दूषण वध व सीता हरण का प्रसंग मंचित किया गया। रामलीला ट्रस्ट के सचिव मनोज तिवारी ने बताया कि आज दिनांक एक अक्टूबर को अंगद रावण संवाद की लीला का मंचन होगा।

## विसर्जन आज, समिति ने शहर, घाट की देखी व्यवस्था



बांदा। केन्द्रीय पूजा महोत्सव समिति ने 1 अक्टूबर को होने वाले दुर्गा विसर्जन को देखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया और केन नदी विसर्जन स्थल को देखा। समिति के वरिष्ठ संरक्षक एवं अध्यक्ष अमित सेठ भोलू, महामंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अगुवाई में समिति के संरक्षक एवं पदाधिकारियों ने शहर से देवी प्रतिमाओं के निकलने वाले मार्गों का भ्रमण किया। कुछ जगह सड़कों में गड्ढा होने पर ई ओ नगरपालिका व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू को गड्ढों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गये। इसके बाद केन नदी विसर्जन घाट में चल रहे दुरुस्तीकरण कार्य व पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए मशीनों से पर्याप्त मात्रा में पानी भराने के निर्देश दिए ताकि मूर्तियों को ठीक तरह से विसर्जित किया जा सके। बरसात को देखते हुए पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि से मौरम के ऊपर लोहे की चद्दर डलवाने को भी कहा गया। मूर्ति विसर्जन के लिए घाट तक जाने व वापस आने के लिए अलग-अलग घाटों की व्यवस्था की गई है जिससे भीड़ एकत्र न हो। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के पूर्व समिति की एक बैठक हुई जिसमें 1 अक्टूबर को विसर्जन के लिए निकलने वाले देवी रथों को सुचारू ढंग से निकलने के लिए व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया। समिति के अध्यक्ष अमित सेठ भोलू ने बताया कि विसर्जन 1 अक्टूबर को होगा, लोग भ्रमित न हों। इस दौरान प्रभाकर सिंह चंदेल, प्रकाश साहू, उत्तम सक्सेना, अभिषेक पाण्डेय, लखन राजपूत, गोपाल चन्द्र अवस्थी, दिनेश दीक्षित, मनोज जैन, अंकित बासु व अन्य लोग मौजूद रहे।

## कृषि मंत्री ने की समीक्षा, अधिकारियों को निर्देश



बांदा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने वभिन्न योजनाओं दलहन एवं तिलहन मिनी किट, एग्री स्टैग, कृषि यंत्रीकरण, डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं खाद वितरण की समीक्षा की। सर्किट हाउस में जिलाधिकारी की उपस्थिति में उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी ने कृषि मंत्री को बताया कि जिले में उर्वरकों की कमी नहीं है। डीएपी की एक रैक जल्द ही जनपद को उपलब्ध हो जाएगी और खाद का वितरण केन्द्रों के माध्यम से किया जाएगा। मंत्री ने पीसीएफ के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टॉक में रखी हुई खाद को जल्द ही उर्वरक वितरण केन्द्रों को उपलब्ध कराएं, जिले में उर्वरक की कमी किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए। अतिवृष्टि से जनपद में फसलों की क्षति हुई है उनका बीमा क्लेम जल्द ही किसानों को उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान कृषि विभाग के अलावा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अधिकारियों ने विसर्जन स्थल का लिया जायजा



बांदा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ प्रशासन के अधिकारियों ने नवदुर्गा मूर्ति विसर्जन स्थल केन नदी तट का निरीक्षण किया। बुधवार को देवियों के विसर्जन को लेकर वहां की सफाई, लाइट की व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी जे0 रीभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने मजिस्ट्रेटों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों, जल संस्थान, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि विसर्जन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाएं चाक चैबंद रखी जाएं। अधिकारियों ने विसर्जन रूट का जायजा लिया और विद्युत तारों को पर्याप्त ऊंचाई देने, यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर बैरिकेटिंग की व्यवस्था के निर्देश दिए। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद श्रीचंद्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को किया जागरूक



बांदा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत थाना चिल्ला क्षेत्र के वैदिक आर्य इंटर कॉलेज ग्राम दोहतरा में छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन तथा साइबर अपराध के महत्व को समझाते हुए जागरूक किया गया। छात्र-छात्राएं एक-दूसरे के सहयोग से समस्याओं का निस्तारण कैसे कर सकते हैं, इस बारे में जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह की उपस्थिति में थाना प्रभारी अनूप दुबे ने छात्राओं को शासन के विभिन्न हेल्प लाइन नंबर आपात कालीन सेवा 112, वीमेन पावर लाइन नंबर 1090, स्वास्थ्य सेवा 102, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 का उपयोग किन परिस्थितियों में किया जा सकता है के बारे में बताया साथ ही राज्य सरकार की अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मिशन शक्ति टीम ने छात्र-छात्राओं को उनके उत्तरदायित्व को समझाते हुए उनके कैरियर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। घर से स्कूल आते-जाते छात्राओं को किसी तरह होने वाली समस्या के बारे में भी जानकारी की गई।

## 3 जेब कतरे गिरफ्तार, 91,430 रुपये बरामद

बांदा। अंतर्जनपदीय जेब काटने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को कोतवाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 91,430 रुपये और जेब काटने वाले सर्जिकल ब्लेड बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के चलते पुलिस ने यह कार्रवाई की है। गिरवां क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग निवासी शिवकरन पुत्र मुरली से 23 सितंबर को ई-रिक्शा से जाते समय साथ में सवार एक अज्ञात ने कालूकुआं ओवरब्रिज से जेब काटकर 15 हजार रुपये निकाल दिए तथा दूसरे साथी के साथ बाइक पर बैठकर भाग गये। इसी तरह थाना कमासिन के सिकरी गांव निवासी एलआईसी एजेंट रामकुमार से 26 सितंबर को ओवरब्रिज के पास दो बाइक सवारों ने आकर कहा कि दीवान जी को स्टेशन तक छोड़ दो। जब वह उस व्यक्ति को बैठाकर पंजाब आर्मरी के पास पहुंचे तो पीछे बैठे व्यक्ति ने जेब काटकर 54 हजार रुपये निकाल लिए। शिकायतों के बाद पुलिस लगातार गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। इसी के चलते पुलिस ने मंगलवार को महोखर बाईपास से जेब काटने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूंछताछ करने पर इन्होने जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी मिथुन के सिर पर लगी चोंटों के बारे में बताया कि 27 सितंबर को एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराकर गिरने से सिर में चोंटे आई हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सिवा पुत्र कन्नौजीलाल, जितेन्द्र पुत्र पिल्लू व मिथुन पुत्र रामनारायण निवासी जनपद फरूर्खाबाद हैं।

## झोलाछाप चिकित्सकों पर नोडल अधिकारी ने कसा शिकंजा, तीन क्लीनिक सील



नगीना, बिजनौर। झोलाछाप चिकित्सकों पर शिकंजा कसने के लिए विभाग ने अभियान छेड़ दिया है। नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रमोद देशवाल ने लोागे की जान से खिलवाड करने वाले झोलाछाप चिकित्सकों के यहां छापेमारी करते हुए स्वास्थ्य अनियमिताओं के आधार पर नगीना क्षेत्र के तीन क्लीनिको को सील दिया है। उन्होने दो टूक कह दिया है कि झोलाछाप चिकित्सको की लापरवाही से किसी की जान के साथ खिलवाड़ नही करने दिया जाएगा। डॉ प्रमोद देशवाल की ताबड़तोड़ कार्रवाई से नगर क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। नगीना तहसील के गांव पुरनपुर में डां प्रवीन सिंह, गांव भोगली में डॉक्टर रोहित कुमार व कासमपुर भोगा में डॉक्टर संजीव कुमार के क्लिनिक को चेक किया गया तो तीनो के पास क्लीनिक चलाने सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज नहीं मिला, जिस कारण तीनों क्लीनिको को सील कर दिया गया। नोडल अधिकारी प्रमोद देशवाल की ताबड़तोड़ कार्रवाई से जहां नगीना तहसील क्षेत्र में हड़कम मचा हुआ है वहीं झोलाछाप चिकित्सक अपनी अपनी दुकाने बंद करके मौके से भागते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि झोलाछाप चिकित्सक खुद ही अपनी अपनी दुकानें बंद करले अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रमोद देशवाल ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह के निर्देश पर अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम व क्लीनिको पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से अभियान आगे भी जारी रहेगा। सीएमओ कौशलेंद्र सिंह के अलर्ट मोड में आ जाने से अब झोलाछाप चिकित्सकों में खलबली मची हुई है।

## ग्राम प्रधान के घोटालों की जांच करने पहुंची टीम को स्कूलों में मिला ताला

### जांच अधूरी

शहजाद अंसारी

- डीएम के आदेश पर चार माह 20 दिन बाद सरकारी धन के दुरुपयोग एंव घोटाले की जांच करने पहुंचे जांच टीम को शिकायतकर्ताओं के विरोध का करना पड़ा सामना

बिजनौर। जिलाधिकारी के आदेश पर चार माह 20 दिन बाद ग्राम पंचायत कल्याणपुर की प्रधान नसीम फातिमा द्वारा विकास कार्यो के नाम पर किये गए सरकारी धन के दुरुपयोग एंव घोटाले की जांच करने पहुंचे जांच टीम को शिकायतकताओं के विरोध का सामना करना पडा। शिकायतकताओं को शांत करने के बाद जांच अधिकारियों ने पंचयात घर की नपाई करने के बाद जब प्राईमरी एंव कस्तूरबा स्कूल से घोटालों के आरोपो की जांच शुरू की तो दोनो स्कूलों में ताला लटका मिला जिससे जांच टीम को अधूरी जांच कर वापस लौटना पडा।

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर के समक्ष पेश होकर नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी सईदुद्दीन सलमानी, शगुफ्ता अंजुम, शारुख सलमानी व अन्य लोगो ने अपने शपथ पत्रों के साथ ग्राम पंचायत कल्याणपुर की ग्राम प्रधान नसीम फतिमा व सचिव द्वारा गांव में सडक, नल, रंगई पुताई, टाईल्स, शौचालय, मनरेगा आदि विकास कार्यो के नाम पर घोटाले की जांच कराने के लिए शिकायती पत्र दिया था। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए 09 मई 2025 को जांच कमेटी बनाकर जांच में जिला आबकारी अधिकारी बाद में जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव को नामित किया था। जांच अधिकारियों से सांठ-गांठ कर समय पर जांच न होने का फायदा उठाकर ग्राम प्रधान नसीम फातिमा के अपराधिक पति दिलशाद अंसारी ने शिकायतकताओं व उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फसाना शुरू कर दिया ताकि वह मुकदमों के डर से जांच कमेटी के सामने ग्राम प्रधान के घोटाले उजागर न कर सके। जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव अपनी टीम के साथ 29 सितम्बर सोमवार को सुबह 11 बजे के स्थान पर शाम 3 बजे पहुंचे तो शिकायतकताओं ने जांच के नाम पर खानापूर्ति करने व जांच अधिकारियों पर घोटालेबाज ग्राम प्रधान व सचिव को बचाने का आरोप लगाकर विरोध जताया। जांच



अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव द्वारा निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद शिकायतकर्ता शांत हुए। शिकायतकताओं ने मौके पर जांच अधिकारियों को साक्ष्य देकर बताया कि मनरेगा योजना में घोटाला करते हुए ग्राम प्रधान नसीम फातिमा ने अपने पति दिलशाद अंसारी के साथ मिलकर अपने देवर नौशाद पुत्र शफीक व अपने खानदानी बरकत पत्नी रियासत व उसकी पुत्री नाजिश रोजगार सेवक के पति अर्जुन सहित दर्जनों अपात्र लोगो की फर्जी हाजिरी दिखाकर मनरेगा योजना से हजारों रुपए निकालकर सरकार को चूना लगा रखा। शिकायतकताओं ने सरकार की तरफ से गांव में शौचालय बनने के लिए भेजे गए रुपयों की भी बंदरबाट का जिक्र करते हुए जांच अधिकारियों को शौचालयों की लिस्ट देकर बताया कि ग्राम प्रधान नसीम फातिमा ने सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए गांव में मनरेगा का कार्य देखने वाली रोजगार सेवक डोली व उसके पति अर्जुन दोनो के खाते में शौचालय बनाने के लिए रुपए डलवा दिये है तथा गांव के लोगो के लिए शौचालयों के लिए आए धन की बंदरबाट की गई है मौके पर शौचालय नही बनाये गए है। जांच अधिकारियों ने पंचायत घर की जांच के बाद जब प्राईमरी स्कूल एंव कस्तूरबा स्कूल से घोटालों के आरोपो की जांच करनी शुरू की तो साजिश के तहत दोनो स्कूलों में ताला लटका मिला जिसके बाद शाम 05 बजे जांच टीम को अधूरी जांच कर वापस लौटना पडा। जांच अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव ने शिकायतकाताओं को आश्वासन देते हुए कहा कि जांच पूरी निष्पक्ष ढंग से की जायेगी। उन्होने कहा कि जल्द ही फिर से जांच करने आयेंगे इस बार ग्राम प्रधान व सचिव को किसी भी तरह से बचने का मौका नही दिया जायेगा।

# सियासी रेवड़ियां घातक

चुनावी रेवड़ी देश की उभरती हुई अर्थव्यवथा के लिए कितना घातक है, यह सभी नेता जानते हैं। बार-बार अर्थशास्त्री सियासी रेवड़ियों को लेकर चेतावनी भी दे चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद जिस तरह दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने सियासी रेवड़ियों के जरिए एकतरफा जीत दर्ज की उसके बाद यह उत्तर भारत की सियासत में भी पूरी तरह जड़ें जमा चुका है। सियासी रेवड़ी अब जीत का अचूक फॉर्मूला बन गयी है। दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा में भाजपा की सफलता में चुनावी रेवड़ियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। झारखंड में झामुमो सरकार की वापसी में मैया सम्मान योजना ने अहम भूमिका निभाई। अब यही फार्मूला बिहार में नीतीश सरकार ने लागू कर दिया है। चुनावी साल में बिजली फ्री, वृद्धावस्था पेंशन वृद्धि, महिलाओं को दस हजार एकमुश्त उनके खाते में देने जैसी योजनाओं के जरिए नीतीश सरकार बिहार में फिर वापसी करना चाहती है। दरअसल पूर्व में प्रधानमंत्री स्वयं कई बार कह चुके हैं कि चुनावी रेवड़ियां अर्थव्यवस्था के सामने बड़ा संकट है। यह सच भी है। आज पंजाब, हिमाचल और कर्नाटक में चुनावी रेवड़ियों के कारण तेजी से कर्ज बढ़ा है, विकास प्रभावित हुआ है। इसके बावजूद इस पर रोक लगने के बजाय यह प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। पीएम मोदी ने कहा था कि जो दल और नेता रेवड़ी बांट कर वोट बटोरने में लगे हैं, इनसे एक दिन देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो सकती है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने दसियों बार इस बयान को दोहराया है।




**सियासी रेवड़ी का कल्चर देश में इतना अधिक घातक हो गया है कि अब कई राज्य कर्ज लेकर चुनावी वायदों के तहत रेवडियां बांट रहे हैं।**

प्रधानमंत्री व्यापक संदर्भ में बिल्कुल सही कहते रहे हैं, क्योंकि देश पर करीब 225 लाख करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है, लेकिन कर्ज का ब्याज चुकाने में ही राजस्व का बड़ा हिस्सा निकल जाता है। विडंबना यह है कि 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने और अंततः गठबंधन सरकार का प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी अपने ही कथन के विपरीत होते दिख रहे हैं। बीजेपी और उसकी राज्य सरकारें भी फ्रीबीज को बढ़ावा दे रही हैं। ताजातरीन मामला बिहार का है, जहां महिला रोजगार योजना के तहत 10,000 रुपये एकमुश्त प्रधानमंत्री ने 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में ट्रांसफर किए हैं। अभी 25 लाख और महिलाओं को भी यह राशि दी जानी है। यानी कुल 10,000 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री और बिहार की एनडीए सरकार ने उस रणनीति के तहत बांटे हैं ताकि महिलाओं के अधिक से अधिक वोट हासिल किए जा सकें। बिहार में आर्थिक विरोधाभास गजब का है कि राज्य का बजट 3.16 लाख करोड़ रुपये का है और कर्ज 3.70 लाख करोड़ रुपये है। बीते दिनों अखबारों में हरियाणा सरकार का विज्ञापन छपा था। अब हरियाणा की भाजपा सरकार ने भी करीब 22 लाख 'लाडो लक्ष्मी' को 2100 रुपये प्रति माह देने की घोषणा की है। हरियाणा सरकार पर भी मार्च, 2025 तक 3.17 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज था। यह तय है कि कर्ज बढ़ भी रहा होगा। पंजाब में फरवरी, 2022 में चुनाव हुए थे। तब आम आदमी पार्टी ने प्रत्येक पात्र महिला को 1000 रुपये प्रति माह देने की घोषणा की थी। अब सितंबर, 2025 समाप्ति की ओर है, लेकिन आप सरकार अपना वायदा पूरा नहीं कर पाई है, क्योंकि वर्ष 2025-26 में उस पर 4.17 लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज का अनुमान है। महाराष्ट्र में भी भाजपा नेतृत्व की सरकार है। वहां चुनावी मुद्दा बना लाडकी बहना योजना। बेशक वहां की सरकार 2100 रुपये प्रति माह पात्र महिलाओं को दे रही है, लेकिन घाटे का बजट होने के कारण 26.34 लाख महिलाओं के नाम काटने पड़े। महाराष्ट्र सरकार पर मार्च, 2026 तक 9.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज हो सकता है। आकलन है कि देश के 11 राज्य कर्ज लेकर रेवड़ी बांट रहे हैं। कर्ज लेकर रेवड़ी बांटने से देश को या राज्यों को कितना फायदा होगा यह बताने की जरूरत नहीं हैं। इसके नुकसान से सभी परिचित हैं। इसके बावजूद सत्ता के लिए अर्थव्यवस्था से खिलवाड़ हो रहा है।

---

**विचार**

निंदा करने वाले व्यक्ति को तो अपने आंगन में कुटी छवाकर अपने पास रखना चाहिए। क्योंकि वह बिना साबुन पानी के ही हमारा स्वभाव निर्मल कर देता है।

-संत कबीर.

मनुष्य का अनुमान कभी भी उसकी त्रुटियों से नहीं लगाना चाहिए। त्रुटियां तो मानवता की सामान्य दुर्बलताएं हैं। महान सद्गुण ही मनुष्य के अपने होते हैं।

-स्वामी विवेकानन्द.

जैसे कछुआ अपने अंगों को समेट लेता है, उसी प्रकार जब मनुष्य अपनी इन्द्रियों को विषयों से खींच लेता है, तभी उसकी बुद्धि स्थिर होती है।

-महाभारत.

सबसे अच्छा व्यक्ति वह है जो अपनी प्रगति के लिए सबसे अधिक परिश्रम करता है।

-सुकरात.

बाद में उत्पन्न होने वाली समस्त इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

# पाकिस्तान का खेल आतंकवाद है ट्रॉफी चोरी



लोकमित्र गौतम

**भारतीय खिलाड़ी एशिया कप शुरू होने के पहले से ही कह रहे थे कि वे पाकिस्तान के किसी मंत्री या अधिकारी के हाथों जीत की ट्रॉफी नहीं लेंगे, उसके बाद भी जिस तरह खिसियाहट में पाक राजनेता और पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारतीय खिलाड़ियों द्वारा उनके हाथों से ट्रॉफी स्वीकार न किये जाने पर राजनीतिक ड्रामा खड़ा करने की कोशिश की, उससे साफ पता चलता है कि वह सब कुछ पहले से तय कर चुके थे और इसे अवार्ड सेरेमनी की स्क्रिप्ट बना दिया।**

एशिया क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष, साथ ही पाक सरकार में आंतरिक (गृह) मंत्री मोहसिन नकवी ने भारतीय खिलाड़ियों द्वारा उनके हाथ से एशिया कप ट्रॉफी न लिए जाने पर, खिसियाकर जिस तरह अपने साथ ट्रॉफी और मेडल्स भी लेकर चले गये, यह पाकिस्तान की सिर्फ खिसियाहट ही नहीं दर्शाती बल्कि खेल के मैदान में किस तरह का आतंक फैलाया जा सकता है, यह उसकी एक बानगी है। दरअसल एशिया कप का फाइनल मैच जीतने के बाद जब अवार्ड सेरेमनी शुरू हुई, तो जैसे ही एसीसी के चेयरमैन मोहसिन नकवी को पता चला कि भारतीय खिलाड़ी उनके हाथ से ट्रॉफी नहीं लेंगे, वैसे ही वह जिद पर उतर आये कि ट्रॉफी देंगे तो वही। जबकि भारतीय क्रिकेटर वहां मौजूद ओमान क्रिकेट बोर्ड के पदाधिकारी से ट्रॉफी लेने के लिए तैयार थे। लेकिन मोहसिन नकवी जिद पर अड़े रहे। पीसीबी चेयरमैन करीब 40 मिनट तक पूरी हठधर्मिता के साथ मंच पर मौजूद रहे लेकिन जब भारतीय खिलाड़ी किसी भी कीमत पर उनके उनके हाथों से ट्रॉफी लेने मंच पर नहीं पहुंचे तो वह खिसियाहट में वहां से चले गये और अपने साथ ट्रॉफी व मेडल्स भी लेते गये।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी की इस हरकत पर उन्हें आड़े हाथों लिया। सैकिया ने कहा है कि बीसीसीआई इस मुद्दे पर आईसीसी मीटिंग में शिकायत दर्ज करायेगी और उन्होंने नकवी को ट्रॉफी वापस करने का अल्टीमेटम भी दे दिया। साथ ही सैकिया ने यह भी कहा है कि जरूरी नहीं कि चेयरमैन ही ट्रॉफी प्रदान करने की जिद करे। आखिर 2022 में भी तो श्रीलंका की जीत के समय जय शाह ने ट्रॉफी नहीं सौंपी थी। दरअसल पीसीबी चेयरमैन और एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पाकिस्तान की टीम जिस तरह से हारी, उससे बहुत ज्यादा खिसिया गये थे। उन्हें लगता था कि जब पहले से ही दो मैच भारत जीत चुका है, तो शायद औसत के नियम के तहत तीसरी बार जीत पाकिस्तान के हाथ लग जायेगी। शुरू में पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने फाइनल में प्रदर्शन भी अच्छा किया, मगर पाकिस्तान के मध्य क्रम के बल्लेबाज ताश के पत्तों की तरह ढह गये और जो पाकिस्तान भारत के लिए 180 से 200 रनों के बीच का लक्ष्य देना चाहता था, वह लक्ष्य महज 147 रनों पर सिमट गया। हालांकि जब भारत के 20 रनों पर 3 विकेट गिर गये, तो एक बार लगा कि शायद आज किस्मत पाकिस्तान के साथ है और अंततः फाइनल उसके खाते में जाने वाला है। लेकिन बाद में तिलक वर्मा, संजू सैमसन और शिवम दुबे ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत पाकिस्तान के हाथों से छीन ली। इससे भी मोहसिन नकवी से लेकर आम पाकिस्तानी समर्थकों तक का दिल टूटना स्वाभाविक था और इसके चलते उनमें खींझ आनी भी तय थी। लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि पीसीबी अध्यक्ष भारतीय खिलाड़ियों के उनके हाथ से ट्रॉफी लेने से इनकार करने पर ट्रॉफी और मेडल अपने साथ ही लेकर चले जाएं। यह तो खिसियाहट के चलते पाकिस्तान द्वारा की जा रही एक ऐसी हरकत है, जिससे खेल का सारा ताना बाना ही राजनीति का शिकार हो गया।

**एशिया कप ट्रॉफी**

भारत की जीती हुई ट्रॉफी को मोहसिन नकवी या कोई भी आयोजक अपने साथ नहीं ले जा सकता। क्योंकि कोई भी ट्रॉफी उस टूर्नामेंट की की संपत्ति होती है। इसलिए यह ट्रॉफी पाकिस्तान के किसी मंत्री या पाक क्रिकेट बोर्ड की निजी संपत्ति नहीं है बल्कि एशिया कप टूनामेंट की संपत्ति है और इसे एशिया क्रिकेट काउंसिल के नियमों के अनुसार ही विजेता टीम को सौंपा जाता है। हालांकि आयोजन प्रोटोकॉल यह होता है कि ट्रॉफी हमेशा खिलाड़ियों या टीम के मैनेजमेंट को ही दी जाती है। आयोजक, चेयरमैन या स्पांसर सिर्फ प्रजेंटेशन सेरेमनी का हिस्सा होते हैं। यह नियम सिर्फ एशिया क्रिकेट काउंसिल पर ही नहीं लागू होता बल्कि दुनिया के सभी प्रमुख खेलों की यही मान्य परंपरा है। कोई भी किसी खेल का अधिकारी चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो, कभी अपने साथ कोई मेडल या ट्रॉफी नहीं ले सकता। वैसे भी अगर मोहसिन नकवी भारतीय खिलाड़ी को ट्रॉफी देते तो महज उस ट्रॉफी में हाथ ही तो लगाते।

अब जबकि भारतीय खिलाड़ी जो कि उस टूनामेंट के जीते हुए खिलाड़ी हैं, उनका यह हक बनता है कि वे किसके हाथ से ट्रॉफी लें या न लें, उसमें मोहसिन नकवी का इस तरह बिफरना या प्रतिष्ठा का सवाल बनाना कहां तक सही है? एससीसी के संविधान और टूर्नाममेंट कॉन्ट्रैक्ट में भी साफ साफ लिखा है कि ट्रॉफी पर विजेता टीम का हक है। कभी उन्हें स्थायी ट्रॉफी दी जाती है, कभी उसकी प्रतिकृति। ऐसे में कोई भी अधिकारी चाहे वह मोहसिन नकवी हो या कोई और, वो अपनी मर्जी से जबर्दस्ती किसी टीम को अपने ही हाथों ट्रॉफी देने की जिद नहीं कर सकता और न ही उसको अपने साथ ले जा सकता है। ऐसा करना प्रोटोकॉल और एसीसी के नियमों का सीधा उल्लंघन है। साथ ही पाकिस्तान की इस हरकत से खेल की दुनिया में भी उसकी छवि एक आतंकी देश के रूप में उभर सकती है। वैसे भी बीसीसीआई के अधिकारियों ने साफ तौर पर और बड़े वजनदार तरीके से कहा है कि मोहसिन नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करनी होगी वर्ना इसका बहुत बड़ा खामियाजा वह स्वयं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड भुगत सकता है।

दरअसल खिलाड़ियों और बोर्ड के पास यह विकल्प होता है कि वे किसी विशेष व्यक्ति से ट्रॉफी लें या न लें। अगर भारतीय खिलाड़ियों ने आयोजन के शुरू होते ही बल्कि कुछ का तो कहना है कि पहले ही साफ कर दिया था कि वे पाकिस्तानी मंत्री और पीसीबी के चेयरमैन से ट्रॉफी नहीं लेंगे, तो उन्हें इसे नाक का सवाल नहीं बनाना चाहिए था। जिन भारतीय खिलाड़ियों को पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने पर समूचा पाकिस्तानी मीडिया और सरकार का प्रचार तंत्र इसे खेल का अपमान साबित करने में तुला था, वही पाकिस्तान इस बात को कैसे लेगा कि अपनी जिद के कारण एक ऐसा व्यक्ति जिसका ट्रॉफी पर कोई अधिकार ही नहीं है, महज प्रोटोकॉल के चलते यह कहने की जुर्रत करे कि अब भारतीय खिलाड़ियों को ट्रॉफी नहीं मिलेगी और यह भी कि वो नहीं हम जीते हैं, क्योंकि हमारे पास ट्रॉफी है। खेलों में खिलाड़ियों को राजनीतिक मसलों पर मौन या मुखर अभिव्यक्ति की छूट होती है। इसलिए किसी राजनीतिक मसले पर जब खिलाड़ी असहमत होते हैं, तो वे काली पट्टी बांधकर खेलते हैं। लेकिन अगर उस खेल के आयोजक इस बात से नाराज होकर कि काली पट्टी बांधकर कोई खिलाड़ी कैसे खेल सकता है, उस पर कोई जुमार्ना या प्रतिबंध लगाएं, तो वह पूर्णतः गैरकानूनी होगा।

यहां तो भारतीय खिलाड़ियों ने पहले से ही यह संकेत साफ शब्दों में दे दिया था कि वे जीते तो पीसीबी चेयरमैन के हाथों ट्रॉफी नहीं लेंगे। ऐसे में जब भारतीय टीम जीत गई, तो मोहसिन नकवी को खुद ही अवार्ड सेरेमनी से अपने आपको अलग कर लेना चाहिए था। वास्तव में यही शिष्टाचार होता। लेकिन इसके बजाय मोहसिन नकवी अपने साथ ट्रॉफी और मेडल्स लेकर चले गये। यह सरासर घटिया हरकत है। यह भी तय है कि जब कोई महत्वपूर्ण आयोजन होता है, तो आयोजन की पूरी रूपरेखा पहले से तय होती है और यह भी कि खिलाड़ियों को जीती हुई ट्रॉफी कौन देगा? ऐसे में जब भारतीय खिलाड़ी एशिया कप शुरू होने के पहले से ही कह रहे थे कि वे पाकिस्तान के किसी मंत्री या अधिकारी के हाथों जीत की ट्रॉफी नहीं लेंगे, उसके बाद भी जिस तरह से खिसियाहट में पाक राजनेता और पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारतीय खिलाड़ियों द्वारा उनके हाथों से ट्रॉफी स्वीकार न किये जाने पर राजनीतिक ड्रामा खड़ा करने की कोशिश की, उससे साफ पता चलता है कि वह सब कुछ पहले से तय कर चुके थे और इसे अवार्ड सेरेमनी की स्क्रिप्ट बना दिया।




**सोशल मीडिया**

भाजपा सीधे क्यों नहीं कह देती कि वो हार देख कर हताश है। यूं लोगों को नजरबंद कर परेशान तो न करे। पीडीए पर जो पाबंदी लगायी जा रही है उससे कुछ होने वाला नहीं। -अखिलेश यादव



आज गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित श्री दुर्गा मंदिर में शारदीय नव-रात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप मां महागौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। सीएम योगी.



कुछ दिनों से विभिन्न कार्यक्रमों में मुझे मिले उपहारों की नीलामी चल रही है, इस नीलामी में बहुत दिलचस्प काम शामिल हैं जो भारत की संस्कृति, रचनात्मकता को दर्शाती हैं। पीएम मोदी.



# बॉलीवुड का पुराना रिश्ता है जासूसी फिल्मों से...




बॉलीवुड

जेम्स बांड स्टाइल की जासूसी फिल्मों (स्पाई थ्रिलर) ने साल 2023 में बॉक्स-ऑफिस पर जबरदस्त कमाल किया था, आईएम लुकिंग एट यू, पठान, टाइगर-3 आदि को देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ उमड़ी। लेकिन भारत में इस शैली की फिल्मों का यह कोई नया ट्रेंड नहीं है। दरअसल, यह ट्रेंड 55 वर्ष पहले 1968 में रिलीज हुई एक फिल्म से शुरू हुआ था, जो उस साल की बॉक्स-ऑफिस पर सबसे सफल फिल्म थी और आप हैरत करेंगे कि उसे एक ऐसे व्यक्ति ने बनाया था जिसके बारे में आज यह कल्पना करना भी कठिन है कि बम व बंदूकों में उसकी कोई दिलचस्पी रही होगी। यह व्यक्ति 1917 में चंदरमौली चोपड़ा के रूप में पैदा हुआ था। उसने राज कपूर की कालजयी फिल्म 'बरसात' लिखी जो प्रेम कथा थी और 1949 में रिलीज हुई थी। फिर उसने अपना बैनर सागर फिल्म्स लांच किया और वह भी एक प्रेम कहानी (आरजू, 1965) के साथ और इसके लगभग दो दशक बाद उसने टीवी धारावाहिक 'रामायण' बनाया, जिसने उसका जीवन हमेशा के लिए बदल दिया। अब आप समझ गये होंगे कि मैं रामानंद सागर की बात कर रहा हूं। सागर ही का मूल नाम चंदरमौली चोपड़ा था।

आरजू और रामायण के बीच में ही सागर ने स्पाई थ्रिलर की नींव 'आंखें' के साथ रखी थी। आंखें रहस्य व जासूसी पर आधारित फिल्म थी, जिसमें धर्मेन्द्र, माला सिन्हा, महमूद आदि मुख्य कलाकार थे। सागर के करियर की यह सबसे सफल फिल्म रही। इस 174-मिनट की मनोरंजन व बेहतरीन गानों से भरी फिल्म को भारत, जापान व लेबनान में सेट किया गया है। सुनील (धर्मेन्द्र) व मीनाक्षी (माला सिन्हा) दो समर्पित एजेंट्स हैं जो देश के दुश्मनों के विरुद्ध निडरता से लड़ते हैं। वे भारत सरकार के लिए काम नहीं कर रहे हैं बल्कि उस सीक्रेट ग्रुप का हिस्सा हैं जिसे आजाद हिंद फौज के तीन दिग्गजों ने गठित किया है- दीवान चंद (हिन्दू), अशफाक भाई (मुस्लिम) और इशक सिंह (सिख)। इस वास्तविक प्रतीक को आसानी से समझा जा सकता है। 1945-46 में ब्रिटिश सरकार ने आजाद हिंद फौज के तीन अधिकारियों- कर्नल प्रेम सहगल, जनरल शाहनवाज खान व कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लो का कोर्ट मार्शल किया था, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। दिलचस्प यह है कि दीवान चंद की भूमिका में नजीर हुसैन थे, जो स्वयं नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद फौज में अधिकारी थे।

आंखें की कहानी कुछ इस तरह है कि भारत को अस्थिर करने के लिए हथियार व गोला बारूद स्मगल करके लाया जा रहा है। इस शैतानी साजिश का सरगना डॉक्टर एक्स (ब्राउन मिलिट्री यूनिफार्म व एक आंख के चश्मे में जीवन) है और उसका सहयोग भयावह मैडम (आसानी से रूप बदलने वाली ललिता पवार) कर रही है। सुनील को जांच के लिए बेरूत भेजा जाता है, जहां उसकी मुलाकात साथी एजेंट मीनाक्षी से होती है, जिससे वह अपनी जापान यात्रा के दौरान भी मिला था। बेरूत में दोनों का एक ही मिशन है। बहादुर सीक्रेट एजेंट के रूप में माला सिन्हा ने प्रभावी काम किया है, वह फैशनेबल रेड पैन्ट्स व हाई-हील के जूते पहनती हैं और बंदूक चलाती हैं। साठ के दशक के लिहाज से कुछ अन्य नये तत्व भी पर्याप्त मात्रा में हैं जैसे जलती-बुझती रंगीन लाइट्स के ट्रांसमीटर्स, एजेंट्स के लिए कोड नेम (शेर-ए-पंजाब, ताज महल), बोट चेज और धर्मेन्द्र का टाइगर से लड़ना।

फिल्म की पर्दे के पीछे की कहानियां भी पर्दे के ऊपर की कहानियों जितनी रोमांचक थीं। मसलन, कैमरामैन के लिए विशेष पिंजरा बनाया गया ताकि वह सुरक्षित रहते हुए उमा देवी नामक बाघिन को शूट कर सके। उमा को शूट्स के दौरान नियंत्रित करना आसान न था। एक दिन वह बोर हो गई (संभवतः रिटेक्स से), वह पिंजरे के ऊपर से कूदी और गायब हो गई। दहशत में उसकी तलाश की गई, वह एक कंपाउंड के कोने में सोते हुए मिली। यह दिलचस्प किस्सा 'एन एपिक लाइफः रामानंद सागर-फ्रॉम बरसात टू रामायण' (मई 2023) से लिया गया है, जिसे प्रेम सागर ने लिखा है। उन्होंने यह भी लिखा है कि बेरूत के सीन ईरान में शूट किये गये थे और चर्चित गाने 'दे दाता के नाम' को तेहरान की सड़कों पर शूट किया गया था।

प्रेम सागर लिखते हैं, 'पापाजी आंखें में किसी नये कलाकार को लेना चाहते थे। उसी दौरान वह एक हॉल में 'शोला और शबनम (1961)' देखने के लिए गये, जिसमें उन्होंने धर्मेन्द्र के बड़े व मजबूत हाथ देखे और सोचा कि इन हाथों में बंदूक परफेक्ट दिखायी देगी।'

-कैलाश सिंह.

# प्रकृति का उपहार

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके।

योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्रा दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

**अंतर्दृष्टि**

# किस्सा मेरी बीमारी का!

**व्यंग्यलोक**

बीमार तो मैं भी हुआ था, वह भी घनघोर रूप से। सरकारी अस्पताल में दिखाया तो डॉक्टर ने कमीशन के कैप्सूल दिये, जिससे मेरे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और हारकर मुझे एक प्राइवेट अस्पताल की शरण में जाना पड़ा। वहाँ का डॉक्टर बहुत भला था, डेढ़ इंच मुस्कान उसके होंठों पर स्थायी रूप से चिपकी हुई थी, उसकी उसी मुसकान से मेरा आर्थिक कत्ल हुआ। मैंने अस्पताल में बताया कि मैं एक साहित्यकार हूँ, इसलिए इसके बदले आप कुछ कंसीडर कर सकते हैं तो अवश्य करें, परन्तु अस्पताल के डॉक्टर की मुस्कान मुझे साहित्यकार जानकर हंसी मैं बदल गई। उसी हंसी के बीच उसने मुझसे कहा भी कि वे अच्छा ट्रीटमेंट देंगे। मैंने अपनी बीमारी की बात मीडिया में फैलानी चाही तो मुझे कोई प्रवक्ता नहीं मिला। जो लोग मेरा हाल-चाल पूछने आ रहे थे, उनसे भी कहा कि साहित्य अकादमी तक मेरी बीमारी की खबर पहुंचाओ, लेकिन परिणाम निकला ढ़ाक के तीन पात। चूंकि मैं गंभीर रूप से बीमार था तो शुरू में आई.सी.यू. में रखा गया। लेकिन वह आई.सी.यू. क्या था, हर ऐरा गैरा नत्थू खैरा उसमें धडल्ले से घुस आता था वैसे कोई ज्यादा भीड़-भाड़ नहीं थी, बस चंद पड़ोसी और रिश्तेदार एक बार औपचारिकता पूरी कर अन्तर्ध्यान हो गये थे। साहित्यकार ज्यादा नहीं आये, उसकी वजह थी खेमेबाजी। हालांकि मैं किसी खेमे में नहीं था।



पूरन सरमा

डॉक्टर ने ही आठ दिन बाद बताया कि पेट में जो दर्द है, वह अयेंडेसाइटिस का है। इसलिए आपरेशन करना होगा। मैं क्या करता, मजबूर था। पत्नी से सलाह की, वह बेचारी बेहाल थी और चिंतित भी। बोली-ह्यघबराओ मत, मेरे गहने कब काम आयेंगे, आपरेशन तो कराना ही है। डॉक्टर ने रातों-रात हजारों रुपए लेकर मेरा आपरेशन कर दिया। मेरे स्वास्थ्य बुलेटिन की चिंता न अस्पताल को थी और न जनता को इसकी आवश्यकता। इसलिए यहां भी मेरी तीस साल की साहित्य सेवा कोई काम नहीं आई। परिचर्चा के लिए पत्नी, बेटा और दो अदद बेटियाँ करती रहीं सारी भाग-दौड़। उधर अस्पताल प्रशासन हर तीसरे दिन हजार दो हजार मांग लेता वह अलग। दवायें बाजार से आ रही थीं। डॉक्टरों के हर राउंड की फीस अलग थी। लेकिन यह सब मेरी पहुंच के बाहर था। मैं बिस्तर पर पड़ा अक्सर यही सोचा करता कि गरीबी कितना बड़ा अभिशाप है। थोड़ा ठीक हुआ तो मुझे जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया, जहाँ पूरा हॉल शोर-शराबे की चपेट में था। परन्तु मैंने आर्थिक भार की कमी को ध्यान में रखकर राहत की साँस ली। मेरे लिए प्रार्थना और दुआ मांगने वाले भी मेरे परिवारजन ही थे। इस मुफ्त के काम में भी साहित्य सेवा और देश कोई काम नहीं आया।

## आपकी बात

### चुनावी मुद्दा बने रोजगार

चुनावी मौके पर पार्टियां गैर जरूरी मुद्दों को राजनीतिक विमर्श में शामिल कर एक तरह से बहुत नुकसान करती हैं। बिहार में चुनाव होने वाले हैं लेकिन वहां गैर जरूरी मुद्दे हावी हैं जबकि पार्टियों को रोजगार और विकास को प्रमुख मुद्दा बनाना चाहिए। चुनाव देश एवं प्रदेश के भविष्य को बदलने, संवालने वाला होता है और इस अहम मौके पर वास्तविक मुद्दों पर बहस होनी चाहिए ताकि जनता अपना फैसला करते समय भावनाओं में बहने के बजाय यथार्थ के धरातल पर खड़े होकर फैसले ले, लेकिन दुर्भाग्य से पार्टियां हमेशा ऐसे-ऐसे मुद्दों को उछाल देती हैं जिससे समाज को गंभीर सरोकार नहीं होता। आज रोजगार सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा है और प्रदेश की जरूरत भी है। युवाओं को भी शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। देश एवं प्रदेशों में रोजगार का बड़ा संकट है। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। चाहे सरकारी नौकरी मिले, चाहे प्राइवेट नौकरी मिले या फिर उद्यमिता, स्वरोजगार जैसे उपायों से।

**कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा.**

### पानी के हर बूंद को बचायें

देश में स्वच्छ पेयजल एक बड़ी समस्या है लेकिन फिर भी हम हर तरफ पानी की बर्बादी को देख सकते हैं। बरसात के पानी को संरक्षित करने और उसका उपयोग करने को लेकर आज तक देश में व्यापक नीति एवं कार्ययोजना नहीं बन पायी है। जल संरक्षण के तमाम प्रयासों के बावजूद हकीकत यह है कि लोगों को पानी बचाने को लेकर कोई खास जागरुकता नहीं है। लोग बहुत पानी बर्बाद करते हैं। इसलिए जलदोहन पर लगाम लगाने के साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों को अपनी जरूरत से अधिक पानी न मिले। बढ़ती आबादी के साथ कृषि व उद्योग जगत की जरूरतों के लिए जल संरक्षण की बहुत जरूरत है। नदियों का संकट कोई नया नहीं है। तमाम छोटी-छोटी नदियां खत्म हो गयीं। जबकि गंगा यमुना जैसी बड़ी नदियों भी प्रदूषण के कारण संकटग्रस्त हैं। जब हम नदियों के संकट की बात करते हैं तो बड़ी नदियों पर तो चर्चा होती है। गंगा, यमुना, गोमती जैसी नदियों के बारे में योजना भी बनती है और जैसे-तैसे सफाई अभियान भी शुरू किया जाता है लेकिन छोटी-छोटी नदियों का कोई पुरसाहाल नहीं। भारत में नदियों का जाल है लेकिन इसका लाभ नहीं मिलता क्योंकि नदियों का पानी बहता हुआ समुद्र में जा मिलता है।

**शिवेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## स्कूल में मनाया गया दशहरा पर्व

बाराबंकी। लक्ष्मणपुरी कॉलोनी स्थित द चिल्ड्रेंस ट्री प्री स्कूल मे दशहरा पर्व मनाया गया। जिसमे नन्हे-मुन्ने बच्चो ने राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, और रावण, मेघनाथ का पात्र किया। इस अवसर पर प्रबंधक अभिनव वर्मा ने भगवान श्रीराम की आरती की। तथा श्री राम के आदर्शों को बच्चो को बताया।

## जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

अयोध्या। जिला जज रणंजय कुमार वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण व जेल अधीक्षक के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में निरुद्ध सभी बन्दियों, पाकशाला रसोई में साफ-सफाई, भोजन, पेयजल आदि की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। इसी क्रम में कारागार में किशोर बैरिक में बच्चों से बातचीत की व अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गयी।

## जमीआत उलेमा की टीम ने पीड़ितों में बांटा इमदाद

अयोध्या। जमिअत उलेमा-ए-हिन्द के सदर हजरत मौलाना सैय्यद अरशद मदनी की अपील पर एक तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिसमे शहर मुफ्ती जियाउद्दीन कासमी कारी इरफान अहमद हलीमी जनरल सेक्रेटरी जमिअत उलेमा अयोध्या, मोहम्मद सालिम स्टार बेकरी गुलाबवाड़ी शामिल थे एक बड़ी रकम जो जुमा के दिन विभिन्न मस्जिदों के इमामों ने अपनी अपनी मस्जिद में अपील करके इकट्ठा की उसके अलावा कुछ खास दूकान दारों से इमदाद लेकर सब रकम इकट्ठा करके पंजाब जाकर पंजाब के जमीअत उलमा के अध्यक्ष से मुलाकात की और वहाँ पर हालात का जायजा लेकर आर्थिक सहायता प्रदान की। प्रतिनिधि मंडल ने अमीर शरीअत पंजाब और अध्यक्ष जमिअत उलेमा पंजाब व दारुल उलूम देवबन्द की कार्यकारिणी सदस्य मौलाना खलील अहमद और मुफ्ती मोहम्मद मुसुफ के बेटे ने कपूरथला जिले के गाँव व कस्बों में इमदाद तकसीम किया। इसके अलावा पंजाब के कस्बा सुल्तानपुर लोधी वगैरह मे रहने वाले उन किसान भाइयो से भी मुलाकात की जिनकी फसले मुकम्मल तौर से तबाह हो चुकी हैं और उनको बहुत अधिक नुकसान उठाना पड़ा है जमिअत के प्रतिनिधियों से आर्थिक सहायता पाकर सारे मुकामीं लोग बहुत खुश होकर अहले फैजाबाद का शुक्रिया अदा किया उन लोगों ने बहुत बहुत दुआएँ दीं यह शुभ कार्य मौलाना मोहम्मद अहमद अध्यक्ष जमिअत उलेमा अयोध्या व उपाध्यक्ष मौलाना जहीर अब्बास साहब नदवी जावेद अहमद बस्तवी, हाजी मो अनीस हाफिज सादिक. के ताऊन से ही यह कार्य हो सका जमियत उलमा जिला अयोध्या इकाई सभी का शुक्रिया अदा करती है। इस बात की जानकारी जमिअत उलमा अयोध्या के मीडिया इंचार्ज मास्टर इरशाद रब्बानी ने दी है।

# भेड़िए के हमले में बुजुर्ग दंपती की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने अधिकारियों की गाड़ियों में की तोड़फोड़




**बहराइच।** कैसरगंज तहसील के ग्राम पंचायत मंझारा तौकली में आदमखोर भेड़ियों का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार भोर में मढ़हे में सो रहे बुजुर्ग दंपति पर आदमखोर भेड़ियों ने हमला कर दोनों को मौत के घाट उतार दिया । सुबह दोनों का क्षत विक्षत शव मिलने से इलाके में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर उप जिलाधिकारी डीएफओ व वनाधिकारी वन टीम मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की भीड़ बढ़ती गई । आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग सहित सरकारी गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ की। ग्रामीणों ने बताया कि भेड़िया के हमले में पहले ही चार लोगों की मौत हो चुकी है लगभग दो दर्जन से अधिक घायल हो चुके हैं वन विभाग सहित बीस टीम लगाई गई है इसके बावजूद हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि भेड़िए के हमले की दहशत से बच्चों का स्कूल जाना पूर्णतया बन्द हो गया है। गांव के लोग दिन रात जागकर परिवारों की सुरक्षा में लगे हैं। जो सरकारी टीम बनाई गई है वो बिल्कुल असफल साबित हुई है। अब बुजुर्ग दम्पतियों पर भी भेड़िया हमला करने लगा है। ऐसी सूरत में ग्रामीण पलायन करने के लिए विवश हो रहे हैं। बताया जाता है भृगुपुरवा निवासी छेदन उम्र 70 वर्ष प्यारेपुरवा में स्थित अपने खेद पर बने मड़हे में खेत बचाने के लिए गए थे देर रात उनकी पत्नी मनकिया उन्हें खाना देने के लिए गई थी रात अधिक हो जाने के कारण दोनों वहीं सो गए देर रात करीब तीन बजे आदमखोर भेड़िए ने आकर हमला कर दोनों को मौत के घाट उतार दिया। इसी के साथ रात में धनपतिया पत्नी रामदेव निषाद व सेबरी पत्नी नान्हू निषाद को भी भेड़िए ने घायल कर दिया है। जिनका प्राथमिक उपचार सीएचसी फखरपुर में चल रहा है। घटना की जानकारी सुबह होने पर ग्रामीण पहुँचने लगे दोनों के क्षत विक्षत शव देखकर कोहराम मच गया। यह घटना आग की तरह चारो तरफ फैल गई। मौके पर भारी भीड़ पहुँच गई जिसे देखकर सरकारी कर्मचारी वहां से खिसकने लगे। आक्रोशित ग्रामीणों ने कई सरकारी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। मंझारा तौकली के चारो तरफ भेड़ियों का दहशत छाया हुआ है। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह निष्क्रिय हो चुके हैं जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंझारा तौकली के कार्यक्रम में अधिकारियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा था कि जनहानि किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिये जिन घरों में दरवाजे नहीं हैं उन घरों में तत्काल दरवाजे लगा दें।

# गांव गरीब किसान को लेकर कोई समझौता नहीं होगा : अनिल

सोहावल-अयोध्या। राष्ट्रीय लोकदल एनडीए का गठबंधन जरूर है। मगर किसानों के मुद्दे को लेकर लड़ाई लड़ता रहेगा। सरकार में रहकर किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। गांव गरीब किसान को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। यह उद्गार आज बीकापुर विधानसभा के सोहावल ब्लाक में मुबारकगंज चैराहे पर मंडल प्रभारी गंगा राम वर्मा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेष नाथ मिश्र सुडडू मिश्रा ने और संचालन क्षेत्रीय महासचिव राजेश तिवारी ने किया। भारी संख्या में स्वागत करने आए लोगों को संबोधित करते हुए श्री दुबे ने हमेशा हर संभव सहायता करने की बात कही। बीकापुर विधानसभा और सोहावल ब्लाक हमेशा से रालोद का गढ़ रहा है। यहां से पार्टी पंचायत प्रमुख और विधानसभा के चुनाव को लेकर भी गंभीर है। स्वागत से अभिभूत श्री दुबे ने लोगों का आवाहन किया कि आप सभी लोग किसान हैं। रालोद से जुड़िए भाई गंगा राम वर्मा को मजबूत करिए हम लोग आपकी लड़ाई सरकार में रहकर और बाहर भी करेंगे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष सुड्डू मिश्रा ने लोगों का आभार व्यक्त किया। दुर्गा अष्टमी के दिन आयोजित कार्यक्रम में इतनी भारी संख्या में आने के लिए धन्यवाद भी अदा किया। गंगा राम वर्मा जो सोहावल तृतीय से जिला पंचायत का चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें पार्टी की रीति नीतियों को लेकर गांव गरीब किसानों के बीच में जाने की बात भी कही गई। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चैधरी को मजबूत करने और रालोद को बढ़ाने का लोगों ने आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में बीकापुर विधानसभा के प्रभारी अनिल पाण्डेय पूर्व जिला पंचायत रनर प्रत्याशी रिंकू रावत, सुनील पाण्डेय, अर्जुन पाण्डेय, राम नयन निषाद, इमरान खान, अमर जीत पाण्डेय, गुरु मौर्य, रंजन मिश्रा, मोनू शुक्ला, कुलभूषण मिश्रा, ट्रेड सुनील अमित मौर्य नरेंद्र शुक्ला नसीम अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# टीईटी से मुक्ति के लिए शिक्षकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। 2010 के पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी के मुक्ति के लिए अध्यादेश जारी करने हेतु उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सांसद अवधेश प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन लेते हुए सांसद अवधेश प्रसाद नें कहा उच्चतम न्यायालय में सरकार की लचर पैरवी के कारण शिक्षकों का भविष्य चैपट होने के कगार पर है। सरकार की मंशा शिक्षकों के प्रतिकूल है।उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मिलकर प्रकरण पर प्रभावी कार्रवाई कराने का आश्वासन भी दिया। साथ ही साथ यह भी कहा कि संसद में अध्यादेश लाकर प्रभावित शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति दिलाने हेतु इंडिया गठबंधन के साथ जोरदार ढंग पर भी करते हुए भारत सरकार को मजबूर किया जाएगा। प्रांतीय ऑडिटर जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि खेल शुरू होने के बाद नियम नहीं बदले जाते। जिलामंत्री चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा हेतु भारत सरकार को प्रभावी पहल करनी चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने कहा कि शिक्षकों में असुरक्षा और असंतोष व्याप्त हो गया है। जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्र होकर शिक्षकों से मोटरसाइकिल जुलूस निकाला और ह्लटीईटी वापस लोह्ल, ह्लकाला कानून वापस लोह्ल, ह्लहर जोर जुल्म के टक्कर में, संघर्ष हमारा नारा हैह्ल, ह्लशिक्षक एकता जिंदाबादह्ल आदि नारे लगाते हुए सहादतगंज आवास पहुंचे।इस अवसर पर संजय सिंह, प्रहलाद गौतम, ओम प्रकाश यादव, अरविंद पाठक चरणआधार मौर्य, धीरज शुक्ला, संचराज वर्मा, अनूप द्विवेदी, अमरेंद्र सिंह समेत हजारों शिक्षक शामिल हुए।

# झिझकें नहीं, खुलकर साझा करें अपनी बात

## सावधान रहें किसी दूसरे को लेन-देन करने के लिए न दें अपना बैंक खाता



अमानीगंज-अयोध्या। क्षेत्र के संत भीखादास रामजस स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोहली में मंगलवार को शक्ति के आराधना पर्व दुर्गा अष्टमी पर मिशन शक्ति के पांचवें फेज के अन्तर्गत एसपी ग्रामीण ने बालिकाओं को जागरूक किया। कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं ने नव दुर्गा के स्वरूप और समाज की बुराइयों और कुरीतियों के संबंध में एक मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। समाज से समाप्त हो चुकी बुराइयों को एसपी ग्रामीण ने प्रतीकात्मक रूप से विदाई दी।

बालिकाओं को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत सिंह चैधरी ने कहा कि बालिकाएं झिझकें न खुलकर अपनी बात पुलिस से साझा करें।उन्होंने छात्राओं से कहा कि कोई भी समस्या आने पर 112 पर कॉल कर सहायता ली जा सकती है चाहे आपके मोबाइल में बैलेंस हो चाहे न हो फोन पुलिस के पास आएगा। रास्ते में चलते समय आपकी बाइक खराब हो जाए तो भी 112 पर काल करे महिला पीआरवी आपको घर पहुंचाएगी। इसके अलावा महिलाएं 1090 पर भी अपनी शिकायत कर सकती हैं उनकी शिकायत महिला कर्मी ही सुनेंगी और उनकी पहचान भी सार्वजनिक नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी शिकायत लेकर थाने पर बेझिझक जा सकती हैं। सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना की गई है जहां उनकी काउंसलिंग, अभियोग, चार्जशीट, और आर्थिक सहायता दिलाने का काम महिला पुलिसकर्मी की देखरेख में किया जाएगा। उन्होंने छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने की सलाह देते हुए कहा कि एपीके फाइल कदापि न खोलें। साइबर ठग बैंक खाते किराए पर लेकर ठगी करते हैं, सावधान रहें किसी दूसरे को अपने खाते को लेन-देन करने के लिए न दें। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रीयस त्रिपाठी ने कहा कि महिला अपराधों से संबंधित मामलों में प्राथमिकता से कार्यवाही की जा रही है। महिला अपराधों के मामले में विवेचना कर सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश का पहला स्थान है। डॉ एनसी तिवारी ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया।

# विशेष चेकिंग चेंकिग अभियान में 5 ऑटो सीज, 10 का चालान



बाराबंकी। परमिट शर्तो का उल्लंघन करने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन एंव यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष चेकिंग आपरेशन चलाया। इस दौरान परमिट एंव अन्य आवश्यक दस्तावेजों के बिना अनाधिकृत रूप से संचालन करने वाले ऑटो के खिलाफ कार्यवाही कर वाहनों को जब्त तथा जुमार्ना भी लगाया गया। आज फतेहपुर-देवा मार्ग पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने अनाधिकृत संचालन करते हुये मिलने पर 5 ऑटो को थानो मे निरुद्ध किया। तथा अन्य अभियोगो मे 10 वाहनो के चालान किये।

# महासंधि पूजा में दिखी बंगाल की झलक

## बंगाल के पुरोहितों मंनतोष गांगुली व प्रदीप चटर्जी ने करायी पूजा सम्पन्न

बाराबंकी। यूथ्स एसोसिएशन के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद में 56वी शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव में ढ़ोल-ताशो की धुन पर बंगाल के पुरोहित मंनतोष गागुली व प्रदीप चटर्जी ने आज सुबह 9 बजे महाअष्टमी पूजा, महास्नान, पुष्पाजंलि के साथ दुर्गा मां की पूजा की। दोपहर 1:21 बजे से 2:09 बजे तक महासंधि पूजा के साथ सहभोज का आयोजन हुआ। महासंधि पूजा के दौरान हजारो की संख्या मे माता के भक्तो ने अपनी मनोकामना हेतु प्रार्थना की। शाम 7:30 बजे आरती एंव प्रसाद वितरण मे हजारो की संख्या में भक्तो ने मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा महोत्सव में बृजलाल सावलानी, राजेश गुप्ता किलटू, राजन शर्मा, अर्पित गुप्ता, मनोज जायसवाल, रामधन मुखर्जी, राम भजन, राजेश सिंह, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, एसके शाह, शरद राज सिंह, रामेंद्र दीपक, प्रीति सिंह, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ श्रीवास्तव, अमन त्रिवेदी, सिद्धार्थ कनौजिया मौजूद रहे। तो वही चैथी पीढ़ी के रुप मे ग्राम अल्लीपुर के भक्त अमन यादव, हरिकेश, दीपक, सोनू, दिलीप, आकाश, राकेश, शिवम आदि निःस्वार्थ भाव से मां के सेवा मे जुटे हुये है। प्रतियोगिता प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया कि बीती 26 से 29 सितम्बर तक हुई विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजयी बच्चो को पुरस्कार व प्रमाण पत्र



देकर सम्मानित किया जायेगा। तथा सबसे अधिक पुरस्कार पाने वाले विद्यालय को आंवटित अंको के आधार पर ट्राफी देकर सम्मानित किया जायेगा।

# नपा महिला अधिकारियों ने कचरा प्रबंधन के बारे में लोगों को किया शिक्षित



बाराबंकी। स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किये जाने को लेकर नगरपालिका परिषद अध्यक्षा शीला सिंह व अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला ने जागरुकता रैली को रवाना किया। रैली मे राजस्व निरीक्षक मनीषा शुक्ला, राजस्व निरीक्षक पूजा गुप्ता, राजस्व निरीक्षक शबाना अहमद फातिमी, जे0ई0 नेहा खान, जे0ई0 नीलम यादव, कनिष्ठ सहायक सरिता यादव, कनिष्ठ सहायक स्मिता श्रीवास्तव, पूजना देवी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नीलम, गायत्री, शमीम बानो, शोभा तिवारी, पदमा दीक्षित, शशि वर्मा आदि महिला अधिकारियो ने बेगमगंज, लाजपतनगर वार्ड अन्तर्गत दुकानदारो व स्थानीय वार्ड वासियो को स्वच्छता, उत्तरदायित्वों और भूमिका के बारे में जागरूक किया। अभियान के तहत महिला अधिकारियो ने उन्हें सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करने, कम्पोस्टिंग करने, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन को शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने और स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी।

# इंटरलाकिंग व नाली में घटिया सामग्री लगाये जाने की डीएम से शिकायत, सौंपा ज्ञापन



बाराबंकी। इण्टरलाकिंग व नाली मे घटिया सामग्री लगाये जाने को लेकर बाराबंकी ट्रांसपोर्ट ओनर्स एण्ड़ आपेरटर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता अंगद कुमार वर्मा ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि ग्वारी रोड से अमरजीत सिंह के घर में सामने से वर्मा फार्म हाउस तक लगाई जा रही इण्टरलाकिंग व नाली कार्य मे घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसको लेकर अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग श्रवण कुमार को कई बार अवगत कराया गया। लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। एसो0 अध्यक्ष श्री वर्मा ने इण्टरलाकिंग व नाली की जांच करवाने की मांग की है।

# सदस्यता अभियान को लेकर रालोद प्रदेश महासचिव वसीम हैदर ने की समीक्षा



बाराबंकी। लखपेड़ाबाग स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अखिलेश वर्मा की अध्यक्षता मे समीक्षा बैठक हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि लोकदल प्रदेश महासचिव हाजी वसीम हैदर ने सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुये कहा कि कि जनपद की जमीन पार्टी के लिए उपजाऊ जमीन है। राष्ट्रीय लोकदल संगठन बहुत पहले से ही यहां मजबूत रहा। जनपद से हमारा दिली जुड़ाव है अब यहां पर महीने में 2 से 3 बार आता जाता रहूंगा। सदस्यता जिले की बहुत अच्छी रही है और अभी एक माह बाकी है और आगे काफी सदस्य बनेंगे। जिलाध्यक्ष श्री वर्मा ने ने कहा जल्द ही एक जनप्रतिनिधिमंडल बाराबंकी से फतेहपुर होकर लहरपुर जाने वाले एन0एच 727 एच में जिन किसानों की जमीनें औने-पौने दामों में सरकार द्वारा अधिग्रहण हुई है उन किसानों की समस्याओं को लेकर जल्द ही जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन भारत सरकार व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को अवगत कराकर उचित मुआवजे की मांग करेंगे। बैठक मे बृजेश सोनी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप वर्मा, कलीम खान, जमीरुल रहमान, ठाकुर तोमर, मैनुद्दीन रजा, इशरत अली, रामनरेश, राम पाल मौर्य, शत्रोहन लाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पसमांदा मुस्लिम समाज ने जिला अस्पताल में बांटे फल



बाराबंकी। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज संस्थापक प्रोफेसर खलील अहमद राईनी की जयंती पर सट्टी बाजार स्थित कार्यालय पर खिराज-ए-अकीदत पेश किया गया। इस मौके पर ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा कि संगठन राईन समाज के खून से सीचा हुआ है। तब आज इतना फला फुला हैं आज पूरे देश में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज का नाम हैं संगठन का गठन 1998 में प्रोफेसर खलील अहमद राईनी, अली अनवर, उस्मान हलाल खोर आदि लोगो ने किया था। संगठन व पसमाँदा मुसलमानों की तरक्की के लिए अपनी जान कुबार्नी देने वाले पहले शहीद हुए पसमांदा मुसलमान इनके एहशान को कभी भूल नहीं सकता है न भुलाया जा सकता है आज देश के प्रधानमंत्री पसमांदा का नाम कई बार लिए है उनके लिए कुछ काम भी किए है। यौमे वफात पर जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर हाजी नूरुलहसन अंसारी, महमूद चैधरी, निसार राईन, जावेद राईन, शफीक राईन, गुलजार कुरैशी, रियाज राईन, अब्दुल्ला राईन, रिजवान राईन, खलील राईन, गुफरान राईन, सररुख राईन, जावेद पीर, इमरान राईन, सलमान राईन, कुतुबुद्दीन, वकील अंसारी, मुक्तार मंसूरी, सद्दाम इदरीसी आदि मौजूद रहे।

# अंबे गौरी दुर्गा जी के नेत्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन



बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के तत्वावधान में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण जी एवं यशस्वी हृदय सम्राट चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के दिशा निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति बहराइच टीम द्वारा नव दुर्गा पूजा समिति ग्राम पंचायत मुरलीधर ददौंली मेरा, पंडित पुरवा, में माता रानी अंबे गौरी दुर्गा जी के नेत्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया गया आपको बताते चलें कि-जिला अपराध निरोधक समिति बहराइच द्वारा नेत्र पूजन के कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकार नानपारा प्रद्युम्न सिंह द्वारा विधि विधान के से पंडित जी ने पूजा पाठ कर माताजी की आंखों की पट्टिका खोलने का सराहनीय कार्य किया गया इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य संदीप जयसवाल (नेता) जागरण मंच के संघ प्रचारक सर्वेश, अंबिका प्रसाद मिश्रा आदर्श थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन पत्रकार, केशव कुमार मौर्य, सचिव/जेल विजीटर जिला कारागार बहराइच, विनोद कुशवाहा जिला उपसचिव राजेश अग्रवाल (टिल्लू,) संयोजक, अब्दुल वहीद जिला संगठन मंत्री, संयोजक रमेश कुमार मिश्रा पत्रकार, दुर्गा पूजा पंडाल समिति कार्यक्रम सह संयोजक, संतोष मिश्रा पत्रकार सह संयोजक, श्याम कुमार मिश्रा पत्रकार सह संयोजक, संतोष कुमार शुक्ला पत्रकार, मीडिया प्रभारी रमेश सिंह पत्रकार, उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन पत्रकार, नगर सचिव केसरी प्रसाद सोनी (गज्जू) सक्रिय सदस्य सीताराम शर्मा, (नेता,) श्रवण कुमार कसौंधन, शिवकुमार सिंह (भगोल सिंह,) चौधरी चरण सिंह (गब्बर सिंह,) पड़ोसी मित्र देश नेपाल के सुरेंद्र सिंह ठाकुरी आदि सैकड़ो ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिक समाजसेवी लोग उपस्थित रहे।

# अफवाहों से दूर रहें आमजन : डीएम

## डीएम ने की सभासदों के साथ बैठक

बहराइच। बहराइच कलेक्ट्रेट सभागार में आसन्न त्यौहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने नगर पालिका परिषद, बहराइच के सभासदों के साथ आयोजित बैठक के दौरान सुझाव दिया कि त्यौहारों के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए वार्डों में हेल्पडेस्क की स्थापना की जाय। पुलिस अधीक्षक ने सभासदों को सुझाव दिया कि चोरी की घटनाओं के सम्बन्ध में आमजन में व्याप्त भ्रम को दूर करने में सहयोग प्रदान करें। वार्डवासियों को अस काब के लिए जागरूक करें कि वह झूठी अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ नागरिकों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है। नगर सहित जिले के सभी क्षेत्रों में मेरे व अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा गश्त की जा रही है। बैठक के दौरान सभासदों की ओर से बिजली, पानी व सड़क मरम्मत इत्यादि के सम्बन्ध में प्राप्त हुए सुझावों के समाधान हेतु डीएम ने अधि.अधि. नगर पालिका परिषद



बहराइच प्रमिता सिंह को निर्देश दिया कि लोक निर्माण, जल निगम, विद्युत, परिवहन सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की अलग से बैठक आयोजित करायें ताकि सभासदों द्वारा प्राप्त हुए सुझावों पर अमल कराया जा सके। डीएम व एसपी ने सभी सभासदों से अपेक्षा की कि आसन्न त्यौहारों के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। सभासदों से अपेक्षा की गई कि आसन्न त्यौहारों के दृष्टिगत धार्मिक स्थलों व पूजा पण्डालों के आस-पास साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायें तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था को लेकर यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो उससे उच्चाधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर पहुप सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल तथा सभासदगण व सभासद प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# छात्रा को बनाया गया एक दिन का एसपी



बहराइच। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बहराइच की उपस्थिति में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, नवाबगंज की छात्रा अंजली पुत्री श्री राजकुमार (कक्षा-6) को एक दिन के लिए पुलिस अधीक्षक बहराइच का दायित्व सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बुके देकर अंजलि का स्वागत किया और उपहार स्वरूप बैग, स्टैशनरी किट और सामान्य अध्ययन की बुक देकर उन्हें अभिप्रेरित किया। इस दौरान छात्रा अंजलि द्वारा पुलिस अधीक्षक के रूप में भूमिका निर्वहित की गयी व जिला स्तरीय प्रशासनिक कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागीय योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करना तथा समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश देना था।

# अदिति सिंह ने 121 कन्याओं का पूजन कर दिया बेटियों के सम्मान का संदेश

## मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कन्या पूजन का आयोजन



● बेटियों के सम्मान, शिक्षा व सशक्तिकरण से ही परिवार व राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है

**रायबरेली**। मिशन शक्ति फेज 5.0 और राष्ट्रीय पोषण माह के तहत रायबरेली के सदर क्षेत्र में रतापुर स्थित आरडीए सामुदायिक केंद्र में एक भव्य कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर 121 कन्याओं का पूजन किया। विधायक ने कन्याओं को माला पहनाकर और फल खिलाकर उनका सम्मान किया, साथ ही समाज में बेटियों के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक अदिति सिंह ने अपने संबोधन में कहा, बेटियाँ समाज की शक्ति और प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके सम्मान, शिक्षा और सशक्तिकरण से ही परिवार और राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयासों के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने का कार्य निरंतर गति पकड़ रहा है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से बेटियों को प्रोत्साहन देने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का आह्वान किया।

यह कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। साथ ही, राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत कन्याओं के पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया गया। कन्या पूजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बेटियाँ समाज की नींव हैं और उनकी देखभाल, शिक्षा और सम्मान प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में कन्याओं का पूजन विधि-विधान के साथ किया गया। विधायक अदिति सिंह ने कन्याओं को तिलक लगाकर माला पहनाई और उन्हें फल, मिठाई व अन्य उपहार भेंट किए। इसके अलावा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बेटियों के महत्व और उनके सशक्तिकरण के लिए, सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, डिस्ट्रिक मिशन कोऑर्डिनेटर सेफाली सिंह, सोशल काउंसलर श्रद्धा और आस्था ज्योति के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

संक्षेप

## छात्राओं ने किया अस्पताल का भ्रमण

**अमेठी**। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालय पन्हौना एवं केजीबीवी की छात्राओं ने निकटवर्ती सरकारी अस्पताल का भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने अस्पताल की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं व प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के तहत छात्राओं को अस्पताल में पर्चा बनवाने, डॉक्टर को दिखाने और विभिन्न प्रकार की जांचें कराने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें अस्पताल की सुविधाओं और सेवाओं का व्यावहारिक अनुभव भी कराया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को संक्रामक एवं गैर-संक्रामक रोगों के बारे में बताया गया तथा उनसे बचाव के लिए आवश्यक उपायों स्वच्छता, व्यक्तिगत साफ-सफाई और संचारी रोगों से बचाव संबंधी जानकारी दी गई।

## भाजपा को लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है

**रायबरेली**। कांग्रेस प्रदेश सचिव पूर्व प्रत्याशी ऊँचाहार अतुल सिंह ने कहा कि हमारे नेता न्याय की आवाज जननायक राहुल गांधी को भाजपा के प्रवक्ता ने जो गोली मारने की बात टीवी डिबेट पर कही है, उसकी पूरा देश निंदा कर रहा है। देश के करोड़ो लोग राहुल गांधी के साथ खड़े है। भाजपा की ये सोच गोडसे की विचारधारा को दर्शाती है। मोदी जी की भाजपा गरीबों, दलितों, पिछड़ों की जो बात करेगा उसको गोली मारेंगे। भाजपा अपने प्रवक्ता पर कार्यवाही करे।

## कृषि व आजीविका सखियों ने हरिशंकरी पौधों का किया रोपण

**रायबरेली**। मिशन शक्ति 5.0 के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की कृषि व आजीविका सखियों द्वारा विकास खण्ड की 55 ग्राम पंचायतों में हरिशंकरी वृक्ष (पीपल, बरगद व पाकड़) के पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। यह रोपण ग्राम पंचायतों की सार्वजनिक भूमि पर किया गया, जिसमें ग्राम प्रधानों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समूह की दीदियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर बीडीओ अमावां संदीप सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शुभ्रांशु बाजपेयी, ब्लाक मिशन मैनेजर संदीप, ग्राम प्रधान, आजीविका सखी अंतिमा सिंह, समूह सखी संजना सिंह, महिला मेट रामावती व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जयशंकर को दी गयी भावभीनी विदाई

**लालगंज, रायबरेली**। तहसील क्षेत्र लालगंज के इण्टर कालेज अम्बारा पश्चिम के वरिष्ठ कर्मचारी जयशंकर को सेवानिवृत के दिन विद्यालय परिवार की ओर से भावुक विदाई दी गई। जयशंकर ने विद्यालय परिवार को सन 1995 से लगातार अपनी सेवाएं ईमानदारी और निष्ठापूर्वक दी है। विदाई के अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से कर्मचारी जयशंकर को माला और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया साथ ही रामचरितमानस भी भेंट की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षकों ने जयशंकर के साथ सेवाकाल के दौरान अपने अनुभव व्यक्त किए तथा आगे के जीवन के सकुशल निर्वहन की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य स्वामीनाथ, पूर्व प्रधानाचार्य श्रीकांत त्रिवेदी, वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार मिश्र, विजय कुमार तिवारी, देवेश अग्निहोत्री, जय प्रताप सिंह, मनोज कुमार, वीरेंद्र सिंह, दिनेश चन्द्र, मनोज गौतम, सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## केएनआई के प्रबंधन संकाय में एसईबीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सुलतानपुर**। केएनआईपीएसएस के प्रबंधन संकाय में दो दिवसीय भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को भारतीय वित्तीय प्रणाली, विशेषकर प्रतिभूति बाजार और उसमें एसईबीआई की भूमिका के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में छात्रों को शेयर बाजार, निवेश प्रक्रिया, नियामक ढांचा, और वित्तीय पारदर्शिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही, बाजार में होने वाले धोखाधड़ीपूर्ण लेन-देन और उनसे निपटने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के लिए न केवल शैक्षणिक रूप से उपयोगी रहा, बल्कि उन्हें वित्तीय निर्णय लेने की समझ और भविष्य में कैरियर की दिशा तय करने में भी मददगार सिद्ध हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रबंधन संकाय की निदेशक डॉ. इंद्रजीत कौर, डॉ. टीनू कौर, विनीश नाथ ओझा, आनंद कुमार सिन्हा, डॉ. प्रदीप तिवारी, डॉ. दीपक कुमार, रेनू यादव, सुप्रिया सिंह, आयशा सिद्दीकी, दिलीप मौर्या, अरुण सिंह और विकास तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रहे।

## सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**तिलोई, अमेठी**। तहसील क्षेत्र के सेमरौता गांव में शुक्ला परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया, कलश यात्रा कस्बे के प्रमुख मंदिरों से होते हुये, बाबा दत्तेहेरेश्वर महादेव रामपुर पंवारा पहुंची, जहां पर कथा के मुख्य यजमान सुंदरलाल शुक्ला, आशा शुक्ला सहित सैकड़ों महिलाओं ने दर्शन पूजन करके, आशीर्वाद प्राप्त किया, कथा अयोध्या से आये पूज्य संत श्री हरिनारायणचार्य जी के मुख से सात दिन श्रोताओं को श्रवण कराई जायेगी, कलश यात्रा में, राम किशोर शुक्ला, चंद्र किशोर शुक्ला, कमल किशोर शुक्ला, संजीव शुक्ला, अनुराग शुक्ला, अनुपम शुक्ला, सिद्धार्थ शुक्ला, बैजनाथ अग्निहोत्री, राजकुमार पांडेय, हिमांशु बाजपेई, राजेश बाजपेई, मनीष बाजपेई, देशराज बाजपेई, विकाश बाजपेई, पुत्तन शुक्ला, संजय शुक्ला, अभिषेक अग्निहोत्री, राजन बाजपेई, केदार यादव पंकज तिवारी, प्रशांत बाजपेई, आशू शुक्ला, विनोद मिश्रा, अंकित तिवारी, सक्षम मिश्रा, अंश अग्निहोत्री, संजय यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

## नींद के झोंके में सड़क हादसा, ट्रक का क्लीनर फंसा

**अमेठी**। जिले के जायस थाना क्षेत्र अंतर्गत रायबरेलीझ सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित वहाबगंज सोमवार देर रात भीषण सड़क हादसे का गवाह बना। पंजाब नेशनल बैंक के समीप करीब ढाई बजे अचानक एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे ईंट के चट्टे से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे क्लीनर का पैर सीट और बॉडी के बीच कसकर फंस गया। ड्राइवर बाल-बाल बच निकला, लेकिन क्लीनर घंटों तक दर्द से कराहता रहा। पुलिस व स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे का मुख्य कारण ट्रक ड्राइवर को झपकी आना बताया जा रहा है। रात के समय लंबी दूरी तक वाहन चलाने से थके ड्राइवरों को नींद के झोंके अक्सर आ जाते हैं और कई हादसे इन्हीं कारणों से घटित होते हैं। सोमवार की देर रात हुआ यह हादसा भी इसी लापरवाही और थकान का परिणाम माना जा रहा है।

## एसपी ने किया रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण, दिये सुधार के निर्देश

**रायबरेली**। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन के विभिन्न विभागों, सुविधाओं और कार्यप्रणाली का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस लाइन को अधिक व्यवस्थित, कुशल और जनोन्मुखी बनाना था। इस दौरान उन्होंने कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने, संसाधनों के बेहतर उपयोग, और पुलिस बल की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसपी ने निरीक्षण के दौरान साइबर क्राइम थाना, क्लासरूम, यातायात कार्यालय, परिवहन कार्यालय, सब्सिडियरी, कैंटीन, बैरिक और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने इन सभी स्थानों पर व्यवस्था, स्वच्छता और कार्यक्षमता का बारीकी से मूल्यांकन किया। विभिन्न विभागों के अभिलेखों की भी समीक्षा की गई ताकि कार्य संचालन में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान डॉ. यशवीर सिंह ने विशेष रूप से साइबर क्राइम थाने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जाए। इसके साथ ही, साइबर क्राइम थाने के अभिलेखों और कार्यप्रणाली को और अधिक व्यवस्थित करने पर जोर दिया गया ताकि साइबर अपराधों से निपटने में तेजी और सटीकता लाई जा सके। एसपी ने यातायात और परिवहन कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन कार्यालयों में व्यवस्थित कार्यप्रणाली और अभिलेखों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। यातायात प्रबंधन को और प्रभावी बनाने के लिए उन्होंने अधिकारियों को बेहतर समन्वय और संसाधनों के उचित उपयोग पर जोर देने को कहा। डॉ. यशवीर सिंह ने प्रतिसार निरीक्षक, रिजर्व पुलिस लाइन व अन्य संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने पुलिस लाइन में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम और उचित उपयोग करने, कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने, और जनसेवा में उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए जरूरी निर्देश दिये।

# देवी मूर्तियों के पूजन के बाद खुले कपाट, हुआ शिव तांडव



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर**। तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानो पर गांवों में लगे पंडालों में स्थापित देवी मां की मूर्तियो का मंगलवार की रात्रि विधिवत पूजन अर्चन के बाद भक्तों के दर्शन के लिए का कपाट खोल दिए गए। पहले दिन कलाकारों ने शिव तांडव अदभुत रंगमंच प्रस्तुत कर भक्तों का मन मोह लिया।

जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के वनमई गांव में हरिजन बस्ती में उदयराज के घर के सामने सजे पंडाल में स्थापित माता भगवती की मूर्ति का मंगलवार रात्रि पुरोहित देवी प्रसाद दुबे के द्वारा विधिवत पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात गांव के पूर्व ग्राम प्रधान अजय सिंह उर्फ मुन्ना, अभिषेक सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि मां के कपाट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए देर रात तक भजन कीर्तन के बीच भक्तों ने माता भगवती के दर्शन किए। इस मौके पर गोलू दूबे, चंद्रभान दूबे, श्रीराम कोटेदार, छोटेलाल, रामानुज, रणवीर सिंह, सूरज वर्मा, अनूप गौड़ विंदे वर्मा आदि भक्तगण मौजूद रहे।

## पाल नगर में दुर्गा पूजा के पहले दिन हुआ शिव तांडव

जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के पाल नगर चौराहे, भभोट में पांडाल में स्थापित माता दुर्गा देवी के कपाट मंगलवार की रात भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए गए। यहां दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष पाठक समिति के सदस्यों द्वारा शिव तांडव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रंगमंच के कलाकारों ने देर रात भक्ति नाटक और शिव तांडव नृत्य प्रस्तुत कर भक्तों का मन मोह लिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अशोक पाठक, व्यवस्थापक गया प्रसाद, शेषमणि, सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट में कन्या पूजन कर जिलाधिकारी सहित अधिकारियों ने लिया आशीर्वाद

**अमेठी**। नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया एवं कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद व उपहार प्रदान किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, उपजिलाधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव ने देवी स्वरूप 51 कन्याओं को चंदन लगाया, उन्हें चुनरी ओढ़ाई और उन्हें स्टेशनरी किट, कैडबरी सेलिब्रेशन चॉकलेट, फल व भोजन प्रसाद के रूप में भेंट किया साथ ही सभी अधिकारियों ने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के उपरांत कन्याओं को कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण भी कराया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान ने इस अवसर पर कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद में निरंतर जागरूकता और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार और समाज का निर्माण संभव है। प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि प्रमुख रहीं।

# बदलते युग में शिक्षा के साथ संगीत व खेल भी बच्चों के लिए बहुत जरूरी : गगनदीप सिंह



● खनक म्यूजिकल एकेडमी का परीक्षा फल वितरण संपन्न

**लालगंज, रायबरेली**। प्रयाग संगीत समिति प्रयागराज से संचालित शिवदेवी कला केन्द्र से सम्बद्ध खनक म्यूजिकल एकेडमी आदर्श नगर लालगंज का वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह खण्ड विकास कार्यालय परिसर में बड़े हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन से हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने कहा कि अकादमी के द्वारा दी जा रही संगीत की शिक्षा निश्चित रूप से बच्चों के सर्वांगीण विकास में बहुत ही उपयोगी है। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि आज के बदलते युग में शिक्षा के साथ-साथ संगीत और खेलकूद जैसी विधाओं में पारंगत होना भी आवश्यक है। पीडीएस अधिकारी गगनदीप सिंह ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, मनुष्य भले न रहे पर कला अमर रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएँ निरंतर उभर रही हैं।

अतिथियों का परिचय विद्यालय के व्यवस्थापक संजय कुमार मिश्र ने कराया। संचालन यशवंत सिंह ने किया। इस अवसर पर संगीत प्रवेशिका, प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं प्रभाकर स्तर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। तबला, गायन, नृत्य एवं कथक में प्रतिभा दिखाने वाले 61 विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

## दबंगों ने दलित को लाठी-डंडे से पीटा

जिला संवाददाता (vol)

● पुलिस ने युवक का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

● दूसरे पक्ष ने भी दलित युवक समेत चार पर दर्ज कराया मारपीट का मुकदमा

**लंभुआ, सुलतानपुर**। दबंगो ने गाँव में ही चाय पीकर घर जा रहे दलित युवक को रास्ते में रोक कर जाति सूचक शब्दों की गालियां देते हुए लाठी डंडे से पिटाई कर दी। जिससे उसे गंभीर चोटें आ गई। हल्ला गुहार मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मेडिकल करा कर आरोपियों पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। उधर पुलिस में दूसरे पक्ष की तरफ से भी दलित युवक समेत चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के गोपाल रायपुर निवासी दलित राम प्रताप ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि सुबह लगभग नौ बजे गांव की ही चाय की दुकान पर चाय पीकर अपने घर जा रहा था। दुकान से कुछ ही दूर पर गया था तभी गांव के ही कुछ दबंगों ने मां बहन एवं जाति सूचक शब्दों की गालियां देते हुए मारने लगे और बोले कि तुमने दिनेश तिवारी से पेड़ क्यों खरीदा। यही बोलते हुए पुनः लाठी डंडे एवं लात घुसो से मारने लगे तथा जान से मारने की धमकी दिए। सूचना के बाद घटनास्थल पर पुलिस की पहुंचने से पहले ही उक्त लोग फरार हो गए। कोतवाली इंचार्ज संदीप राय ने बताया कि दलित युवक की तहरीर पर सुनील वर्मा एवं अनिल वर्मा तथा एक अज्ञात के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर दूसरे पक्ष की तहरीर पर दलित युवक समेत चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## स्वच्छता व्यक्तिगत व सामूहिक ज़िम्मेदारी



**अमेठी**। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी 'स्वच्छ भारत मिशन' को जमीनी स्तर पर जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से ग्राम सभा नरैनी स्थित फूलमति माता मंदिर परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज सेविका नीलू सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वे इस मिशन को केवल एक सरकारी अभियान न मानकर, इसे 'व्यक्तिगत एवं सामूहिक ज़िम्मेदारी' के तौर पर अपनाएं। नीलू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल गंदगी हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की पहल है। उन्होंने उपस्थित लोगों को जागरूकता फैलाने और एक संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया कि ₹न गंदगी फैलाएगे, न फैलाने देंगे। उन्होंने मिशन के प्रमुख उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका लक्ष्य भारत को खुले में शौच मुक्त बनाना है, जिससे विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सके। उन्होंने जोर दिया कि 'स्वच्छ भारत मिशन' अब एक बड़े व्यवहार परिवर्तन के आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसने लाखों नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया है। इस कार्यक्रम में पंडित सदानंद पांडेय, शीला मालिन अनीता सिंह उर्मिला सिंह मीरा सिंह चंदा देवी कुसुम वर्मा मंजू वर्मा शकुंतला गुप्ता संगीता सिंह सुमन शर्मा कर्म गुप्ता उषा सिंह राजकुमारी सुषमा वर्मा रुक्मणी वर्मा मीरा शुक्ला शीला शुक्ला मंजू पांडे रिचा शुक्ला शांति यादव ममता यादव रिचा यादव कंचन पुष्पा शिव कुमारी सुनीता मौर्य निर्मला देवी पार्वती देवी उपस्थित रहे।

## कक्षा-11 की छात्रा बनी जिला विद्यालय निरीक्षक



**रायबरेली**। मिशन शक्ति फेज 5.0 एक्स्पोजर-डे के अन्तर्गत जीपीआरपी इण्टर कालेज कुर्री सुदौली, रायबरेली की कक्षा-11 की छात्रा भाव्या शुक्ला ने जिला विद्यालय निरीक्षक, रायबरेली के पद पर कार्य करते हुए विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर छात्रा ने जनपद के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों/कार्मिकों का ऑनलाइन वेतन भुगतान के अनुमोदन की कार्यवाही संपादित की। साथ ही कार्यालय की कार्यप्रणाली, विभागीय दायित्वों तथा शैक्षिक गतिविधियों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की। कार्यालय के कार्मिकों को यह भी निर्देश दिया कि अपने पदीय दायित्वों को सभी सम्बन्धित पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करेंगे तो सभी कार्य समय से निष्पादित होगें। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति फेज 5.0 छात्र/छात्राओं को नेतृत्व एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता एवं उत्तरदायित्व की भावना का विकास होता है तथा अपने निर्धारित किये हुए लक्ष्य को प्राप्त करने में निष्ठापूर्वक एवं पूर्ण लगन से आगे बढ़ेंगे।

# वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान तेज

● ब्लॉकवार बैठक कर अभियान को दी जा रही धार



**सुलतानपुर**। कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान को तेज करते हुए मंगलवार को भदैंया व दूबेपुर ब्लॉक में बैठकें आयोजित की गईं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बैठक में कहा कि यह अभियान लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि गांव-गांव और प्रत्येक बूथ तक अभियान पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है। राणा ने चेतावनी दी कि चुनाव आयोग और भाजपा का गठजोड़ लोकतंत्र और संविधान के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने निर्देश दिया कि वोट चोरी की वास्तविक जानकारी जनता तक पहुंचाई जाए, ताकि निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। बैठक में वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, सुरेश चंद्र मिश्रा, अतिउल्लाह अंसारी, जमीदार यादव, शीतला प्रसाद तिवारी, रामचंद्र कोरी, फजल रिजवी, हृदय राम चौहान सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी को ब्लॉक और गांव स्तर पर हस्ताक्षर अभियान को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित होकर उस्मान खान ने कांग्रेस का दाम थाम लिया। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने उन्हें पार्टी का फटका पहनाकर स्वागत किया।

## मंडलीय प्रतियोगिता के लिए कबड्डी टीम रवाना

**सुल्तानपुर**। जिले से मंडलीय विद्यालयी क्रीडा प्रतियोगिता के लिए कबड्डी टीम रवाना हुई, जनपद स्तरीय विजेता कबड्डी टीम मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर संवर्ग की बालक बालिकाओं की 72 सदस्यीय खिलाडियों तथा प्रभारी शिक्षकों का दल रवाना हुआ जिले से कबड्डी में हर वर्ष राज्य स्तर तक खिलाड़ी प्रतिभाग करते हैं टीम मैनेजर दिलीप कुमार खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया क्रीडा प्रभारी कौशलेंद्र सिंह मुनेंद्र मिश्रा बम बहादुर यादव, राजकुमार सरोज सहित शिक्षक व खिलाड़ी रवाना हुए अयोध्या जिले के आदर्श इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में मंडल विजेता खिलाड़ी राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे विदित है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भी अयोध्या में आयोजित होनी है जिसके लिए खिलाड़ियों द्वारा बढ़-चढ़कर तैयारी की गई है इस अवसर पर क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह अनूप सिंह आशुतोष सिंह ने मौजूद रहकर खिलाड़ियों को रवाना किया।

## कृषि मंत्री ने खाद की दुकान का किया निरीक्षण



**रायबरेली**। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रायबरेली के हरचंदपुर स्थित ध्रुव इंटरप्राइजेज खाद की दुकान का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों के लिए उपलब्ध खाद के स्टॉक और उसकी जानकारी ली। हरचंदपुर क्षेत्र के स्टेशन रोड का है। कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही चित्रकूट से लखनऊ जाते समय अचानक इस दुकान पर रुके। उनके अचानक पहुंचने से दुकानदारों में हलचल मच गई। ध्रुव इंटरप्राइजेज के संचालक सूर्यभान सिंह ने बताया कि कृषि मंत्री ने दुकान में उपलब्ध स्टॉक के बारे में जानकारी मांगी। दुकान पर लगभग 249 बोरी डीएपी और 262 बोरी एनपीके खाद उपलब्ध थी। दुकान संचालक के अनुसार कृषि मंत्री ने किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसके लिए अधिक स्टॉक रखने की बात कही। निरीक्षण के बाद कृषि मंत्री सीधे लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

संक्षेप

## गैंगस्टर में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के वाँछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने थाना रसूलपुर पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के दो वांछित अभियुक्त अर्जुन उर्फ घोडा पुत्र मुन्नालाल निवासी विशुनपुरा थाना बाह आगरा व गुल्ला उर्फ दीपक पुत्र राजवीर उर्फ अरविन्द निवासी विशुनपुरा थाना बाह आगरा को गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## 280 लीटर शराब का विनिष्टीकरण

**फिरोजाबाद।** थाना एका पुलिस टीम ने आबकारी एक्ट के 32 अभियोगों से सम्बन्धित 280 लीटर शराब का नियमानुसार विनिष्टिकरण किया। मंगलवार को न्यायालय प्रथम अपर सिविल जज जू0डि0 मजिस्ट्रेट शिकोहाबाद फिरोजाबाद के आदेशानुसार थाना एका पर पंजीकृत शराब से संबंधित 32 अभियोगों से संबंधित 280 लीटर देशी शराब का नियमानुसार विनिष्टीकरण कराया गया। शराब विनिष्टीकरण करने वाली टीम में एएसपी क्षेत्राधिकारी जसराना, नायब तहसीलदार सर्किल जसराना अभियोजन अधिकारी फिरोजाबाद, आबकारी अधिकारी सर्किल जसराना, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह थाना एका, मालखाना हैड मोहर्रिर नरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

## करंट से राज मिस्त्री की मौत

**आगरा।** राजामंडी के एक मकान में काम कर रहे राजमिस्त्री सईद (35) की रविवार शाम करंट लगने से मौत हो गई। पता चलने पर ठेकेदार शव छोड़कर भाग गया। साथी मजदूरों ने लोहामंडी थाने की पुलिस को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, सईद जीवनी मंडी निवासी थे। वह पत्नी और तीन बच्चों के साथ ससुराल में रह रहे थे। परिजन ने बताया कि सईद साथी मजदूरों के साथ राजामंडी में काम पर गए थे। साथी मजदूरों ने पुलिस को बताया कि सईद मकान की छत पर कार्य कर रहे थे। वहां एक बल्ब लटका था जो काम करने में दिक्कत दे रहा था। सईद उसे ऊपर करने लगे तभी करंट की चपेट में आ गए। छत से नीचे गिरकर उनकी मौत हो गई। साथी मजदूरों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## आकाशीय बिजली से महिला की मौत

**मथुरा।** कोतवाली सुरीर के गांव नगला जगरूपा में मंगलवार बारिश के दौरान सुबह करीब 7:30 बजे अचानक आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। छत पर रखे चूल्हे को बारिश से बचाने के लिए ढकने गई थीं। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरी और वह इसकी चपेट में आ गई। घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और हर कोई स्तब्ध रह गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरीर के गांव नगला जगरूपा निवासी 52 वर्षीय मीरा देवी पत्नी सुरेश चंद बारिश के समय अपने घर की छत पर रखे चूल्हे को बारिश से बचाने के लिए ढकने गई थीं। पर पड़ा सामान हटाने के लिए गई थीं। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# बांकेबिहारी मंदिर हाईपावर कमेटी के आदेश हुए हवा

## पुराने समय पर सेवायतों ने खोले मंदिर के पट



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में मंगलवार सुबह से दर्शन समय में परिवर्तन होना था। बांकेबिहारी मंदिर हाईपावर मैनेजमेंट कमेटी के आदेश के विपरीत मंगलवार सुबह पुराने समय 7 बजकर 45 मिनट पर ही मंदिर के पट खुले। मंदिर सेवायत का कहना है दर्शन समय के हाईकोर्ट के आदेश को लेकर कमेटी से चर्चा की जाएगी।

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर हाईपावर मैनेजमेंट कमेटी की सोमवार शाम हुई बैठक में दर्शन समय में तत्काल प्रभाव से वृद्धि करने के आदेश दिए थे। मंगलवार सुबह आदेश लागू होने थे। लेकिन, सेवाधिकारी बिट्टू गोस्वामी ने पुराने समय पर ही पट खोले। प्रबंधक मुनीश शर्मा ने कहा सेवायत को आदेश रात में ही दे दिया गया था। लेकिन, सेवायत का कहना है इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पूर्व में जो समय निर्धारित किया था, उसी के मुताबिक पट खोले जा रहे हैं। नए समय को लेकर कमेटी से वार्ता की जाएगी। प्रबंधक मुनीश शर्मा ने कहा पूरी रिपोर्ट कमेटी के समक्ष रखी जाएगी। हाईपावर कमेटी ने मंगलवार से मंदिर के पट सुबह 7.45 बजे के बजाए सात बजे खोलने का आदेश दिया था, जबकि पट बंद करने के लिए दोपहर 12 बजे के बजाए 12.30 बजे का समय निर्धारित किया है। इसी तरह शाम को पट खुलने के लिए 5.50 बजे के बजाए 4.15 बजे का समय निर्धारित है। रात में पट बंद करने के लिए पहले की तरह ही 9.30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। श्री बांकेबिहारी मंदिर में समय बदलाव को लेकर कुछ सेवायतों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस विषय पर रिटायर्ड जज अशोक कुमार ने कहा कि अधिवक्ता हैं तो नियम जानकार ही कार्य करें। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की कॉपी को एक बार पढ़ लें कि हाईपावर्ड कमेटी पर क्या-क्या अधिकार हैं। जब पढ़ लेंगे तो यह दोबारा कुछ नहीं कह पाएंगे। अब नए समय के अनुसार सुबह सात बजे से 12:30 बजे तक और शाम को 4:15 बजे से 9:30 बजे तक मंदिर में दर्शन होंगे। वहीं सुबह की शृंगार आरती 7:10 बजे, राजभोग आरती 12:25 बजे और शयन आरती रात 9:25 बजे होगी।

# टीचर आधुनिक व रोचक मॉड्यूल के माध्यम से करेंगे शिक्षक कार्य

**मथुरा।** छात्रों की वैज्ञानिक दृष्टिकोण के वर्धन हेतु व शिक्षा को रोचक, आधुनिक, सरल तरीके से विद्यार्थियों को समझाने के लिए विकसित मॉड्यूल के माध्यम से शिक्षक कार्य किए जाने हेतु किशोरी रमन इंटर कॉलेज मथुरा में विज्ञान प्रदर्शनी व टीचर लर्निंग मैटीरियल (टी एल एम) मेले का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी व टी एल एम मेले का उद्घाटन रवींद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा व मुरलीधर शर्मा प्रधानाचार्य किशोरी रमण इंटर कॉलेज मथुरा द्वारा किया गया। उक्त विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र/छात्राओं द्वारा विविध आधुनिक तकनीक विकसित किए जाने वाले नवाचारी मॉडल के प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए गए।

उक्त के अतिरिक्त राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा पढ़ाई को लर्निंग मैटीरियल के माध्यम से रोचक व सरल बनाए जाने हेतु टी एल एम प्रदर्शित किए गए। भारतीय पांडे प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल भदाया गंगाधर द्वारा टी एल एम मेला व श्रीमती कविता सक्सेना प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल लोहवन द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का प्रभारी के रूप में संपादन करवाया गया। छात्रों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए गए, जो की दैनिक दिनचर्या से संबंधित के साथ-साथ छात्रों के सृजनात्मक एवं रचनात्मक शक्ति को बिखरने वाले थे। प्रदर्शनी जूनियर लेवल एवं सीनियर लेवल में विभाजित थी सीनियर वर्ग में गोविंद गोस्वामी वृंदावन विद्यापीठ इंटर कॉलेज मथुरा ने प्रथम स्थान वेस्ट मैनेजमेंट व पॉल्यूशन कंट्रोल द्वितीय स्थान लक्ष्मी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज रिमूवेबल स्मोक अब्जॉर्बर तथा तृतीय स्थान गौरी सरदार पटेल इंटर कॉलेज देव नगर मथुरा ने चुंबकीय घर बनाकर प्राप्त किया इसके अतिरिक्त मुकुल अग्रवाल तुषार अनुराधा कृष्णा पुष्पेंद्र को सांत्वना पुरस्कार दिए गए जूनियर वर्ग में वीरेंद्र रेड्डी पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज जैतएनटी स्लिप अलार्म सिस्टम फॉर ड्राइवर नंदिनी ने द्वितीय स्थान राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बलदेव वेस्ट इनर इलेक्ट्रिक सिटी जनरेटर तथा कपिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्होंने स्मार्ट हेलमेट का निर्माण किया था इसके अतिरिक्त लोकेश कपिल प्रियांशी शर्मा गुंजन शर्मा शिवम को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। शिक्षकों ने भी इस आयोजन में भाग लिया। प्रथम चयनित छात्र व टीचर द्वारा मंडलीय प्रतियोगिता आगरा में प्रतिभाग किया जाएगा। प्रकार्यक्रम में विजय सिंह द्वारा मंच संचालन, डॉ श्याम सुंदर जिला समन्वयक द्वारा कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संपादित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गयी।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत छात्र छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को पीएमएल सीनियर सेकेंड्री स्कूल दबरई फिरोजाबाद के छात्र-छात्राओं द्वारा थाना मक्खनपुर से पुलिस लाइन तक जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य छात्राओं व महिलाओं को जागरूक करना तथा समाज में महिला सुरक्षा सम्मान एवं आत्मनिर्भरता का संदेश देना रहा, दौड़ में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाइन स्थित सभागार में छात्राओं को मिशन शक्ति फेस 5.0 सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सम्मान महिला हेल्पलाइन नंबर 1090,112,181,1098 साइबर क्राइम से बचाव कानूनी अधिकार, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता तथा घरेलू हिंसा उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित कार्रवाई जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को अल्पाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सुरेन्द्र विक्रम, स्कूल डायरेक्टर मनोज गर्ग, थानाध्यक्ष मक्खनपुर मिशन शक्ति टीम प्रभारी एसआई सुनील चंद महिला उपनिरीक्षक पूजा सिरोही एवं अनु पवाड़िया यातायात प्रभारी महेश सिंह व उनकी टीम सहित विद्यालय का स्टाफ एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छात्रा से दिनदहाड़े छेड़छाड़, मंदिर के पास मनचलों ने की ऐसी हरकत, जानकर खौल उठेगा खून

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में सोमवार शाम व्रत का सामान खरीदकर दोस्त के साथ लौट रही बीएससी की छात्रा के साथ मनचलों ने रास्ता रोककर छेड़छाड़ की। युवती के कपड़े खींचे। विरोध करने पर पीट दिया। पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाई। पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी नवरात्र व्रत का सामान खरीदकर घर लौट रही थी। रास्ते में महेश परमार की दुकान के पास कुछ अज्ञात युवक खड़े थे। तीन बार हॉर्न बजाने के बाद भी नहीं हटे। इसी दौरान महेश और उसके साथियों ने युवती के कपड़े खींचकर फाड़ने का प्रयास किया। विरोध करने पर छेड़छाड़ और पिटाई कर दी। चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने पीड़िता को बचाया। छात्रा का कहना है कि मंदिर के पास स्थित दुकान पर आए दिन लोग नशे करते रहते हैं। आरोपी पहले भी कई बार छेड़छाड़ कर चुका है। घटना के बाद पीड़िता और उसका परिवार दहशत में है। थानाध्यक्ष ट्रांस यमुना ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जिला जज, डीएम-एसएसपी ने किया जेल और राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**मथुरा।** जिला जज विकास कुमार, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुरेंद्र प्रसाद ने जिला कारागार मथुरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग मौजूद रहे।

उन्होंने जेल का निरीक्षण करते हुए बंदियों के संख्या की जानकारी ली। उन्होंने भोजनालय, चिकित्सालय, बन्दी गृह आदि को चैक किया। उन्होंने किचन का निरीक्षण किया, बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को बरकरार रखने के निर्देश दिए तथा किचन में बन रहे खाने का अवलोकन किया। उन्होंने जिला कारागार में उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्हींने महिला बंदी बैरक का भी निरीक्षण किया तथा सभी से समस्याओं पूछी एवं अधिकारीयों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्हींने महिला बंदियों से बीमारी, शिक्षा, बच्चों संबंधी जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट, चिप्स, बिस्कुट, फ्रूटी आदि का वितरण किया। उन्होंने जेल की सुरक्षा एवं सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कारागार के निरीक्षण के पश्चात माननीय जिला जज विकास कुमार, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुरेंद्र कुमार ने राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से अपने आप में सुधार करने के लिए आग्रह किया और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बच्चों से वार्ता की। राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में उपस्थित बच्चों को नवरात्री के शुभ अवसर के दृष्टिगत फल वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र से बाहरी परिसर तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# विधायक ने 10 दिव्यांगों को बांटी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल



जिला संवाददाता (vol)

**टूंडला।** विधायक प्रेमपाल धनगर द्वारा अपने आवास वैशाली पुरम मे दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस दौरान विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं का लाभ देश की जनता को मिलना है। टूंडला विधानसभा का एक भी गांव, मजरा विकास कार्यों से अछूता नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिला कल्याण के लिए एक बहुत ही अच्छी योजना प्रदेश में लागू है। जिसमें पति के मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ महिलाओं को मिल रहा है, तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना का लाभ भी किसानों को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा दिव्यांगजनों के लिए भी पेंशन योजना के साथ साथ समय-समय पर बैटरी चलित वाले स्वचालित वाहन एवं ई-रिक्शा भी वितरण किए जाते हैं। इसके अलावा पंडित दीनदयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत भी लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के निमित्त गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो रहा है।

इसी के साथ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के निमित्त गरीब बालिकाओं के सामाजिक सुरक्षा और विकास के लिए है। जिसमें उनको जन्म से लेकर स्नातक की शिक्षा एवं विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष वृन्दावन गुप्ता, सुशील पोनियां, जिला महामंत्री दीपक चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दीपक राजौरिया, जितेन्द्र प्रताप सिंह सिटी, रामतीर्थ सिंह चक, दुष्यन्त जादौन, रूपेश शुक्ला, संजय सिंह परमार, तरुण शर्मा, अभिषेक पचौरी, महेशपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्रपाल सिंह संजू, अजीत जुरैल, आजाद जैन, कप्तान सिंह, देवेंद्र बघेल, सतेंद्र बघेल, भवानी सिंह, रूपेंद्र बघेल, आदि लोग मौजूद रहे।

## विधायक के घर में घुसा पानी

**मथुरा।** मंगलवार सुबह हुयी बारिश ने नगर निगम की पोल खोलकर रख दी। नालों की सफाई के नाम पर लाखों रुपए के बंदरबाट का नतीजा है कि आज फिर पूरा शहर बारिश के पानी में जलमग्न हो गया। नालों की तलीझाड़ सफाई न कराने और इसके नाम पर किये घोटाले के कारण शहर में जलजमाव की समस्या विकराल रूप ले रही है। नालों पर कब्जे हो रहे हैं जिन्हें नगर निगम के लोग मौन स्वीकृति दिये हुये हैं। आज हुई जोरदार बारिश ने शहर में कहर बरपा दिया, नगर निगम की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। सड़कों से लेकर मोहल्लों तक पानी भर गया, बस स्टैंड और पुलों के नीचे तालाब जैसे हालात हो गए। इतना ही नहीं, विधायक का घर, पुलिस चैकी और मंडी तक में पानी भर गया। कृष्णा नगर क्षेत्र स्थित भाजपा विधायक पूरन प्रकाश के घर में करीब पानी भर गया। खुद विधायक, उनकी पत्नी पूर्व ब्लॉक प्रमुख, बेटे और पुत्रवधु घर में भरे नाले के पानी से जूझते नजर आये।

## दंपती बना रहा मुस्लिम युवक से निकाह और मतांतरण का प्रेशर, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शिकायत दर्ज करायी

**आगरा।** ट्रांस यमुना में रहने वाली युवती पर पड़ोस में रहने वाले दंपती मतांतरण कर मुस्लिम युवक से निकाह करने का दबाव बना रहे थे। आरोपित ने भी हिंदू युवती के साथ निकाह किया है। रविवार को बजरंग दल के पदाधिकारियों के साथ महिला ने ट्रांस यमुना थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ट्रांस यमुना सौ फुटा रोड निवासी सर्वेश देवी ने पुलिस से की शिकायत में कहा है कि पड़ोस में रहने वाले बूंदू खान ने शीला से निकाह किया है। दंपती आए दिन उनकी 22 वर्षीय बेटी पर मतांतरण करके मुस्लिम युवक से निकाह करने का दबाव बना रहे हैं। आए दिन युवती को डराया धमकाया जाता है। 14 सितंबर को सर्वेश देवी मजदूरी करने के लिए गई थीं। घर में बेटी अकेली थी। आरोपित दंपती ने घर में घुसकर युवती पर मंतातरण व निकाह का दबाव बनाया। विरोध करने पर बेटी के साथ गाली गलौज की गई। दंपती ने धमकी दी कि उनकी मर्जी से निकाह नहीं करेगी तो जान से मार देंगे। सर्वेश देवी के घर लौटने पर बेटी ने घटनाक्रम की जानकारी दी। पीड़िता का आरोप है कि थाने में शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। रविवार को बजरंग दल के जिला संयोजक अनिल शर्मा, शैलू जाट, गौरव बंसल, दिनेश, जय वर्मा, कृष्णाकांत आदि महिला के साथ थाने पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया है कि पीड़िता की शिकायत पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# रजिस्ट्री होने के 72 घंटे में किसानों की भूमि का मुआवजा खाते में चला जाये



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने नगर आयुक्त रिषि राज एडीएम विशु राजा एवं नगर मजिस्ट्रेट के साथ पचवान क्षेत्र में पहुंचकर वहां के किसानों से सीएम शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत फिरोजाबाद शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण के तहत निर्मित किया जा रहे आवासीय भवनों हेतु भूमि अधिकरण के लिए किसानों से वार्ता की, इस योजना हेतु कुल 28.84 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होना है, जिसमें अब तक 14.83 हेक्टेयर भूमि क्रय की जा चुकी है, डीएम ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां पर आवासीय कॉलोनी के विकास से यहां के आसपास के लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा, यहां पर बेहतरीन स्कूल और बेहतरीन हॉस्पिटल बनेंगे, जिसका लाभ भविष्य में आपको और आपकी आने वाली पीढियां को मिलेगा, साथ ही साथ यहां की आधारभूत संरचना भी मजबूत होगी, डीएम ने नगर आयुक्त ऋषिराज को निर्देशित किया की रजिस्ट्री होने के 72 घंटे के अंदर किसानों को उनकी भूमि का संपूर्ण मुआवजा उनके खाते में अवश्य चला जाए, इतनी बड़ी योजना पहली बार इस क्षेत्र में लाई जा रही है, इससे यहां का कायाकल्प हो जाएगा उन्होंने इस क्षेत्र में भूमि अधिकरण हेतु अतिरिक्त लेखपालों को लगाने हेतु एडीएम को निर्देशित किया, साथ ही उन्होंने सभी लेखपालों को सख्त शब्दों में निर्देश दिए कि इस क्षेत्र में कैंप लगाकर किसानों से भूमि का बैनामा कराये, अगर इसमें कोई लेखपाल लापरवाही करता हुआ पाया गया, तो उसे तत्काल निलंबित किया जाए, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि दीपावली के पहले किसानों से संपूर्ण भूमि अधिग्रहित का कार्य अवश्य हो जाए, उन्होंने उपस्थित किसानों से कहा कि अगर रजिस्ट्री कराते समय कोई पैसा इत्यादि की मांग करता है तो, उसकी सूचना तुरंत दें, साथ ही उन्होंने संबंधित रजिस्ट्रार को निर्देशित किया कि किसी अन्य कार्य हेतु यहां पर भूमि की रजिस्ट्री कदापि न हो, साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि यहां पर बाउंड्री वॉल इत्यादि का कार्य करा लिया जाए, डीएम के वार्ता करने के पश्चात सभी किसान संतुष्ट और खुश नजर आए और उन्होंने एक स्वर से इस महत्वपूर्ण योजना में अपना सहयोग देने की बात कही, इस अवसर पर गांव के पूर्व प्रधान और वर्तमान प्रधान भी मौजूद रहे।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्तगण को एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। मंगलवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्त श्यामू पुत्र सर्वेश, सोनवीर सिंह पुत्र मुलायम सिंह को मुखबिर की सूचना पर नगला बल्लू से बांसदानी आने वाले कच्चे रास्ते पर टीकरी तिराहे थाना क्षेत्र नगला सिंघी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों से एक तमंचा देशी एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुए, थाना पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## जिपं अध्यक्ष ने किया मैरिज होम का शुभारंभ



**मथुरा।** गोवर्धन विकासखंड की ग्राम पंचायत मल्हू में ढोल नगाड़ों के बीच मैरिज होम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिपं अध्यक्ष किशन च'रधरी ने फीता काटकर मैरिज होम का शुभारंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा यहां मैरिज होम के बनने से मल्हू गांव सहित आसपास के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्र के रहिवासियों को विभिन्न समारोह आयोजित करने में सहूलियत होगी। कई वर्षों से विवाह समारोह के आयोजनों के दौरान ग्रामीणों को गोवर्धन सहित शहर भागना पड़ता था, अब उन्हें यह सुविधा अपने ही गांव में मिलेगी। मैरिज होम के संचालक का कहना है कि विवाह समारोह के साथ-साथ यहां बैठक, बर्थ-डे पार्टी सहित अन्य आयोजन के अनुरूप व्यवस्था की गई है। आगंतुकों के ठहरने तथा रहने की उत्तम व्यवस्था भी है। बहुत दिनों से उनकी सोच थी कि सामाजिक दायित्व को देखते हुए यहां इस प्रकार का एक भवन निर्माण कराया जाए जो अब जाकर पूरा हो सका है। जिसका श्रेय मैं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी को देता हूं। जिन्होंने ग्रामीण अंचलों में शहर जैसी हर सुविधा मुहैय्या कराने का बेड़ा उठा रखा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सौंख ग्राम पंचायत सौंख पूर्व चेयरमैन भरत सिंह, बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर के चेयरमैन सुरेश सिंह, ग्राम पंचायत मल्हू के ग्राम प्रधान सहित वेद प्रधान सींगापट्टी, नीरज एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## 23 साल बाद पुलिस के शिकंजे में आया अपराधी बबलू टाइगर, निर्भय गुर्जर गैंग का था सदस्य

**आगरा।** आखिरकार 23 साल की लम्बी तलाश के बाद आगरा पुलिस ने उस कुख्यात अपराधी बबलू टाइगर उर्फ जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया, जो कभी अपहरण, लूट और डकैती जैसी सनसनीखेज वारदातों में शामिल रहा है। अपराध की दुनिया में उसका नाम दस्यु सरगना निर्भय गुर्जर गैंग से जुड़ाव के कारण कुख्यात रहा। सूत्रों के मुताबिक, बबलू टाइगर इस बार एक दूध व्यापारी के अपहरण की योजना बनाने आया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली और डौकी थाना क्षेत्र में की गई चेकिंग के दौरान उसे धर दबोचा गया। डीसीपी पूर्वी सैय्यद अली अब्बास ने इसकी पुष्टि की। डीसीपी ने बताया कि वर्ष 2002 में बबलू ने अपने साथियों के साथ मिलकर राठेरी गांव निवासी हरिओम उर्फ कल्ला का अपहरण किया था। तभी से पुलिस उसे तलाश रही थी। निर्भय गुर्जर के पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने के बाद बबलू टाइगर अंडरग्राउंड हो गया और वर्षों तक पुलिस को चकमा देता रहा। वह लंबे समय तक बांदा जिले में रहकर अपनी पहचान छिपाए हुए था। शुरूआत में पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर मात्र 500 रुपये का इनाम घोषित किया था। लेकिन जैसे-जैसे उसके अपराध बढ़ते गए और पुलिस की कोशिशें नाकाम होती गईं, इनामी राशि भी बढ़ती गई। पहले 25 हजार और अंततः यह राशि 50 हजार तक पहुंच गई। बबलू टाइगर सिर्फ एक अपराधी नहीं था बल्कि निर्भय गुर्जर गैंग का सक्रिय सदस्य रहा। यह गैंग पश्चिमी उप्र में अपहरण और रंगदारी की वारदातों के लिए बदनाम था। गैंग के कई कुख्यात सदस्य पुलिस मुठभेड़ों में मारे गए, लेकिन बबलू 23 वर्षों तक गिरफ्त से बाहर रहा। बबलू की गिरफ्तारी आगरा पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उसकी गिरफ्तारी से कई पुराने मामलों की कड़ियाँ खुल सकती हैं अपराध जगत को बड़ा संदेश जाएगा कि कानून से बच पाना नामुमकिन है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न




**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न। यातायात नियमों का अनुपालन कराने तथा आम-जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति अधिकाधिक जागरूक करने हेतु जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीएम ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए निर्देशित किया कि सभी विद्यालय प्रबंधक अपने वाहन चालकों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण व पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराएं। स्कूली वाहनों की फिटनेस की नियमित जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए। डीएम ने संबंधित विभागीय अफसरों को निर्देशित किया कि वे विद्यालयों द्वारा संचालित वाहनों की समय-समय पर जांच करें और यदि कोई वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन में अवशेष कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और परिवहन विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर दुर्घटनाओं को कम किये जाने हेतु आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए। डीएम ने सघन अभियान चलाते हुए यातायात नियमों का पालन न करने वालों का चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित एनएचआई के अधिकारियों / कर्मचारियों को लोक निमार्ण विभाग द्वारा चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों / ब्लैकस्पॉट्स स्थलों के आधार पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों /ब्लैकस्पॉट्स स्थलों पर दुर्घटनाओं को कम किये जाने हेतु तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। डीएम ने अनाधिकृत, ओवरलोडिंग, अनफिट एवं अवैध वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के सख़्त निर्देश दिए। डीएम ने सभी से अनुरोध किया की तेज वाहन न चलाए, सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, शराब पीकर गाड़ी न चलाए, 2 पहिया चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं तथा गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात न करें। सड़क दुर्घटना के दौरान आपातकालीन सेवा के लिए एनएचएआई के हेल्प लाइन नंबर 1033 तथा एम्बूलेंस हेतु 108 पर सूचना / सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत, जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## तेल माफिया मनोज गोयल पर हत्या का आरोप

**आगरा।** तेल माफिया मनोज गोयल पर एक परिवार ने आरोप लगाए हैं। परिवार का कहना है कि उनके बेटे का 15 साल पहले किडनैप हुआ था, जिसमें मनोज गोयल शामिल है। पीड़ित परिवार ने मनोज गोयल के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बरहन के रहने वाले बृजेश चौधरी आज डीसीपी अतुल शर्मा से शिकायत करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि 2008 में उनका कोल्ड स्टोरेज था। घाटा होने पर उन्होंने मनोज गोयल और गोविंद शर्मा को अपने कारोबार में शामिल किया। जिसमें दोनों ने एक करोड़ 35 लाख का घपला किया। इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की गई। जिस पर मनोज गोयल ने धमकी दी। बृजेश चौधरी का कहना है कि मनोज गोयल ने उनके बेटे का किडनैप कर हत्या कर दी। किडनैप गए बेटे को बचाने के लिए 12 लाख रुपये की फिरौती भी दी। बेटे के लिए 25 बीघा जमीन को गिरवी रखा था। जिसे अब मनोज गोयल हड़पना चाहता है। बेटे की भी हत्या कर दी और जमीन भी लेना चाहता है। बृजेश चौधरी ने मांग की है कि उनकी जमीन वापस दिलाई जाए। कोल्ड स्टोरेज का मामला भी पुलिस अपने संज्ञान में ले। बृजेश चौधरी की पत्नी विनीता देवी ने बताया कि 15 साल पहले उनके बेटे को किडनैप कर लिया गया था। मनोज गोयल इसमें शामिल है। उसके खिलाफ कार्यवाही हो।

संक्षेप

## सिडबी ने रुपये 4,811 करोड़ का मुनाफा दर्ज

नोएडा। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने 29 सितंबर, 2025 को अपने प्रधान कार्यालय में अपनी 27वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) आयोजित की। उक्त वार्षिक सामान्य बैठक में 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष हेतु सिडबी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित किया गया। वर्ष के दौरान, बैंक की वृद्धि जारी रही और उसके तुलनपत्र का आकार 5.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। बैंक का आस्ति आधार 31मार्च 2024 के रुपये 5,22,521 करोड़ से 8.7% बढ़कर मार्च 31, 2025 को रुपये 5,68,238 करोड़ हो गया। ऋण और अग्रिम पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2025 के अंत में रुपये 4,96,282 करोड़ हो गया और इस प्रकार यह 8.8% की वृद्धि दर्शाता है।

## हीरो मोटोकॉर्प ने की मांग में बढ़ोतरी दर्ज

नयी दिल्ली। इस साल नवरात्रि शुरू होने के साथ ही भारतीय ऑटो बाजार में त्योहारी सीजन में दोपहिया की मांग में जबर्दस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह त्योहार बेहद खास है क्योंकि दोपहिया वाहनों पर जीएसटी कटौती हुई है, जिससे पहली बार गाड़ी खरीदने वालों पर खर्च का बोझ कम हुआ है, खासकर 100 सीसी और 125 सीसी जैसे किफायती सेगमेंट में जहां कीमत का बहुत ध्यान रखा जाता है। शुरूआती संकेत बताते हैं कि दोपहिया वाहनों के प्रति लोगों का उत्साह बहुत बढ़ गया है। हीरो मोटोकॉर्प को पूरे देश में ग्राहकों की जबरदस्त रुचि और बिक्री में उछाल दिख रहा है। कंपनी ने देश भर में अपने डीलरशिप पर गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। हीरो मोटोकॉर्प उत्पादों के लिए ग्राहकों की पूछताछ पिछले एक साल में तेजी से बढ़ी है, जो जीएसटी के बाद की कीमतों के लाभों में बढ़ी रुचि से प्रेरित है।

## केंट डिजिटल एयर फ्रायर ओवन 12एल लॉन्च

नई दिल्ली। स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने के प्रयास में केंट आरओ सिस्टम ने नेक्स्ट-जेन केंट डिजिटल एयर फ्रायर ओवन 12एल लॉन्च किया है। यह इनोवेटिव किचन एप्लायंस खाना बनाना आसान और स्वादिष्ट बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि भोजन एक हेल्दी तरीके से तैयार हो। इसकी एडवांस्ड रैपिड एयर टेक्नोलॉजी के साथ, केंट डिजिटल एयर फ्रायर ओवन 12एल यूजर्स को 80% तक कम तेल में फ्राई, बेक, ग्रिल और रोस्ट करने की सुविधा देता है, जिससे यह हेल्थ कॉन्शियस लोगों और खाने के शौकीनों के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाता है। केंट डिजिटल एयर फ्रायर ओवन 12एल में कई ऐसे फीचर्स हैं जो खाना बनाना बेहद आसान बना देते हैं। इसकी 12 लीटर की बड़ी क्षमता यूजर्स को एक बार में बड़ी मात्रा में खाना पकाने की सुविधा देती है, जबकि इसके इंट्यूटिव डिजिटल कंट्रोल्स और 10 प्रीसेट मेनू खाना पकाने को सरल और सुविधाजनक बनाते हैं।

## वायासैट: स्पेस फॉर गुड 2025 के विजेता बने मयंक

नई दिल्ली। वायासैट इंक ने बिट्स पिलानी के मयंक गोलेछा को वायासैट: स्पेस फॉर गुड 2025 पहल के अपने भारतीय संस्करण का विजेता घोषित किया है। यह पहल विद्यार्थियों के लिए स्टेम नवप्रवर्तन की एक ऐतिहासिक चुनौती है। निरमा युनिवर्सिटी की भूमि रैयानी और आईआईटी कानपुर के अरुणतेजा जारुपुला इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनौती में उप विजेता रहे। ब्रिटेन और अमेरिका में भारी सफलता के बाद विश्वविद्यालयों से युवाओं को दुनिया की वास्तविक समस्याओं को हल करने और अंतरिक्ष एवं दूरसंचार नेतृत्वकताओं की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए वायासैट: स्पेस फॉर गुड भारत आया है।

## यूएस क्रैनबेरीज के नये ब्रांड अंबेसडर बने शेफ विकास खन्ना

नयी दिल्ली। क्रैनबेरी इंस्टीट्यूट के भारत कार्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित मिशेलिन-स्टार शेफ, लेखक और समाजसेवी विकास खन्ना को 2025-26 सीजन के लिए अमेरिकी क्रैनबेरीज का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत, शेफ विकास खन्ना अब वैश्विक स्तर पर क्रैनबेरी इंस्टीट्यूट का प्रतिनिधित्व करेंगे और इस सुपरफ्रूट के स्वास्थ्य लाभ और विभिन्न व्यंजनों में उपयोगिता को उजागर करेंगे। शेफ विकास खन्ना की पौष्टिक सामग्री के प्रति प्रतिबद्धता और प्रेरणादायक पाक अनुभवों को बनाने की उनकी लगन उन्हें क्रैनबेरीज के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक आदर्श चेहरा बनाती है।

# सेंसेक्स में 97 अंकों की गिरावट



मुंबई। विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और नीतिगत ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें दिन भी गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 97 अंक और निफ्टी में 24 अंक की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाकर 97.32 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,267.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 80,677.82 के ऊपरी और 80,201.15 के निचले स्तर को भी छुआ। यह लगातार आठवां कारोबारी सत्र रहा जिसमें सेंसेक्स नुकसान के साथ बंद हुआ। इन आठ दिनों में सेंसेक्स कुल 2,746.34 अंक यानी 3.30 प्रतिशत टूट चुका है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 23.80 अंक यानी 0.10 प्रतिशत गिरकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच मौद्रिक समीक्षा के फैसले से पहले घरेलू बाजार में सतर्क धारणा हावी रही। इसके अलावा वायदा अनुबंधों की मासिक समाप्ति का दिन भी होने से कारोबार सीमित रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक इस समय चल रही है। इस बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी बुधवार को दी जाएगी। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। नीतिगत दर पर फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने, वायदा सौदों की मासिक समाप्ति के दिन घरेलू बाजार सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। हालांकि पिछले सप्ताह की लगातार गिरावट के बाद बाजार ने स्थिर होने की कोशिश की। बाजार प्रतिभागियों की नजर रेपो दर पर घोषणा के अलावा आरबीआई की टिप्पणियों का भी बेसब्री से इंतजार है। हालांकि बाजार काफी हद तक रेपो दर के यथावत रहने का अनुमान कर रहा है। व्यापक बाजार में बाजार नियामक सेबी की तरफ से मान इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड और उसके तीन वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने के बाद कंपनी के शेयरों में 10.6 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप सूचकांक लगभग स्थिर रहा।

# 1.20 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया सोना चांदी 150500 रुपये प्रति किलो के नये शिखर पर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोना 500 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1.20 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोना का भाव सोमवार को ।,500 रुपये की तेजी के साथ ।,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 500 रुपये की तेजी के साथ ।,19,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में इसकी कीमत ।,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इसके अलावा मंगलवार को चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर ।,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। सोमवार को यह 7,000 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड ।,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। वैश्विक स्तर पर, निवेशकों द्वारा ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली के कारण सोने व चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर से नीचे आईं। सोने का हाजिर भाव 0.55 प्रतिशत फिसलकर 3,813.14 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। दिन के कारोबार में यह 3,871.72 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। विदेशी बाजारों में चांदी का हाजिर भाव 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 46.22 डॉलर प्रति औंस रहा। पीली धातु 3,871 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वर्तमान में यह कुछ नुकसान के साथ 3,818 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

## 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

नयी दिल्ली। एडीबी ने मंगलवार को कहा कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है क्योंकि भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क का प्रभाव विशेष रूप से दूसरी छमाही की संभावनाओं को कम करेगा।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जारी एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में सातप्रतिशत की उच्च वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया था। इसे भारत से आने वाले माल पर अमेरिका के 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की चिंता के कारण जुलाई की रिपोर्ट में घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। एडीओ सितंबर 2025 ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में बेहतर खपत और सरकारी व्यय के कारण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है, लेकिन भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क से वृद्धि में कमी आएगी..खासकर वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही और वित्त वर्ष 2026-27 में.., हालांकि लचीली घरेलू मांग और सेवा निर्यात प्रभाव को कम कर देंगे। रिपोर्ट के अनुसार, शुल्क लागू होने के कारण निर्यात में कमी का असर वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 दोनों में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर पड़ेगा।

## रुपया चार पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर पर



मुंबई। वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की सतत निकासी के दबाव में रुपया मंगलवार को चार पैसे टूटकर 88.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने हालांकि कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और डॉलर के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा में भारी गिरावट टल गई। उन्होंने साथ ही बताया कि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति के फैसले से पहले सतर्क हैं जिसकी घोषणा बुधवार को की जाएगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 88.73 पर खुला। कारोबार के दौरान 88.69 से 88.80 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में 88.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को एक सीमित दायरे में स्थिर रहा और तीन पैसे की गिरावट के साथ 88.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के डॉलर खरीदने के लगातार दबाव के कारण रुपया कमजोर हुआ है...। अगस्त से अमेरिकी शुल्क लागू होने के बाद से व्यापार में आई गिरावट के कारण एफपीआई की बिकवाली के कारण रुपया कमजोर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि बुधवार को इसके 88.50 से 89.00 प्रति डॉलर के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.79 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 97.32 अंक फिसलकर 80,267.62 अंक पर जबकि निफ्टी 23.80 अंक की गिरावट के साथ 24,611.10 अंक पर बंद हुआ।

## आरबीआई ने जारी किया बैंकों में नकदी प्रबंधन का संशोधित ढांचा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को कहा कि मौद्रिक नीति के परिचालन लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए एकदिवसीय भारित औसत कॉल दर (डब्ल्यूएसीआर) का इस्तेमाल आगे भी जारी रखा जाएगा। यह फैसला केंद्रीय बैंक की संशोधित नकदी प्रबंधन ढांचे के तहत लिया गया है।

डब्ल्यूएसीआर वह औसत ब्याज दर है, जिस पर बैंक अंतर बैंक कॉल मनी मार्केट में एक-दूसरे से बहुत कम समय के लिए, विशेष रूप से एक दिन के लिए राशि को उधार लेते या देते हैं। कई बार बैंक मुख्यतः दैनिक नकदी का प्रबंधन करने और नियामक मानदंडों को पूरा करने के लिए बहुत कम समय के लिए राशि उधार लेते हैं। आरबीआई के संशोधित नकदी प्रबंधन ढांचे के अनुसार, एक दिन के लिए भारित औसत कॉल दर मौद्रिक नीति का परिचालन लक्ष्य बना रहेगा। बैंक अपनी रोजमर्रा की नकदी जरूरतों को पूरा करने और नियामकीय मानकों पर खरे उतरने के लिए कई बार बहुत छोटी अवधि के लिए पैसे उधार लेते हैं। उसके लिए इस ब्याज दर का इस्तेमाल होता है। संशोधित नकदी प्रबंधन ढांचे के तहत आरबीआई एक दिन वाले दूसरे नकदी बाजार खंडों पर भी नजर रखेगा, ताकि बाजार दरों में व्यवस्थित विकास और नकदी का सहज प्रसार सुनिश्चित हो सके।

# केंद्र का राजकोषीय घाटा अगस्त तक पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 38 प्रतिशत पर




नयी दिल्ली। केंद्र का राजकोषीय घाटा अगस्त के अंत तक पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लक्ष्य का 38.1 प्रतिशत रहा। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में राजकोषीय घाटा 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 27 प्रतिशत था।

निरपेक्ष रूप से, राजकोषीय घाटा यानी सरकार के व्यय एवं राजस्व के बीच का अंतर 2025-26 की अप्रैल-अगस्त अवधि में 5,98,153 करोड़ रुपये रहा। केंद्र का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये होगा। सीजीए के आंकड़ों से पता चला है कि सरकार को अगस्त 2025 तक 12.82 लाख करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में अनुमानित कुल प्राप्तियों का 36.7 प्रतिशत) प्राप्त हुए। केंद्र सरकार द्वारा अगस्त तक केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में राज्य सरकारों को 5.3 लाख करोड़ रुपये अंतरित किए गए हैं जो पिछले वर्ष की तुलना में 74,431 करोड़ रुपये अधिक है। केंद्र का कुल व्यय 18.8 लाख करोड़ रुपये (2025-26 के बजट अनुमान का 37.1 प्रतिशत) था। इसमें से 14.49 लाख करोड़ रुपये राजस्व खाते में और 4.31 लाख करोड़ रुपये पूंजी खाते में व्यय हुए। कुल राजस्व व्यय में से 5,28,668 करोड़ रुपये ब्याज भुगतान मद में और ।,50,377 करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी मद में खर्च हुए। सीजीए ने कहा कि किसी वित्त वर्ष के दौरान मासिक खातों में दिखाया गया राजकोषीय घाटे का आंकड़ा आवश्यक रूप से उस वर्ष के राजकोषीय घाटे का संकेतक नहीं है, क्योंकि यह उस महीने तक गैर-ऋण प्राप्तियों एवं व्यय के प्रवाह के बीच अस्थायी अंतर से प्रभावित होता है।

# पीपीएफ समेत लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव नहीं




नयी दिल्ली। सरकार ने एक अक्टूबर से शुरू होने वाली तीसरी तिमाही के लिए पीपीएफ और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। यह लगातार सातवीं तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों को यथावत रखा गया है।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक अधिसूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (एक अक्टूबर, 2025 से 31 दिसंबर, 2025) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई, 2025 से 30 सितंबर, 2025) के लिए अधिसूचित दरों पर बनी रहेंगी। अधिसूचना के अनुसार, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज चालू तिमाही में मौजूदा 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रहेगा। नौकरीपेशा में लोकप्रिय लोक भविष्य निधि (पीपीएफ) और डाकघर बचत जमा योजनाओं की ब्याज दरें भी क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार हैं। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर अक्टूबर-दिसंबर 2025 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत पर बनी रहेगी। जुलाई-सितंबर तिमाही की तरह, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान भी मासिक आय योजना में निवेश पर 7.4 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इसके साथ ही, मुख्य रूप से डाकघरों और बैंकों द्वारा संचालित लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को लगातार सातवीं तिमाही में अपरिवर्तित रखा गया है। सरकार ने पिछली बार 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं के ब्याज में बदलाव किए थे। सरकार हर तिमाही लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों की अधिसूचना जारी करती है।

## पेज एक का शेष

### चेन्नई में

लोग घायल हुए हैं और राहत-बचाव कार्य जारी है। पीएम ने इसे दुखद और पीड़ादायक क्षण बताया। पुलिस आयुक्तालय ने बताया कि हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि निर्माण कार्य के दौरान अचानक ढांचा गिर गया, जिससे मौके पर काम कर रहे श्रमिक इसकी चपेट में आ गए> घटनास्थल पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। पावर प्लांट की साइट पर निर्माण का काम चल रहा था। मजदूर एक मचान पर चढ़कर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक मचान नीचे गिर पड़ी। इससे करीब 30 फीट से मजदूर नीचे गिरे और तेज आवाज हुई। ऐसे में मजदूरों ने आनन-फानन में खुद राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया और पावर प्लांट के अधिकारियों को इस हादसे की जानकारी दी। हादसे की जानकारी मिलते ही तमिलनाडु बिजली बोर्ड के सचिव डॉ. जे. राधाकृष्णन और तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉपोरेशन (टैंगेडको) के चेयरमैन स्टैनली सरकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और बेहतर इलाज का भरोसा दिलाया। राज्य सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम हादसे के कारणों की पड़ताल कर रही है। श्रमिकों की सुरक्षा और निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ये थर्मल पावर प्लांट चेन्नई में स्थित एक कोयला आधारित बिजली संयंत्र है। इसे 1970 में स्थापित किया गया था। इसकी क्षमता 450 मेगावाट है। यह राज्य का एक महत्वपूर्ण बिजली प्रदाता रहा है। वर्तमान में एन्नोर एसईजेड सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट जैसी विस्तार परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं, जिनका लक्ष्य सितंबर 2026 तक शुरू होना है।

### लेह में कर्फ्यू

ने कहा कि छूट को आगे बढ़ाने का निर्णय उभरती स्थिति के आधार पर लिया जाएगा। लेह में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गुलाम मोहम्मद ने छूट अवधि के दौरान सभी किराने का सामान, आवश्यक सेवाएं, हार्डवेयर और सब्जी की दुकानें खोलने का आदेश दिया। इससे पहले शनिवार को पहली बार अलग-अलग इलाकों में दोपहर एक बजे और साढ़े तीन बजे से दो-दो घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि लेह शहर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अब भी निलंबित हैं और कारगिल समेत केंद्र शासित प्रदेश के अन्य प्रमुख हिस्सों में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध अभी भी लागू है। उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता लगभग रोजाना उच्च-स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता कर रहे हैं। सोमवार को उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और इसे विकास की आधारशिला बताया।

गुप्ता ने कहा था, मैं समाज के सभी वर्गों से एकता और सद्भाव बनाए रखने और असामाजिक व राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड्यंत्रों का शिकार न होने का आग्रह करता हूं। प्रशासन जनता के साथ मजबूती से खड़ा है और उनकी सुरक्षा, सम्मान और प्रगति सुनिश्चित करेगा। उन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उल्लेखनीय संयम और प्रतिबद्धता दिखाने के लिए जनता की सराहना की और उनके हर जायज़ मुद्दे का बातचीत और लोकतांत्रिक तरीकों से समाधान करने का वादा किया। उपराज्यपाल ने प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करने के लिए खुफिया जानकारी जुटाने, नियमित सामुदायिक सहभागिता और सार्वजनिक शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए स्पष्ट निर्देश भी जारी किए। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) के एक घटक द्वारा आहूत बंद के दौरान हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद 24 सितंबर की शाम को लेह शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया था।

### बरेली में

जांच की तो गिरफ्तार हुए आरोपितों से पूछताछ की तो स्पष्ट हो गया कि हजियापुर में असलाह बांटे गए थे। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बरेली में बवाल की साजिश रचने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबियों और रिश्तेदारों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मंगलवार को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बानखाना मोहल्ले में बड़ी कार्रवाई की। यहां सपा पार्षद उमान रजा के दो अवैध चार्जिंग स्टेशन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। बताया गया कि चार्जिंग स्टेशन से अवैध तरीके से संचालित हो रहे थे। पार्षद उमान का तीसरा चार्जिंग स्टेशन विद्युत चोरी से संचालित होता पाया गया। इस पर भी कार्रवाई की गई है। मौलाना तौकीर रजा के रिश्तेदार मोहसिन रजा खान और उसके भाई को हिरासत में लिया गया है। मोहसिन रजा मननानी मियां का दामाद है। मोहसिन के घर पर कार्रवाई करने के लिए बीडीए और नगर निगम की टीम पहुंची थी। इस दौरान मोहसिन रजा की अफसरों से तीखी नोकझोंक हो गई। मोहसिन ने आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोप लगाया और कहा कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक है। वह 2005 में आईएमसी छोड़ चुके हैं। तौकीर रजा से कोई वास्ता भी नहीं है। बीडीए की टीम ने शाहजहांपुर रोड स्थित नरियावल में हमसफर बरातघर को सील कर दिया है। ये बरातघर शराफत का है, जो शहर के सूफीटोला का निवासी है और मौलाना तौकीर रजा का बेहद करीबी बताया जाता है। बीडीए की टीम मंगलवार को भारी पुलिस बल के साथ हमसफर बरातघर पहुंची और सीलिंग की कार्रवाई की। टीम ने नोटिस चस्पा किया है, जिसके मुताबिक अवैध तरीके से निर्माण करने पर यह कार्रवाई की गई है।

### उत्तराखंड में

पोस्ट और उस पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी को माना जा रहा है। पुलिस की समझाने के बावजूद भीड़ बेकाबू हुई तो हालात सामान्य करने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा।

### अस्तित्व के लिए

राष्ट्रीय सुरक्षा और अभियानगत प्रभावशीलता के लिए एक मूलभूत आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा, हालांकि हमारी प्रत्येक सेना में स्वतंत्र रूप से जवाबी कार्वाई की क्षमता रखती है, लेकिन भूमि, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष और साइबरस्पेस की आपस में जुड़ी प्रकृति सहयोगात्मक ताकत को जीत की सच्ची गारंटी बनाती है। सिंह ने हाल में कोलकाता में आयोजित संयुक्त कमांडर सम्मेलन को याद किया, जहां स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्तता और एकीकरण के महत्व पर जोर दिया था। उन्होंने रेखांकित किया, हमारी सरकार का उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता और एकीकरण को और बढ़ावा देना है। यह केवल नीतिगत मामला नहीं है, बल्कि तेजी से बदलते सुरक्षा परिवेश में अस्तित्व का प्रश्न भी है। सिंह ने बताया कि दशकों से प्रत्येक सेना ने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अपने विशिष्ट अनुभवों के आधार पर अभियानगत पद्धतियां, निरीक्षण ढांचे और ऑडिट प्रणालियां विकसित की हैं। उन्होंने बर्फ से ढकी चोटियों से लेकर रेगिस्तान, घने जंगलों, गहरे समुद्र और खुले आसमान तक विविध परिस्थितियों में सशस्त्र बलों के कार्य करने के लचीलेपन की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस तरह के कठिन परिश्रम से अर्जित ज्ञान अक्सर एक ही सेना तक सीमित रह जाता है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज की सुरक्षा परिस्थितियों में सेनाओं के बीच कामकाज को अलग-अलग खानों में बांटकर रखने की बजाय मुक्त आदान-प्रदान और सामूहिक रूप से सीखने की प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा, दुनिया तेज़ी से बदल रही है। ख़तरे कहीं ज़्यादा जटिल हो गए हैं और हमें यह स्वीकार करना होगा कि कोई भी सेना अलग-थलग होकर काम नहीं कर सकती। किसी भी संघर्ष में सफलता के लिए अब अंतर-संचालन और संयुक्तता ज़रूरी है।

### बीसीसीआई ने

कमरे में ले गए हैं और बोर्ड इसकी शिकायत आईसीसी से करेगा। एसीसी के सूत्रों के हवाले से बताया कि बीसीसीआई चाहता है कि ट्रॉफी को सौंपी जाए, लेकिन एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी फिलहाल इसके लिए सहमत नहीं है। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और भारत विरोधी बयानों के लिए जाने जाते हैं। भारत ने नकवी के हाथों से ट्रॉफी नहीं लेने की घोषणा काफी पहले ही कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद नकवी ट्रॉफी वितरण समारोह के दौरान स्टेज से नहीं हटे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भी खिलाड़ियों के इस कदम का समर्थन किया था और कहा था कि भारतीय टीम का यह कदम पूरी तरह सही था और बोर्ड इस मामले को लेकर नवंबर में होने वाली आईसीसी की बैठक में बहुत मजबूत विरोध दर्ज कराएगा। एसीसी की एजीएम में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष शेल्लार ने बोर्ड का प्रतिनिधित्व किया। एशिया कप की ट्रॉफी अभी भी एसीसी दफ्तर में रखी है और यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है कि इसे विजेता टीम को कब दी जाएगी। एसीसी के सूत्र ने कहा, भारत ने एसीसी की बैठक के दौरान विजेता ट्रॉफी नहीं सौंपे जाने और पुरस्कार समारोह के बाद एसीसी अध्यक्ष नकवी द्वारा जो ड्रामा किया गया, उसे लेकर कड़ा विरोध जताया है। इस दौरान राजीव ने कहा कि ट्रॉफी विजेता टीम को सौंपी जानी चाहिए। यह एसीसी की ट्रॉफी है और इसका किसी एक व्यक्ति से लेना-देना नहीं है।

## स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इस मौके पर विशेष रूप से डिजाइन किया गया एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे, जिसमें राष्ट्र के प्रति संगठन के योगदान को दर्शाया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मोदी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और मौजूद लोगों को संबोधित करेंगे। इसके मुताबिक वर्ष 1925 में नागपुर में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना एक स्वयंसेवक-आधारित संगठन के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था। बयान में कहा गया, आरएसएस राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए एक अद्वितीय जन-पोषित आंदोलन है। इसके उदय को सदियों के विदेशी शासन की प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया है, और इसके निरंतर विकास का श्रेय धर्म में निहित भारत के राष्ट्रीय गौरव से जुड़े इसके दृष्टिकोण की भावनात्मक प्रतिध्वनि को दिया जाता है। मोदी स्वयं एक आरएसएस प्रचारक थे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने से पहले उन्होंने एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com




# पाक खिलाड़ियों की छींटाकशी का सबसे सही जवाब एशिया कप जीतना ही था : तिलक



हैदराबाद। एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के सूत्रधार रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी और आक्रामकता का सर्वश्रेष्ठ जवाब खिताब जीतना ही था और उन्होंने शुरूआत में बने दबाव से सहज पार पा लिया था।

तिलक के नाबाद 69 रन की मदद से भारत ने दुबई में रविवार को खेले गए फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की। तिलक ने दुबई से कल रात यहां पहुंचने के बाद कहा, शुरूआत में कुछ दबाव और तनाव था लेकिन मैने सबसे ऊपर अपने देश को रखा और मैं देश के लिये जीतना चाहता था। मुझे पता था कि दबाव के आगे घुटने टेक दूंगा तो अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करूंगा।

उन्होंने कहा मैने बेसिक्स पर भरोसा रखा जो मैने शुरूआती दिनों में अपने कोचों से सीखे थे और उसका अनुसरण किया। उन्हें सबसे सही जवाब यही था कि हम एशिया कप जीत जायें और हमने वही किया। तिलक ने स्वीकार किया कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मैच में जमकर छींटाकशी की लेकिन उन्होंने खामोश रहना पसंद किया। उन्होंने कहा हमने तीन विकेट जल्दी गंवा दिये थे और माहौल काफी गर्म हो गया था। मैं जल्दी बल्लेबाजी करने आ गया लेकिन मैने किसी को कुछ नहीं कहा और ना ही कोई खराब शॉट खेलकर टीम और देश को निराश किया।

उन्होंने कहा कि एक बार भारत जीत गया तो उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को जवाब दिया। उन्होंने कहा मैने के दौरान मेरा फोकस बेसिक्स पर था और मैं उन्हें जवाब नहीं देना चाहता था। मुझे जो कुछ कहना था, वह मैने मैच के बाद कहा। मैच में बहुत कुछ चल रहा था जो मैं बता नहीं सकता।

भारत और पाकिस्तान के मैचों में यह होता है लेकिन हमारा फोकस मैच जीतने पर था। भारत को आखिरी ओवर में दस रन चाहिये थे और तिलक ने कहा कि वह तब तक दबाव से ऊपर उठ चुके थे। उन्होंने कहा मुझ पर आखिरी ओवर में दबाव नहीं था। मुझे पता था कि मैं मैच जिता दूंगा। मैं अपने देश के बारे में ही सोच रहा था और गेंद दर गेंद रणनीति बना रहा था। मुझे गर्व है कि मैं यह कर सका।

# वेस्टइंडीज को भारत के खिलाफ अहम मौकों को भुनाना होगा



अहमदाबाद। बायें हाथ के स्पिनर जोमेल वॉरिकन ने कहा कि वेस्टइंडीज को अपने पिछले टेस्ट में 27 रन पर ऑल आउट होने की शर्मिंदगी को पीछे छोड़कर भारत के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में चुनौती देने के लिए अहम क्षणें को भुनाना होगा।

जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने सबसे कम टेस्ट स्कोर पर ढेर होने वाली कैरेबियाई टीम के सामने बृहस्पतिवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में शानदार फॉर्म में चल रही भारत की कड़ी चुनौती होगी। वॉरिकन ने अभ्यास सत्र के बाद मीडिया से कहा, कोई भी टीम कभी नहीं चाहती कि वह 23 या 24 या जो भी स्कोर था, उस पर आउट हो जाए। हमें उस अनुभव से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। हमें खुद को फिर से तैयार करना होगा और उससे सीखना होगा।

उन्होंने कहा इससे सीखना और आगे बढ़ने की कोशिश करना और यह दिखाना बहुत महत्वपूर्ण है कि हम क्या करने में सक्षम हैं, क्योंकि हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की थी लेकिन अहम क्षणों को हम भुना नहीं पाए और उन्होंने हमसे बेहतर प्रदर्शन किया।

## संक्षेप

### भारत और ऑस्ट्रेलिया के अनौपचारिक मैच रद्द

कानपुर। भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच पहला अनौपचारिक एकदिवसीय मैच मंगलवार को लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। ग्रीन पार्क स्टेडियम में लगातार बारिश के कारण टॉस भी नहीं हो सका जिससे खिलाड़ी और प्रशंसक निराश हुए। पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ भारत के टेस्ट मैच के दौरान ग्रीन पार्क स्टेडियम की जलनिकासी व्यवस्था समीक्षा के घेरे में आ गई थी जब कुछ देर की बारिश के कारण पूरे दिन का खेल धुल गया था। तीन मैच की अनौपचारिक एकदिवसीय श्रृंखला का दूसरा मैच शुक्रवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा। इससे पहले दोनों टीमों के बीच दो मैच की अनौपचारिक टेस्ट श्रृंखला भारत ए ने 1-0 से जीती थी। मेजबान टीम ने दूसरा मैच जीता था।

### कार्ल लुईस दिल्ली हाफ मैराथन के अंतरराष्ट्रीय इवेंट दूत बने

नयी दिल्ली। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में शुमार कार्ल लुईस को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का इवेंट दूत बनाया गया है। आयोजकों ने मंगलवार को कहा कि नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी फर्राटा धावक और लंबी कूद के खिलाड़ी लुईस 12 अक्टूबर को दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखायेंगे। लुईस ने एक विज्ञप्ति में कहा दौड़ संभावना और प्रगति की सार्वभौमिक भाषा है। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन जैसे आयोजन साबित करते हैं कि खेलों का जादू रिकॉर्ड और पदक से इतर है। यह जिंदगियां बदल देता है और सपने देखने के लिये प्रेरित करता है। चार ओलंपिक खेलों में नौ स्वर्ण पदक जीत चुके लुईस ने 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 100 मीटर, 200 मीटर, ऊंची कूद और चार गुणा 100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीते थे।

### नेपाल ने वेस्टइंडीज को 90 रन से हराया

शारजाह। एक बड़े उलटफेर में नेपाल ने वेस्टइंडीज को रिकॉर्ड 90 रन से हराकर एक मैच बाकी रहते टी20 श्रृंखला जीत ली। नेपाल ने दो बार की चैम्पियन टीम को शनिवार को 19 रन से हराया जो आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देश के खिलाफ उसकी पहली जीत थी। दूसरे मैच में नेपाल ने छह विकेट पर 173 रन बनाये जिसमे आसिफ शेख और संदीप जोरा ने अर्धशतक जड़े। शेख ने 47 गेंद में 68 रन बनाये जबकि जोरा ने 39 गेंद में 63 रन बनाये। इसके बाद कैरेबियाई टीम को 17 . । ओवर में 83 रन पर आउट कर दिया। मध्यम तेज गेंदबाज मोहम्मद आदिल आलम ने 24 रन देकर चार विकेट लिये। वेस्टइंडीज की दूसरे दर्जे की टीम में 19 वर्ष के लेग स्पिनर जीशान मोटारा को उतारा गया जो श्रृंखला में पदार्पण करने वाले उसके पांचवें खिलाड़ी थे।

### न्यूजीलैंड पर जीत का आगाज करने उतरेगी आस्ट्रेलिया

इंदौर। सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में बुधवार को न्यूजीलैंड की अनुभवी टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरूआत करना चाहेगी। मौजूदा टी20 चैम्पियन न्यूजीलैंड से उसे कड़ी चुनौती मिलेगी लेकिन आस्ट्रेलिया को आंतरिक चुनौतियों से भी पार पाना होगा। आस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा और विकल्पों की कमी नहीं है और टीम की जरूरतों के हिसाब से संतुलन बनाना सबसे बड़ी परेशानी है। बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहेम अपनी अपनी चोटों से उबर चुकी हैं।

# भारत ने श्रीलंका को दिया 270 रन का लक्ष्य

## विमेंस वर्ल्डकप : दीप्ति शर्मा ने 53, अमनजोत कौर ने 57 रन बनाये, इनोका राणावीरा को 4 विकेट

एजेंसी



गुवाहाटी। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप का पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच खेला जा रहा है। गुवाहाटी में चल रहे मुकाबले में श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने 47 ओवर की पारी में 8 विकेट पर 269 रन बनाए। बारिश के कारण इस पारी में 3 ओवर कम किए गए। एक समय टीम इंडिया का स्कोर 124/6 हो गया था। यहां दीप्ति शर्मा (53) और अमनजोत कौर (57 रन) ने शतकीय साझेदारी करके टीम स्कोर 250 पार पहुंचा दिया। श्रीलंका की ओर से इनोका राणावीरा ने 4 विकेट झटके। चामरी अटापट्टू श्रीलंका की ओर से 59वें वनडे मैच में कप्तानी कर रही है। सबसे ज्यादा वनडे में कप्तानी के मामले में उन्होंने शशिकला श्रीवर्धने को पीछे छोड़ा। मैच से पहले बॉलीवुड सिंगर श्रेया घोषाल ने राष्ट्रगान गाया।

ओपनिंग सेरेमनी में बंगाली गायक पापोन ने अपनी शानदार आवाज के साथ फैंस का मनोरंजन किया। वहीं, जोई बरुआ ने जुबीन गर्ग के गाने गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। 19 सितंबर को सिंगापुर में एक हादसे में जुबीन गर्ग की मौत हो गई थी। 47वें ओवर की आखिरी बॉल पर भारतीय टीम ने 8वां विकेट गंवाया। यहां दीप्ति शर्मा 53 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें अचिनी कुलासूरिया ने सुगंदिका कुमारी के हाथों कैच कराया। सुगंदिका के इस ओवर से 18 रन आए। 46वें ओवर की तीसरी बॉल पर दीप्ति शर्मा ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने उदेशिका प्रबोधनी की बॉल पर एक रन लिया और 16वीं फिफ्टी पूरी की। 44वें ओवर में भारतीय टीम ने 7वां विकेट गंवाया। यहां अमनजोत कौर 57 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें उदेशिका प्रबोधनी ने विश्मी गुणरत्ने के हाथों कैच कराया। प्रबोधनी ने शतकीय साझेदारी को तोड़ा। 42वें ओवर में अमनजोत कौर को तीसरा जीवनदान मिला। सुगंदिका कुमारी के ओवर की चौथी बॉल पर विश्मी गुणरत्ने से कैच छूट गया। 40वां ओवर पूरा होने के बाद मैदान पर बारिश आ गई। हालांकि, कुछ ही देर में पानी गिरना बंद हो गया और मैच दोबारा शुरू हो गया। 40वें ओवर में अमनजोत ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 45 बॉल पर अर्धशतक पूरा किया।

अमनजोत ने सुगंदिका कुमारी के ओवर की 5वीं बॉल पर दो रन निकाले और अर्धशतक पूरा किया। 39वें ओवर में भारतीय टीम ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।

अमनजोत सिंह ने उदेशिका प्रबोधनी के ओवर की 5वीं बॉल पर चौका लगाया और टीम को 200 पार पहुंचा दिया। टीम ने 124 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। 38वें ओवर में अमनजोत कौर को दूसरा जीवनदान मिला। यहां पर सुगंदिका कुमारी के ओवर की तीसरी बॉल पर निलाक्षी डी सिल्वा से कैच ड्रॉप हो गया। 33वें ओवर में अचिनी कुलासूरिया से उनका कैच ड्रॉप हुआ। 35वें ओवर में दीप्ति शर्मा और अमनजोत कौर ने 7वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। इस साझदोरी ने भारतीय पारी को बिखरने से बचा लिया। टीम ने 124 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। 33वें ओवर में भारतीय बैटर अमनजोत कौर को जीवनदान मिला। कविशा दिल्हारी के ओवर की तीसरी बॉल पर अचिनी कुलासूरिया से उनका कैच ड्रॉप हुआ। अमनजोत मिडिल और ऑफ स्टंप की बॉल पर स्वीप करना चाहती थीं, लेकिन गेंद ने बल्ले का टॉप ऐज लिया और डीप मिडविकेट पर गई, जहां कुलासूरिया से कैच ड्रॉप हुआ। 31वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। कविशा दिल्हारी की चौथी बॉल पर दीप्ति शर्मा ने एक रन लिया और टीम स्कोर 150 पार कराया। 27वें ओवर की आखिरी बॉल पर भारत ने छठा विकेट गंवाया। यहां रिचा घोष (2 रन) को कप्तान चामरी अटापट्टू ने पवेलियन भेजा। टीम इंडिया ने 4 रन (120 से 124 रन) बनाने में 4 विकेट गंवा दिए है।

26वें ओवर में भारतीय टीम ने तीन विकेट गंवाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर (21 रन), जेमिमा रॉड्रिग्स (शून्य) और हरलीन देवल (48 रन) को इनोका राणावीरा ने पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने ओपनर प्रतीका रावल (37 रन) भी आउट किया। 24वें ओवर में भारत ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इनोका राणावीरा के ओवर की दूसरी बॉल पर एक रन लेकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। 20वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवा दिया है। यहां पर ओपनर प्रतीका रावल 37 रन बनाकर आउट हुईं।

उन्हें इनोका राणावीरा ने विश्मी गुणरत्ने के हाथों कैच कराया। राणावीरा ने फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की। 17वें ओवर में ओपनर प्रतीका रावल और हरलीन देवल ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। प्रतीका ने कविशा दिल्हारी की 5वीं बॉल पर एक रन लेकर अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। 15वें ओवर में भारतीय टीम ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। प्रतीका ने कविशा दिल्हारी की पहली बॉल पर एक रन लेकर टीम का स्कोर 50 पार पहुंचा दिया। गुवाहाटी में बारिश लौट आई है। इससे पहले अंपायर्स ने शाम 4:35 बजे मैच शुरू होने की बात कही थी। लेकिन, बारिश लौट आई और मैदान को भी कवर कर दिया गया। भारतीय टीम ने 14 रन पर पहला विकेट गंवा दिया था। यहां ओपनर स्मृति मंधाना पवेलियन लौट गईं।

# अल्कारेज ने फ्रिट्ज को हराकर जीता जापान ओपन का खिताब



तोक्यो। शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्कारेज ने मंगलवार को जापान ओपन के फाइनल में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर इस साल अपना आठवां एकल खिताब जीता। अल्कारेज ने फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराकर करियर का 24वां एकल खिताब जीता। उन्हें पिछले हफ्ते लीवर कप टीम प्रतियोगिता में फ्रिट्ज के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा था। स्पेन के अल्कारेज ने मौजूदा सत्र में जीत-हार के अपने सत्र के रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए टूर का सर्वश्रेष्ठ 67-7 हासिल किया और उन्हें सत्र के अंत में नंबर एक रैंकिंग की ओर कदम बढ़ाए। तोक्यो में यह फाइनल अल्कारेज के लिए मार्च के बाद से लगातार नौवां फाइनल था। फाइनल में उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 7-2 है। वहीं दूसरी ओर शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने एलेक्स डि मिनौर को हराकर चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सिनेर ने 6 . 4, 3 . 6, 6 . 2 से जीत दर्ज करके हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में लगातार नौवे फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना दानिल मेदवेदेव या लर्नर टियेन से होगा। महिला वर्ग में अमेरिका की कोको गाफ ने बेलिंडा बेंचिच को 4 . 6, 7 . 6, 6 . 2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दूसरी वरीयता गाफ का बेंचिच के खिलाफ कैरियर रिकॉर्ड 4 . 2 का हो गया है। वहीं दूसरी ओर क्वालीफायर दिव्या भारद्वाज ने तीसरी वरीय पूजा इनगाले को हराकर मंगलवार को यहां फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में उलटफेर किया जबकि आकांक्षा निट्टूरे ने आसान जीत दर्ज करते हुए महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। दिव्या ने बारिश से प्रभावित दिन महाराष्ट्र की पूजा को 6-3 6-4 से हराया। दूसरी वरीय आकांक्षा ने हालांकि तेलंगाना की पावनी पाठक के खिलाफ पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए एकतरफा मैच में सीधे सेट में 6-0, 6-0 से जीत दर्ज की।

### बेंचिच को हराकर कोको गाफ चाइना ओपन क्वार्टर फाइनल में

बीजिंग। अमेरिका की कोको गाफ ने बेलिंडा बेंचिच को 4 . 6, 7 . 6, 6 . 2 से हराकर चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता गाफ का बेंचिच के खिलाफ कैरियर रिकॉर्ड 4 . 2 का हो गया है। पुरूष वर्ग में यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में एलेक्स डि मिनौर से होगा जबकि लर्नर टियेन की टक्कर दानिल मेदवेदेव से होगी।

# भारतीय महिला टीम ने कैनबरा चिल को 3-1 से हराया

एजेंसी



कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)। ईशिका के दो गोलों की मदद से भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के क्लब कैनबरा चिल को 3-1 से हरा कर इस दौरे की दूसरी जीत दर्ज की। ईशिका ने 13वें और 39वें मिनट में गोल किए, जबकि सोनम ने 27वें मिनट में गोल दागा। भारतीय टीम ने 11वें मिनट में गोल खाने के बावजूद मैच में दबदबा बनाए रखा। कैनबरा चिल के लिए, नाओमी इवांस ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। यह हालांकि घरेलू टीम के लिए एकमात्र सफलता थी, क्योंकि भारत ने दो मिनट बाद ही पलटवार किया जब ईशिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया। सोनम ने स्कोर 1-1 से बराबर होने के बाद मध्यांतर से पहले मैदानी गोल करके भारत को बढ़त दिला दी। ईशिका ने मैच के तीसरे क्वार्टर में अपना दूसरा गोल कर भारत को 3-1 से आगे कर दिया। भारत ने दौरे पर अब तक दो मैच जीते हैं और दो हारे हैं। टीम बृहस्पतिवार को कैनबरा चिल के खिलाफ अपना अंतिम दौरा मैच खेलेगी।

### खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किये

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने मंगलवार को इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिये आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी और 28 अक्टूबर को आवेदन करने की आखिरी तारीख है। खेलों में उत्कृष्टता के लिये राष्ट्रपति हर साल ये पुरस्कार देती हैं लेकिन राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह की तारीख अभी तक नहीं आई है। डोपिंग उल्लंघन के मामलों में सजा पा चुके खिलाड़ी तभी पुरस्कार के पात्र होंगे जब सजा की अवधि खत्म हो चुकी हो।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में योगेश को एक और रजत पदक

नयी दिल्ली। भारत के योगेश कथुनिया ने मंगलवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की एफ 56 चक्का फेंक स्पर्धा में एक और रजत पदक जीता जिससे वैश्विक स्तर पर अपने पहले स्वर्ण पदक की उनकी तलाश जारी रही। कथुनिया (28 वर्ष) ने दूसरे प्रयास में चक्के को 42.49 मीटर की दूरी तक फेंककर रजत पदक जीता। वह 2019 से सभी चार विश्व चैंपियनशिप में पदक जीत रहे हैं। कथुनिया ने पैरालंपिक खेलों (2021 और 2024) में दो रजत पदक के अलावा विश्व चैंपियनशिप में अपना लगातार तीसरा रजत पदक जीता। उन्होंने 2023 और 2024 में भी दो रजत पदक जीते थे। उन्होंने 2019 सत्र में कांस्य पदक भी जीता था। कथुनिया ने 2023 हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में भी रजत पदक जीता था।

# विश्व यूथ व जूनियर सैम्बो चैंपियनशिप के लिए सैयद रफत को इंडोनेशिया से विशेष आमंत्रण



लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी को विश्व यूथ व जूनियर सैम्बो चैंपियनशिप के लिए विशेष रुप से आमंत्रित किया गया है। इंडोनेशिया सैम्बो फेडरेशन द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार चैंपियनशिप का आयोजन 28 सितंबर से 6 अक्टूबर, 2025 तक जकार्ता (इंडोनेशिया) में किया जाएगा।

रूसी मार्शल आर्ट शैली की प्रतिष्ठित विश्व यूथ व जूनियर सैम्बो चैंपियनशिप के लिए आमंत्रण पाने वाले डा.सैयद रफत पहले भारतीय है। डा.सैयद रफत को इस उपलब्धि पर देश भर के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने बधाई संदेश प्रेषित किया है । वर्तमान में डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष, लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव, किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन है। वो कई अन्य खेल संघों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे है। इंडोनेशिया सैम्बो फेडरेशन के अध्यक्ष कृष्णा बायु ने कहा कि इस चैंपियनशिप की मेजबानी का उद्देश्य न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को एक मंच पर लाना है, बल्कि सैम्बो जैसे मार्शल आर्ट को विश्व स्तर पर और अधिक लोकप्रिय बनाना भी है।

### मिस्र के उमर एल टोर्की और मेना वालिद ने स्क्वॉश इंडियन टूर तीन का खिताब जीता

बेंगलुरु। मिस्र के उमर एल टोर्की और मेना वालिद ने मंगलवार को यहां एचसीएल स्काश इंडियन टूर 3 के खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की।

पीएसए चैलेंजर स्तर की इस प्रतियोगिता में टोर्की ने अपने हमवतन और तीसरी वरीयता प्राप्त सैफ शेनवी को 32 मिनट में 11-8, 11-8, 11-4 से हराया, जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त मेना ने मलेशिया की हरलीन टैन को 11-6, 11-5, 6-11, 11-8 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में भारतीयों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। सूरज कुमार चंद और अंजलि सेमवाल ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, जबकि ओम सेमवाल, सान्या वत्स, निरुपमा दुबे और शमीना रियाज क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे।

# भारत ने एयर राइफल मिश्रित टीम ने जीता स्वर्ण व रजत

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत की ईशा अनिल टकसाले और हिमांशु ने शानदार वापसी करते हुए हमवतन शंभवी एस. क्षीरसागर और नारायण प्रणव की जोड़ी को हराकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता जबकि विनय प्रताप सिंह चंद्रावत ने पुरुषों के ट्रैप फाइनल में कांस्य पदक जीतकर भारत को कुल 23 पदक (सात स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बरकरार रखा।

ईशा और हिमांशु ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के खिताबी मुकाबले में 1715 से शंभवी और नारायण को मात दी। एक समय पर 9-15 से पिछड़ने के बावजूद उन्होंने लगातार चार सीरीज जीतकर रोमांचक वापसी की और खिताब पर कब्जा जमाया। दोनों टीमों ने इस दौरान शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। शंभवी ने दो परफेक्ट 10.9 और ईशा ने एक 10.9 लगाया। मुकाबले में कुल 64 में से सिर्फ पांच शॉट 10 अंक से नीचे गए। इस स्पर्धा का कांस्य पदक व्यक्तिगत तटस्थ निशानेबाज (एआईएन) वरवारा कार्डाकोवा और कामिल नुरियाखमेतोव की जोड़ी को मिला, जिन्होंने एआईएन के निशानेबाजों की जोड़ी मारिया कुगलोवा और तिमोफेई अलेनिकव को 179 से हराया। क्रोएशिया के 20 वर्षीय टोनी गुडेल्ज ने पुरुषों के ट्रैप जूनियर फाइनल में 44 निशाने लगाकर अपने देश को पहला स्वर्ण दिलाया। स्पेन के इसाक हर्नान्देज 41 निशाने के साथ दूसरे स्थान पर रहे। हर्नान्देज क्वालिफिकेशन में 120 निशाने के साथ शीर्ष स्थान पर थे।

भारत के विनय प्रताप सिंह चंद्रावत ने 34 के स्कोर के साथ कांस्य जीता, जबकि साथी अर्जुन 29 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। स्पेन के डेनियल फर्नांडीज डी विसेंटे और अमेरिका के टोनी मेओल क्रमशः 24 और 18 निशाने के साथ फाइनल में पहुंचने वालों में शामिल थे। महिला ट्रैप जूनियर खिताब चेकिया की लिया कुसेरोवा ने 41 निशाने के साथ जीता, जिससे उनके देश को प्रतियोगिता का पहला पदक मिला। इटली की सोफिया गोरी ने 37 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि एआईएन की क्सेनिया समोफालोवा ने 30 निशाने के साथ कांस्य जीता। भारत की साबीरा हारिस सातवें स्थान पर रहीं। पिस्टल में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल प्रिसीजन स्टेज में भारत की तेजस्वनी ने 288 के स्कोर के साथ बढ़त बनाई।

इटली की अलेक्सांद्रा फैत (287) और एआईएन की विक्टोरिया खोलेडनाया (286) उनके पीछे रहीं। भारत की नाम्या कपूर (284) चौथे, अलेक्सांद्रा तीखोनोवा (283) पांचवें और रिया शिरीष ठट्टे (281) छठे स्थान पर रहीं। रैपिड फायर चरण कल खेला जाएगा, जिसके बाद शीर्ष छह खिलाड़ी फाइनल में पहुंचेंगे। पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल (गैर-ओलंपिक स्पर्धा) प्रिसीजन चरण में भारत के राघव वर्मा ने 290 के स्कोर के साथ बढ़त बनाई हुई है।

# सईद सीसीबीडब्ल्यू रैपिड ओपन शतरंज में विजेता



लखनऊ। वरिष्ठ खिलाड़ी सईद अहमद ने सीसीबीडब्ल्यू रैपिड ओपन शतरंज टूनामेंट में दमदार खेल दिखाते हुए विजेता ट्रॉफी जीत ली।

चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्लू-लखनऊ) द्वारा शहर के एक निजी होटल में आयोजित टूनामेंट में सईद अहमद ने सातवें व अंतिम राउंड के बाद सर्वाधिक सात अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। दूसरी ओर शकीलुद्दीन, कौशल यादव, कृष्णा अग्रवाल और अभिज्ञान कटियार 5-5 अंकों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे।

**जूनियर वर्ग में सक्षम श्रीवास्तव चैंपियन**

जूनियर वर्ग में 12 वर्षीय सक्षम श्रीवास्तव 6.5 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। उनसे आधे अंक से पिछड़े दर्श अग्रवाल को 6 अंकों के साथ उपविजेता रहकर संतोष करना पड़ा। वरिष्ठ नागरिक श्रेणी में केके खरे ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 4.5 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। मो. इरफान 4 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उनके बाद आरपी गुप्ता, यूबी सिंह, जमाल और अवधेश कुमार ने 3-3 अंकों के साथ संयुक्त तीसरा स्थान हासिल किया। दूसरी ओर निखर सक्सेना 4.5 अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ अनरेटेड खिलाड़ी चुने गए। बाल वर्ग में एसआर ग्लोबल स्कूल टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि, पुरस्कार विजेता खोजी खेल पत्रकार शरद दीप ने पुरस्कार वितरित करते हुए खिलाड़ियों से कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। अनुशासन, समर्पण और प्रतिबद्धता ही खेलों में सफलता की कुंजी है।

### उसैन बोल्ट ने खारी बावली में छतों पर दौड़ लगायी

नयी दिल्ली। दुनिया के सबसे तेज धावक उसैन बोल्ट ने मंगलवार को दिल्ली के खारी बावली की छतों पर जब दौड़ लगाई तो एशिया के सबसे बड़े मसालों की बाजार की पृष्ठभूमि में इतिहास और खेल का ऐसा मिलन हुआ जैसा भारत ने पहले कभी नहीं देखा था। यह पहला मौका था जब अपने मसालों और पतंगबाजी के लिए प्रसिद्ध खारी बावली की विरासत वाली छतें एक स्प्रिंट ट्रैक में बदल गई।

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड





प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

HOUSE OF HIMALAYAS

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरू की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

**बेहतर गुणवत्ता :** हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP
ONE DISTRICT TWO PRODUCTS
UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रूद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रुपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रुपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR